आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 12, अंक 52, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शनिवार, 10 जून, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर ने की शतकीय साझेदारी



अन्दर : भारत-नेपाल सभ्यतागत संबंधों को नई उर्जा

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# हर परिवार की बनेगी फैमिली आईडी

## पात्रों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : सीएम योगी

**लखनऊ।** यूपी सरकार प्रदेश में रहने वाले हर परिवार का फैमिली आईडी बनवाएगी। फिर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर यह देखा जाएगा कि पात्रता के अनुसार किस परिवार को किस-किस सरकारी योजना का लाभ मिल पा रहा है और किस योजना का नहीं। अगर परिवार पात्रता रखता है और उसे किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सका है तो उस परिवार को उक्त योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की शाम यहां लोकभवन में समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दी। विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना से तैयारी करके लोक सेवा आयोग पीपीएस, आईआईटी-जेईई और नीट में नवचयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं के साथ जुड़कर कार्य कर करना ही अभ्युदय की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि

**आयोजन**

**एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें प्रदेश सरकार देती है 12 हजार रुपये पेंशन**

**पीपीएस, आईआईटी-जेईई और नीट में नवचयनित अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान**



अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः। यानी कोई अयोग्य नहीं है केवल एक योग्य योजक का साथ चाहिए और प्रदेश के अभ्युदय कोचिंग संस्थान उस योजक के रूप में कार्य कर रहे हैं। अभ्युदय कोचिंग संस्थान में नवचयनित आईएएस. पीसीएस, पीपीएस, आईआईटी-जेईई और नीट में सफलता प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी से जुड़कर पढ़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कोविड कालखंड में बसंत पंचमी के दिन शुरू हुआ अभ्युदय कोचिंग संस्थान आज अच्छे परिणाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। हमारी सरकार ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों को भी इस कोचिंग से जोड़ा है। फिजिकली और वर्चुअल दोनों तरह की कक्षाएं इस कोचिंग संस्थान में चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी 75 जिलों में संचालित इन कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता को हमें और बेहतर करना है। सीएम योगी ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी इतनी आगे बढ़ चुकी है कि एक जगह बैठकर हम प्रदेश के सभी 75 जिलों से जुड़ सकते हैं और उसके माध्यम से विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन अपने छात्रों दिला सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1998 से लेकर 2020 तक समाज कल्याण विभाग कोचिंग चलाता था। उनके माध्यम से केवल 3-4 बच्चों का ही चयन हो पाता था। पहली बार सरकार द्वारा चलाई जा रही इस निःशुल्क कोचिंग सेवा से संघ लोक सेवा आयोग में 23 और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में 95 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं।

**दो लाख से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह**

हमारी सरकार ने आते ही इसके लिए बजट निर्धारित किया और 2015-16 और 2016-17 की छात्रवृत्ति छात्रों भेजी गई। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्र एवं छात्राओं को वर्ष में दो बार (26 जनवरी और दो अक्टबूर) छात्रवृत्ति दे रही है। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा गरीब कन्याओं के विवाह के लिए पहले से कार्यक्रम चल रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही हमने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को भी चलाया है। दो लाख से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह इसके माध्यम से हो चुका है। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें प्रदेश सरकार 12 हजार रुपये पेंशन का लाभ दे रही है। आज पेंशन में कोई कटौती नहीं होती और न ही कोई कमीशन नहीं देना पड़ता है। डीबीटी के माध्यम से सीधा लाभार्थी के खाते में पैसा भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न के घोटाले को रोकना उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के लिए सबसे बड़ा संकट था। का राशन कार्ड नहीं बन पाता था। उसके नाम पर कोई और राशन लेता था। आज हर गरीब के पास अपना राशन कार्ड है। 15 करोड़ गरीबों को तीन वर्ष से मुफ्त में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, महानिदेशक उपाम वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा. हरिओम आदि मौजूद थे।

## विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** उन्नाव के मौरावां में पड़ोसियों से जमीन विवाद में सुनवाई नहीं होने से क्षुब्ध परिवार शुक्रवार को विधानभवन के सामने आत्मदाह करने के लिए पहुंचे तो पहले मौजूद पुलिस वालों से सभी को पकड़ लिया। पुलिस ने आत्मदाह के प्रयास की बात को गलत बताया है। मौरावां निवासी किसान बलजीत शुक्रवार को पत्नी, मां, बच्चों बच्चों और बहन संग विधानसभा के पास पहुंचा था। पहले से तैनात पुलिस कर्मियों ने सभी को पकड़ा लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि मारपीट के मामले में मौरावां पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। इसलिए आत्मदाह करने आए हैं। यह बात पता चलते ही किसान के परिवार को महिला सिपाहियों की मदद से हजरतगंज कोतवाली ले जाया गया। बलजीत का आरोप है कि पड़ोसी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर गुरुवार को घर में घुस कर मारपीट की गई। डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत कोशिश का कहना है कि पीड़ित परिवार जनसुनवाई के लिए आए थे। आत्मदाह के प्रयास की बात गलत है। उन्नाव पुलिस को बुलाया गया है और पीड़ित को करवाई का आश्वासन दिया गया है।

# शरद पवार व राउत को जान से मारने की धमकी

**खतरा**

**पवार की पुत्री सुप्रिया ने कहा कुछ हुआ तो गृह विभाग जिम्मेदार**



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के दो वरिष्ठ नेताओं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को अज्ञात लोगों से जान से मारने की धमकी मिली है। पवार को ट्विटर संदेश के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि उनका हश्र डॉ. नरेंद्र दाभोलकर (अगस्त 2013 में पुणे में गोली मार दी गई) के समान होगा।उधर राउत के विधायक भाई सुनील राउत को किए गए टेलीफोन पर उनके भाई, सांसद संजय राउत को चुप रहने की चेतावनी दी गई और ऐसा न करने पर एक माह के भीतर गोलियों से छलनी करने की धमकी दी गई। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने मामले में मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फनसालकर से मुलाकात की और कड़ी कार्रवाई की मांग कर शिकायत दर्ज कराई, वहीं राउत ने भी पुलिस को धमकियों की जानकारी दी। सांसद सुप्रिया ने चेतावनी दी कि अगर उनके पिता को कुछ होता है, तब राज्य के गृह विभाग (उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाले) को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ध्यान भी इसकी ओर आकर्षित किया। एनसीपी के कई नेताओं ने सरकार तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# विनेश ने बताया, बृजभूषण के आवास पर क्यों गई थी महिला पहलवान

**नई दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहले धरने पर बैठे भारतीय पहलवान बेशक अपनी-अपनी नौकरी पर लौट गए हैं, लेकिन उनकी मुहिम रुकी नहीं है। उनकी तरफ से लगातार प्रयास हो रहा है कि बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी हो और इसके लिए वो हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। अब इस घटनाक्रम में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली जब महिला पहलवान को लेकर पुलिस बृजभूषण शरण सिंह के नई दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर गई। वहां पर पुलिस महिला पहलवान के साथ 15-20 मिनट तक रुकी थी और मामले की छानबीन की। वहीं इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह से जब पूछा गया कि क्या पुलिस उनके पास महिला पहलवान के साथ मामले की जांच करने आई थी तो उन्होंने कहा कि उनके पास इस मामले में बात करने के लिए कोई नहीं आया था। इस घटना के बाद कई तरह की बातें सामने आईं और फिर इसे लेकर महिला पहलवान विनेश फोगाट ने ट्वीट करते हुए स्थिति को साफ कर दिया। विनेश फोगाट ने ट्वीट करते हुए लिखा कि बृजभूषण शरण सिंह की यही ताकत है कि वो अपने बाहुबल, राजनीतिक ताकत और झूठे नौरेटिव चलाकर महिला पहलवानों को परेशान करने में लगे हुए हैं और इसकी वजह से उनकी गिरफ्तारी जरूरी है। विनेश ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए और लिखा कि पुलिस हमें तोड़ने की जगह उसको गिरफ्तार कर ले तो इंसाफ की उम्मीद है वरना नहीं।

**नया मोड़**

**भाजपा सांसद ने कहा- मेरे यहां कोई नहीं आया**



## 10 साल की सजा के खिलाफ मुख्तार की अपील मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर मामले में मिली 10 साल की सजा के खिलाफ माफिया मुख्तार अंसारी की अपील मंजूर कर ली है। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी की अपील सुनवाई के लिए किया मंजूर करते हुए निचली अदालत से रिकॉर्ड तलब किया है। इस मामले में हाईकोर्ट में मुख्तार अंसारी की जमानत पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी। गैंगस्टर एक्ट के मामले में गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ मुख्तार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शुक्रवार को जस्टिस विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने मुख्तार की अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है और निचली अदालत से रिकॉर्ड तलब किया है। इस मामले में मुख्तार की जमानत अर्जी पर सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

# मणिपुर में फिर हिंसा, तीन की गई जान

**बेकाबू हालात**

**भाजपा विधायक के घर आईडी ब्लास्ट, सीबीआई ने 6 केस दर्ज किए, 10 सदस्यीय एसआईटी बनाई**

**28 मई को कांग्रेस विधायक के घर लगाई गई थी आग**



**इंफाल।** मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से चली आ रही हिंसा थम नहीं रही है। शुक्रवार को राजधानी इंफाल से लगे कुकी बहुल खोकेन गांव में अलग-अलग वारदात में तीन लोगों की मौत हो गई । सीबीआई ने मणिपुर हिंसा के संबंध में 6 केस दर्ज किए। जांच के लिए एसआईटी बनाई है, इसमें 10 सदस्य हैं। इधर, सुप्रीम कोर्ट की वैकेशनल बेंच ने राज्य में 3 मई से लगे इंटरनेट बैन पर फौरन सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि मामला पहले से हाईकोर्ट में है। इस पर सुनवाई होने दें। याचिका एडवोकेट चोंगथम विक्टर सिंह और बिजनेसमैन मायेंगबाम जेम्स ने दायर की थी। इधर, गुरुवार देर रात दो लोगों ने इंफाल में भाजपा विधायक सोराईसाम केबी के घर बम से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दो लोग बाइक से आए और उन्होंने खुले गेट के अंदर कऊ बम फेंक दिया। जिसके बाद तेज धमाका हुआ। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मणिपुर के पहाड़ी और घाटी इलाके में सेना का सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। बुधवार को एक जॉइंट कॉम्बिंग ऑपरेशन में सेना के जवानों और पुलिस बल ने 29 हथियार बरामद किए हैं। सेना की स्पीयर कोर विंग ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बरामद हथियारों में ज्यादातर ऑटोमैटिक हथियार हैं।

**विधायक ने कहा- बम के बिना मुद्दे को सुलझाएं**

विधायक सोराईसाम केबी ने मीडिया से कहा, यह बेहद अपमानजनक और परेशान करने वाला है कि राज्य में व्याप्त अशांति के बीच मेरे घर पर इस तरह का विस्फोट हुआ। उन्होंने इस घटना के पीछे के लोगों से अपील की कि वे भविष्य में कहीं भी इस तरह की गतिविधियों को न दोहराएं। विधायक ने आगे कहा, हम सभी इंसान हैं और दोनों समुदायों के बीच जो भी मनमुटाव है उसे बम के बिना सुलझाया जा सकता है। मणिपुर में पिछले 10 दिनों में विधायक के घर पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले 28 मई को कांग्रेस विधायक रंजीत सिंह के सेरो गांव स्थित घर पर हमला हुआ था। कुछ लोग सेरो गांव में आए और उन्होंने विधायक रंजीत के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विधायक और उनका परिवार बाल-बाल बच गया। हिंसक भीड़ ने कई घरों को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान करीब 100 घरों में आग लगाई गई थी। मणिपुर में हिंसा को लेकर उट से लेकर गृहमंत्री तक कई राउंड की बैठकें कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह 29 मई से एक जून तक मणिपुर के दौरे पर थे। उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से शांति बनाए रखने की बात भी की थी।







# बालासोर में ढहाया स्कूल

**नई दिल्ली।** ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को बहानागा हाई स्कूल की इमारत को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। यह स्कूल 65 साल पुरानी है। इस स्कूल के कुछ हिस्से को कोरोमंडल एक्सप्रेस के मृतकों के लिए अस्थायी मुर्दाघर के रूप में इस्तेमाल किया गया था। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में तोड़फोड़ की जा रही है। इमारत को गिराने का फैसला तब लिया गया जब स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने कहा कि यह पुरानी है और सुरक्षित नहीं है। एसएमसी ने कहा था कि बच्चे उस स्कूल में नहीं जाना चाहते हैं, जहां शव रखे गए थे। अभिभावकों ने इमारत को हटाने की मांग की थी, ताकि बच्चों के दिमाग से मृतकों और उनके परिवारों की तस्वीरों को मिटाया जा सके।

एसएमसी के फैसले और अभिभावकों व स्थानीय लोगों के अनुरोध पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक की और संस्थान के पुनर्निर्माण को मंजूरी दी। उन्होंने इसे पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला और डिजिटल कक्षाओं जैसी आधुनिक सुविधाओं के साथ एक मॉडल स्कूल बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

**अपशकुन मान रहे थे**

**ओडिशा रेल हादसे में मुर्दाघर बनाए गए स्कूल को किया जमींदोज, बच्चे बोले-नहीं पढ़ेंगे यहां**

# कोयला खदान धंसी, 3 की मौत

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में शुक्रवार को बंद पड़े कोयला खदान के धंसने से 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 10 साल का लड़का भी शामिल है। घटना भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के झरिया स्थित भौंरा माइंस में सुबह साढ़े 10 बजे की है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में सैकड़ों की संख्या में लोग अवैध रूप से कोयला निकालते हैं। आज जब कोयला निकालने का काम चल रहा था, तो अचानक जोरदार आवाज के साथ चाल धंसा और कई लोग इसमें दब गए। आसपास मौजूद लोगों ने 3 लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, धनबाद के एसपी संजीव कुमार ने बताया कि बीसीसीएल के अवैध खदान ढहने की सूचना मिली है। एक शव बरामद कर लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभी कितने लोग अंदर दबे हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। हम बीसीसीएल की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी अभिषेक कुमार ने कहा, मारे गए लोगों की सही संख्या और घायलों की संख्या का पता लगाया जा रहा है। वहीं, भौंरा थाने के इंस्पेक्टर बिनोद उरांव ने कहा कि बचाव कार्य जारी है। अभी घायल और मृतकों की संख्या के विषय में कुछ कहना जल्दबाजी होगी। हादसे में मारे गये 2 लोगों की पहचान हुई है। इनमें 10 वर्षीय जितेंद्र यादव और 25 वर्षीय मदन प्रसाद शामिल हैं। तीसरे व्यक्ति की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। मृतकों के परिजन दोपहर शव लेकर भौंरा एरिया के जीएम ऑफिस पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इन दौरान भौंरा-मोहलबनी मुख्य मार्ग जाम रहा। रास्ते में दर्जनों कोयला लदे वाहन फंसे हैं। परिजनों का आरोप है कि यहां सिंडिकेट चलता है जो अवैध कोयला खनन करवाता है। बच्चों को बहला कर अवैध खदान में भेजा जाता है और कोयला निकलवाया जाता है।

**धनबाद में हादसा**

**कई के फंसे होने की आशंका रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

**कोयला निकालने के दौरान हुआ हादसा, मुआवजे के लिए परिजनों का प्रदर्शन**



# जीवा को मारने के लिए मिले थे 20 लाख

**लखनऊ।** कुख्यात संजीव जीवा को गोलियों से भूनने वाले शूटर विजय यादव के तार नेपाल से जुड़ रहे हैं। वह कुछ दिन पहले नेपाल गया था। वहां एक बड़े माफिया के संपर्क में रहा। ये बात उसने पुलिस की बताई है। कहा है कि एक शख्स ने उसको जीवा की फोटो दिखाकर मारने की सुपारी दी। 20 लाख रुपये में डील हुई। हालांकि अभी सिर्फ पांच हजार व रिवॉल्वर दी थी। जानकारी के अनुसार, संजीव जीवा को गोलियों से भूनने वाले शूटर विजय के तार नेपाल के माफिया और हाल ही में मारे गए अतीक अहमद के दोस्त अशरफ से जुड़ रहे हैं। विजय कुछ दिन पहले नेपाल गया था। वहां उसने अशरफ से मुलाकात की।

अशरफ ने उससे बताया कि उसका भाई अतीफ लखनऊ जेल में है। वहां जीवा उसे परेशान करता है। जीवा को रास्ते से हटाने के लिए उसने 20 लाख में डील की। काम से पहले विजय को पांच हजार रुपये और रिवॉल्वर दी गई। वहीं, लखनऊ पहुंचने पर अशरफ के गुर्गे ने विजय को पनाह दी और रेकी कराई। ये बातें विजय ने पुलिस की पूछताछ में बताई हैं। पुलिस इसकी तफ्तीश में लग गई है।

उधर, कोर्ट रूम में गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की हत्या के मामले में बृहस्पतिवार रात चार हेड कांस्टेबल व दो कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। शुरूआती जांच में इनकी लापरवाही का दावा किया गया है। इनकी कोर्ट परिसर के अलग-अलग गेट पर ड्यूटी थी। वहीं, इतनी बड़ी वारदात में केवल हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल को जिम्मेदार ठहराया गया है। बड़े जिम्मेदारों की जिम्मेदारी तय न कर अब तक उन्हें बचा लिया गया है। हमलावर विजय यादव कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था भेदते हुए रिवॉल्वर के साथ आसानी से कोर्ट रूम तक पहुंच गया। कोर्ट एक महत्वपूर्ण स्थान है लिहाजा सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़े अफसर भी जिम्मेदार होते हैं। मगर कार्रवाई सिर्फ सिपाहियों पर हुई। इस पर सवाल उठता है कि कोर्ट की सुरक्षा के लिए क्या सिर्फ ये चंद सिपाही जिम्मेदार थे।

हेड कांस्टेबल सुनील दुबे, मो. खालिद, अनिल सिंह, सुनील श्रीवास्तव और कांस्टेबल निधि देवी व धर्मेंद्र। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

**खुलासा**

**हत्या के आरोपी ने ली 20 लाख की सुपारी, नेपाल से जुड़ रहा कनेक्शन**

**सिर्फ पांच हजार और रिवॉल्वर लेकर निकला हत्या करने, छह पुलिसवाले निलंबित**



**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी हो सकती थी जीवा की पेशी**

कुख्यात अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की कोर्ट रूम में गोली मारकर हत्या के बाद ये चर्चा आम है कि अगर उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया जाता तो शायद यह वारदात नहीं होती। आरोपियों की पेशी कराने के लिए पुराने जिला जज कोर्ट के बगल में एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनाया गया है, जिसे सुनवाई के समय जेल में बने कोर्ट से जोड़ दिया जाता है।

# राज्यसभा से एंट्री कर सकती हैं प्रियंका वाड्रा

## कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को लेकर बदली रणनीति, नई भूमिका में आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। सूत्रों ने कहा कि यूपीए अध्यक्ष और कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में यह फैसला लिया गया। लोकसभा चुनाव लड़ने के बजाय प्रियंका गांधी देश भर में पार्टी और उसके सहयोगियों के पक्ष में प्रचार करेंगी। प्रियंका गांधी अब उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार तक सीमित नहीं रहेंगी। वह 2024 के आम चुनाव से पहले राज्यसभा भी जा सकती हैं। फिलहाल प्रियंका गांधी को हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा भेजने की तैयारी चल रही है। छत्तीसगढ़ के एक राज्यसभा सांसद ने प्रियंका गांधी को राज्यसभा जाने के लिए इस्तीफा देने के लिए कहा है। इसी तरह की पेशकश पार्टी के दो अन्य राज्यसभा सांसदों ने भी की है। इनमें से एक राज्यसभा सांसद ने एक निजी टीवी चैनल से बात करते हुए अपने प्रस्ताव पर मुहर भी लगाई।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कुछ दिन पहले प्रियंका गांधी की आगे की रणनीति को लेकर पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं से चर्चा की थी। अधिकांश नेताओं की राय थी कि वह एक स्टार प्रचारक के रूप पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान कर सकती हैं। ऐसे में उन्हें लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अगर वह (प्रियंका गांधी) लोकसभा चुनाव लड़ती हैं तो उन्हें अपनी सीट पर ध्यान देना होगा और कहीं ज्यादा समय नहीं दे पाएंगी। नेताओं का मानना है कि अगर प्रियंका गांधी पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी तो कांग्रेस को और फायदा होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के कुछ नेताओं की राय थी कि लोकसभा चुनाव लड़ने से प्रियंका चुनाव में एक बड़ा चेहरा बनकर उभरेंगी। अधिकांश नेताओं की यह भी राय थी कि कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव में किसी को भी पीएम के चेहरे के रूप में पेश नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे सहयोगी दलों को यूपीए गठबंधन में शामिल होने का अधिक भरोसा मिलेगा।

जानकारी यह भी मिल रही है कि प्रियंका गांधी वाड्रा यूपी कांग्रेस प्रभारी का पद भी छोड़ सकती हैं। उन्हें अब उन राज्यों की जिम्मेदारी दी जा सकती है, जहां कांग्रेस पार्टी की संभावना ज्यादा है या फिर उन्हें यूपी के साथ अन्य राज्यों का प्रभारी बनाया जा सकता है। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रियंका गांधी वाड्रा की नई भूमिका तय होगी। सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल यह भी तय हो गया है कि नेहरू-गांधी परिवार का कोई सदस्य इस बार अमेठी सीट से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगा। गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी की अब अमेठी सीट से कोई दिलचस्पी नहीं है। हो सकता है कि कांग्रेस इस सीट से अपना उम्मीदवार भी न उतारे। सूत्रों ने कहा कि इस बात की प्रबल संभावना है कि महागठबंधन होने पर कांग्रेस यह सीट सहयोगी दलों के लिए छोड़ सकती है। सोनिया गांधी के कब्जे वाली रायबरेली सीट को लेकर पार्टी अभी तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है। हालांकि, गठबंधन होने पर भी कांग्रेस रायबरेली सीट से अपना उम्मीदवार उतारेगी। अगर यूपीए अध्यक्ष चुनाव नहीं लड़ती हैं तो नेहरू-गांधी परिवार के किसी करीबी को रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार बनाया जाएगा।

**सियासत**

**यूपी कांग्रेस प्रभारी का पद छोड़ सकती हैं प्रियंका गांधी**

**अमेठी से गांधी-नेहरू परिवार का सदस्य नहीं लड़ेगा चुनाव**



## संक्षेप

### प्रयागराज में निकली तेज धूप, पारा 38 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, नैनी से कर्क रेखा गुजरने के चलते हो रही गर्मी

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में शुक्रवार की सुबह से ही तीखी धूप निकली है। सुबह 9 बजकर 15 मिनट तक तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। इस सप्ताह तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। गुरुवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रहा। इससे रात को भर गर्मी से राहत नहीं मिली। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में अभी और तीखी धूप के आसार जताए हैं। इस सप्ताह पारे के 45 डिग्री सेल्सियस तक जाने के अनुमान हैं। देश के पूर्वोत्तर मैदानी राज्यों में उष्ण तीक्ष्ण गर्मी पड़ रही है। प्रयागराज के नैनी से कर्क रेखा गुजरने के कारण यहां भी भीषण गर्मी पड़ रही है। प्रचंड गर्मी के कारण शुक्रवार को सुबह 9 बजे ही 38 डिग्री तापमान पहुंच गया है। तप रहीं सड़कें आंच मार रही थीं। चौराहों पर लाल बत्ती पर रुके लोग धूप और तपन से परेशान रहे।

# कलयुगी बेटे ने गला दबाकर मां को मार डाला

**हत्या**

**जमीन के एवज में मिलने वाले पैसे को लेकर हुआ था विवाद**

**सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लाश को पोस्टमार्टम को भेजा**



सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व इनसेट में मृतका की फाइल फोटो

**लालगोपालगंज।** पैसे की लालच में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना लालगोपालगंज में घटी है। कलयुगी बेटे ने पैसे की खातिर अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दिया। मां के मरने पर घर गया, पिता को बाइक पर बैठाकर मौके पर छोड़ा और फरारा हो गया। अधेड़ ने पत्नी को चारपाई पर मृत पाया तो अवाक रह गया। सूचना पाकर स्थानीय चौकी और नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रतापगढ़ जनपद के हथिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कुढ़ा गांव निवासी बिन्देश्वरी उर्फ सुखई गौतम के तीन बेटे हैं। तीसरे नंबर के बेटे बब्लू का ससुराल लालगोपालगंज चौकी क्षेत्र के कमालापुर गांव में है। विवाह के बाद वह ससुराल में रहता है। इसकी मांग और पिता कमालापुर गांव के पास एक ईंट भट्ठे पर झोपड़ी डालकर ईंटों की पथाई करते हैं। बताया जाता है कि कुढ़ा गांव के पास से राम वन गमन मार्ग का निर्माण होना है। नेशनल हाईवे अथार्टी ने बिन्देश्वरी का भी एक बीघा खेत अधिग्रहण कर लिया है। शुक्रवार को खेत का सर्वे करने कुढ़ा गांव आया था। जानकारी पाकर बिन्देश्वरी गौतम पत्नी कांती (55) को अकेला छोड़कर गांव चला गया। बताया जाता है कि दिन में करीब बारह बजे बब्लू ईंट भट्ठा पर पहुंचा और अपनी मां कांती से जमीन के मुआवजे में मिलने वाले रूपए मांगने लगा। मां बेटे में कहा सुनी होने लगी। इस दौरान बब्लू ने अपनी मां का गला दबाकर हत्या कर दिया। मां को मरा हुआ देख बब्लू बाइक से कुढ़ा पहुंचा, और पिता को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी होने पर चौकी प्रभारी और इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। आस पड़ोस से पूछ ताछ के बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पीड़ित पति ने अपने ही बेटे के विरूद्ध नवाबगंज थाना में तहरीर देकर हत्या का केस दर्ज कराया है।

## पुलिस ने मां के हत्यारे बेटे को चंद घंटों के भीतर किया गिरफ्तार

**लालगोपालगंज।** थाना नवाबगंज के लालगोपालगंज स्थित एक ईंट भट्ठे के पास रुपए के विवाद में गला दबाकर मां को मौत के घाट उतारने वाले बेटे को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। मां की हत्या करने के बाद आरोपी बेटा फरार हो गया था। इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह मय पुलिस बल के साथ सक्रियता दिखाई और चंद घंटे के भीतर आरोपी को गिरफतार कर लिया है।

## भ्रष्टाचार के आरोप पर सुदिष्ट ब्रह्म बाबा महाराज सेवा समिति का पंजीकरण निरस्त

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के परानीपुर बिसेनपुर स्थित सुदिष्ट ब्रह्म धाम में चढ़ावा,दान तथा चंदा व घंटा विक्रय के प्रति वर्ष करोड़ों रुपए गबन का आरोप पर समिति का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। बतादें कि सुदिष्ट ब्रह्म बाबा महराज सेवा समिति पर लग रहा है। संस्था के पदाधिकारियों पर गबन और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मेजा विधायक संदीप सिंह पटेल और समाजसेवी कृष्ण प्रताप सिंह ने वित्तीय अनियमितता में शामिल समिति के पदाधिकारियों, मंदिर व संस्था के संपत्तियों की जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री प्रदेश सरकार व अपर मुख्य सचिव से किया है। जांच की मांग करते हुए मेजा विधायक संदीप सिंह पटेल तथा समाजसेवी केपी सिंह निवासी बिसेनपुर ने कहा कि सुदिष्ट ब्रह्म बाबा महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष पद पर काबिज पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह पुत्र प्यारेलाल सिंह निवासी बिसेनपुर पूरी समिति पर कब्जा करते हुए दान, चढ़ावा तथा चंदे की धनराशि का प्रयोग अपने निजी हितों के लिए करते हुए संस्था व मंदिर को छति पहुंचा रहे हैं। समाजसेवी केपी सिंह सहित गांव के अनेक लोगों ने समिति पदाधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर के 52 बीघा जमीन पर लोन भी लेकर उसका उपयोग निजी कार्यों में करते हुए समिति के 8 सदस्यों की फर्जी फोटो लगाकर इस्तीफा दिखाते हुए उन्हें निष्कासित कर दिया गया है। उपरोक्त सभी आरोपों की शिकायत समाजसेवी केपी सिंह ने वित्त मंत्री प्रदेश सरकार, प्रमुख सचिव वित्त, विधायक मेजा, रजिस्टार फर्म सोसायटीज एवं चिट्स, आयुक्त प्रयागराज तथा जिलाधिकारी प्रयागराज सहित कई अन्य से किया है। मंडलायुक्त के आदेश पर हुई जांच में मामला सही पाए जाने पर सहायक रजिस्टार फर्म सोसायटीज एवं चिट्स प्रयागराज ने आदेश पारित कर समिति का पंजीकरण निरस्त कर दिया।

# लालगोपालगंज में करोड़ों की शत्रु संपत्ति बेच रहे भूमाफिया

**अवैध प्लाटिंग**

**पूर्व सभासद के संरक्षण में चल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार**

**शिकायत के बाद भी आंख-कान बंद किए प्रशासन कर रहा अनदेखी**

**लालगोपालगंज।** प्रयागराज जनपद के नगर पंचायत लालगोपालगंज में करोड़ों की शत्रु संपत्ति को प्रशासन की अनदेखी के कारण भूमाफियाओं और कुछ सफेदपोश एक पूर्व सभासद के साथ गठजोड़ कर धड़ल्ले से बेची जा रही है। शिकायत के बावजूद भी अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने वाली योगी सरकार में ऐसी घटनाएं होने से स्थानीय लोग शासन पर भी सवाल उठा रहे हैं। नागरिकों ने जिलाधिकारी से मामले में हस्ताक्षेप करने की मांग किया है।

जानकारी के मुताबिक कस्बा के कुछ लोगों ने सामूहिक रूप से एसडीएम सोरांव को दिए शिकायती पत्र में बताया कि नगर पंचायत लालगोपालगंज स्थित ग्रामसभा निन्दूरा में आराजी नंबर 3885 रक्बा 0.0897हे., आराजी नंबर 3889 रक्बा 0.0800हे., आराजी नंबर 3890 रक्बा 0.1410हे. तथा आराजी नंबर 3892 रक्बा 0.1292हे. जो राजस्व अभिलेखों में शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज है। इसी प्रकार आराजी संख्या 3891 रक्बा 0.0360हे. जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के खाते में अंकित है। जो लखनऊ राजमार्ग से लाला का पूरा बगवा रेलवे फाटक होकर निन्दूरा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर स्थित है। आरोप है कि भूमाफियाओं ने राजस्वकर्मियों और स्थानीय नगर प्रशासन से सांठगांठ करके करोड़ों की भूमि को प्लॉटिंग करके अवैध रूप से बेचा जा रहा है। जिस पर भूमि खरीद करने वाले लोगों द्वारा निशानदेही भी कर ली गई है। शिकायतकताओं ने बताया कि कि भूमाफिया दबंग किस्म के व्यक्ति है, एक पूर्व सभासद के साथ इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। आक्रोशित लोगों ने बताया कि एसडीएम सोरांव से शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने मामले में हस्ताक्षेप करने और भूमाफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई कराने की मांग किया है।

> "इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है, मैं स्वयं इसकी जाच करुंगा। शत्रु संपत्ति हो अथवा सरकारी भूमि कब्जा करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी।"
>
> **-संतोष वर्मा**
> **अधिशासी अधिकारी,**
> **नगर पंचायत लालगोपालगंज**

## उबड़ खाबड़ सड़क पर चलना हुआ दुभर आए दिन होती रहती है दुर्घटना

**उतरांव।** उत्तरप्रदेश सरकार भले ही गड्ढा मुक्त की बात करे लेकिन आज भी विधानसभा प्रतापपुर मे सड़के अपनी हालत पर आंसू बहा रहे हैं। जहाँ इस समय लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे है वहीं राहगीर उबड़ खाबड़ सड़को पर चलने के लिए मजबूर है। साथ साथ सड़को पर मिट्टी की वजह से धूल उड़ रहे है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आप को बताते चले की उतरांव क्षेत्र के मदारीपुर से महरूपुर हाईवे सर्विस रोड तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे है। वहीं बारीभीट चौराहे से उतरांव प्यागीपुर होते हुए भदवां तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की कई बार प्रतिनिधि और जिम्मेदार लोगो को लिखित शिकायत की गई। लेकिन आज तक जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे बैठे है। कई बार आने जाने वाले राहगीर गिरकर चोट हिल भी हो गये है। जिससे क्षेत्रवासीयों व ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है।

# जारी गड़ैया कला ग्राम सभा लिंक रोड खराब, आवागमन में परेशानी

**समस्या**

**ग्रामीणों को हो रही परेशानी कच्ची मुरम वाली सड़क से आवागमन बाधित**



क्षतिग्रस्त मार्ग का दृश्य

**जारी।** रीवा राष्ट्रीय राज्य मार्ग से लगा हुआ रोड जसरा विकास खंड के जारी पावर हाउस स्थित हरिजन बस्ती में रोड खराब होने से सोनकर बस्ती के लोगों का आना-जाना दूबर हो गया है। जाने वाला मुख्य मार्ग पर पिछले कई वर्षों से ऊबड़ खाबड़ हालत में पड़ा हुआ है। इसके चलते ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। बारिश के दिनों में कीचड़ से भरी इस लिंक रोड सड़क पर 20 कदम चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश में ग्रामीणों की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। संबंधित विभाग की अनदेखी के चलते मुख्य सड़क मार्गों से जोड़ने की तमाम योजनाओं का लाभ इस ग्राम सभा को नहीं मिल पा रहा है।

पिछले पंद्रह सालों से न तो सड़क बन पाई और न ही नाली। इस हरिजन बस्ती की तरफ ध्यान न देने से यहां के बाशिंदों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर तब स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है जब बारिश हो रही हो। यह मार्ग रात्रि के समय और भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

हरिजन बस्ती के लोगों ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया है। कि बारा क्षेत्र के जारी पावर हाउस के सामने गढ़ैया कला हरिजन बस्ती में आज तक पांच सौ मीटर की सड़क नसीब नहीं हुई। यहां तक पैदल चलने का रास्ता भी ढंग का नहीं है। यह सड़क पूर्व प्रधान द्वारा बहुत पहले मिट्टी और गिट्टी युक्त बनाया गया था ।उसके बाद से आज तक रोड खराब पड़ी हुई है। और नाली की सुविधा भी नहीं है ऐसे में पानी जाए तो जाए कहां इस बस्ती में रोड को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इसके पहले भी खबरों को प्रकाशित किया गया। और सांसद व विधायक को भी अवगत कराया गया। इतना ही नहीं जिला पंचायत के माध्यम से भी बनना था। लेकिन अभी तक नहीं बन सका है पूर्ण आश्वासन ही दिया गया है ।उसके बाद भी कोई सुध लेने वाला नहीं है ।हरिजन बस्ती के लोगों ने सांसद निधि या विधायक निधि या फिर जिला पंचायत से इसका पुनर्निर्माण हो। गड़ैयाकला के सुरेश चंद्र पांडे, लालजी सोनकर, कालीचरण सोनकर, नचकऊ सोनकर, कपूर चंद्र अग्रहरी, अमर बहादुर, बृजेश कुमार, नीरज कुमार ने गुहार की हैं। कि इस रोड का कार्य जल्द से जल्द आरंभ किया जाए। ताकि आम जनमानस के आने-जाने को राहत मिल सके।

## पुलिस की सक्रियता से चोरी की मोटर साईकिल संग अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** पुलिस की सक्रियता से लूट व चोरी जैसे मामलों पर हो रही बड़ी कार्यवाही । जैसा की देखा जा रहा थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत कई जगह लूट व चोरी से सम्बंधित के मामले बढ़ते हुए नजर आ रहे थे जिस पर मामले को देखते हुए डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती जो काफी तेज तर्रार माने जाते हैं जिनके निर्देशन में लूट व चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर अभियान चलाया गया जिसमें हुई हाइवे पर व गोमती नंबर 40 ं स्थान से लूट छिनैती जैसे घटना को अंजाम देने वालों को पुलिस की संयुक्त टीमें द्वारा कई अपराधियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए सभी को जेल भेज दिया गया। वहीं बृहस्पति को थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर से दुकान से ही स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी की गई। तभी भुक्तभोगी उमाशंकर केसरवानी पुत्र गुलाब चंद्र केसरवानी ने स्थानीय थाना थरवई ने लिखित सूचना दी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए धारा 379 अभियुक्त पर पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई। जिसका अगले ही दिन थरवई पुलिस द्वारा चोरी हुई मोटर साईकिल स्प्लेंडर प्लस को बरामद कर सफलता मिली। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर सुबह करीब नौ बजे के आस पास प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी ने नेतृत्व में पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोहराब अहमद व टीम द्वारा अभियुक्त जितेंद्र पटेल पुत्र स्व पारसनाथ जो उसी गांव का निवासी पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर को पुलिस ने चोरी की गई बाइक जे साथ गिरफ्तार कर लिया गया जिस पर धारा 411 की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। वहीं अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने को लेकर उनके विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम पुलिस द्वारा गस्त कर संदिग्ध व संदिग्धों पर विशेष निगरानी बनी है वहीं संदिग्ध लग रहे वाहनों की सघनता से चेकिंग करते हुए पूछताछ भी की जा रही।

# भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



होलागढ़ के पूरबनारा में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे श्रद्धालुगण

**भंडारे में बिरहा कलाकार ओम प्रकाश पाल ने अपने सहयोगियों के साथ दर्शकों को किया आनंदित**

**नवाबगंज।** पूरबनारा में आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने दूरदराज से पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भंडारे में प्रसाद वितरण के दौरान लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए श्रद्धालुओं में प्रसाद पहुंचाने का कार्य किया है। जहां प्रसाद वितरण के दौरान लोगों ने जमकर जयकारे भी लगाएं। भंडारा आयोजक राम सजीवन पाल पत्नी रजपत ने आएं हुए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं में समाजसेवी सुनील उर्फ मुन्ना पाल, प्रधान साधू पाल, संतोष पाल, डॉ. रोहित पाल, संदीप पाल, तीरथ पाल, प्रदीप पाल, वीरेंद्र पाल, रूपेश पाल, अंकित, अमित उर्फ बच्चा पाल, सुनील, समय लाल,शिवम, अजय, संजय,विजय, राकेश, अनूप पाल समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं पूरबनारा में आयोजित भंडारे में जवाबी बिरहा में कलाकारों ने दर्शकों को अपने मधुर स्वरों से आनंदित करने का कार्य किया। वहीं बिरहा गायक कलाकार ओम प्रकाश पाल एवं सोना शुहनी ने दर्शकों से वाहवाही बटोरी।

## 75 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

**नैनी।** विद्युत विभाग की ओर से शुक्रवार को महेवा, महेवा पूर्व पट्टी, महेवा पश्चिम पट्टी और इंदलपुर गांव में बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया। अचानक चिकंग होने से गांव में अफरा तफरी मची रही। कई घरों के लोग बिजली अधिकारियों को देखकर छतों पर चढ़कर कटिया नोचने लगे। इस दौरान बड़े पैमाने पर कटियामारों को पकड़ा गया।

एसडीओ नितिन बरनवाल ने बताया कि अभियान के तहत चोरी से बिजली जलाने के आरोप में 75 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पिछले तीन दिन के अंदर कुल 135 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## मऊआइमा के तीन अलग-अलग गांवों में मार पीट, कई जख्मी आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना अंतर्गत तीन अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई जख्मी हुए है। जिनमें दो की हालत गंभीर है। मऊआइमा पुलिस ने तीनों मामलों में आठ नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा के सरायखानदेव छाता गांव निवासनीय उर्मिला देवी पत्नी प्रभुनाथ का आरोप है कि उसका पुत्र पंकज कुमार यादव गांव के प्रदीप कुमार के बारात में तेजपुर गया था। जब वह आ रहा था तो उसे ईट पथरों से मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। जिसे पहले प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया डाक्टरों के जवाब देने पर रिफर कर दिया गया जहां शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंकज की हालत गंभीर है वह बेहोश है। उर्मिला देवी ने मऊआइमा थाने में राहुल पुत्र सूर्यबली तथा पांच अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम हटिया घीनपुर निवासी नीरज कुमार पुत्र रमेश कुमार के मुताबिक पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर घर में घुस कर उसके चचेरे भाई करन कुमार, चचेरी बहनें काजल, अंजली, कुसुम को लाठी डंडा और लोहे की राड से मार पीट कर जख्मी कर बेहोश कर दिए। नीरज कुमार ने मऊआइमा थाने में रोहित, रुपेश, रंजीत, अमरजीत ,रामबली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम घीनपुर रजवापुर निवासनीय परवीन बानों पत्नी कल्लन का आरोप है कि घरेलू बंटवारे को लेकर उसे मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।परवीन बानों ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर शफीक, नौशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## सड़क किनारे खड़ा ट्रैक्टर ट्राली सहित चोरी

**लालगोपालगंज।** राधे श्याम पटेल निवासी चैनी का पूरा लालगोपालगंज ने पुलिस चौकी में तहरीर देते हुए बताया कि उनका ट्रैक्टर मनीलाल का इदारा के सामने खड़ा था। रात को अज्ञात बदमाशों द्वारा ट्रैक्टर को ट्राली समेत चोरी कर लिया गया। घटना सीसी टीवी कैमरा में कैद हो गई है। सीसी टीवी कैमरा से स्पष्ट हो रहा है कि एक व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर जा रहा है, और दो बाइक सवार पीछे चल रहा है। पुलिस तहरीर के आदार पर जांच पड़ताल कर रही है। सीसी टीपी फुटेज से भी चारों की शिनाख्त की जा रही है।

# नगर पंचायत की पहली बैठक में आए करोड़ों के प्रस्ताव

**बैठक**

**महिला जनप्रतिनियों के प्रतिनिधि बैठक में भाग लेने पहुंचे थे**

**ईओ ने शासनादेशों का पालन कराते हुए अध्यक्ष कक्ष में बैठाया**



बैठक में शामिल अधिकारी व नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि

**लालगोपालगंज।** नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बोर्ड की पहली बैठक अध्यक्ष जुलेखा की अध्यक्षता में हुई। बैठे में आए सदस्यों ने करोड़ों रूपए के विकास व निर्माण कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पास भी किया गया।

लालगोपालगंज नगर पंचायत में बोर्ड की बैठक में सैकड़ों प्रस्ताव आए। इसमें आरओ वाटर कूलर, सड़कों, नालियों के निर्माण और मरम्मत से सम्बंधित प्रस्ताव सबसे अधिक रहे। जल संचय द्वारा पानी आपूर्ति के लिए पाइप लाइन, स्वच्छता, हाईमास्ट, स्ट्रीट लाइट, विवाह घर, तालाबों का सुनदरीकरण, पार्क अन्य व्यय सहित उपस्थित सदस्यों ने सैकड़ों प्रस्ताव प्रस्तुत किए। बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारी संतोष वर्मा ने नगर क्षेत्र में शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को भी बताया। करीब तीन घंटे तक चली बैठक के बाद सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से सदस्त्रों द्वारा पासय करने के पश्चात बैठक का समापन किया गया। इस दौरान समस्त वार्डों के सदस्य उपस्थित रहे।

## बोर्ड की पहली बैठक में प्रतिनिधियों को नहीं मिली इंट्री

**लालगोपालगंज।** नगर पंचायत सभागार में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की पहली बोर्ड की बैठक थी। निर्धारित समय के अनुसार अध्यक्ष व सदस्य पहुंचने लगे थे। कार्यालय सभागार में अधिशासी अधिकारी पहले से मौजूद थे। महिला जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि भी बैठक में प्रतिभाग करने पहुेचे थे। लेकिन उन्हें इन्ट्री नहीं मिली। ईओ ने शासनादेशों का हवाला देते हुए सभी प्रतिनधियों को अध्यक्ष के कक्ष में बैठने की व्यवस्था कराई। अंततः निर्वाचित लोग ही पहली बैठक में भाग ले सके थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के द्वारा शुक्रवार दोपहर दो बजे से निर्वाचित सदस्यों की बैठक बुलाई थी। शुवार नमाज के चलते समय दोपीर बाद दो बजे रखा गया था। निर्धारित समय से अध्यक्ष जुलेखा कार्यालय के सभागार में पहुंच गई थी। महिला सदस्त्रों के प्रतिनिधि बोर्ड की बैठक में भाग लेना चाहते थे, कार्यालय पहुंचे भी थे, लेकिन अधिशासी अधिकारी संतोष वर्मा ने शासन के आदेशों का हवाला देते हुए बताया कि चाहे वह निर्वाचित अध्यक्ष अथवा सदस्य हो, इनके प्रतिनिधियों को नियमानुसार बोर्ड की बैठक में बैठने की अनुमति नहीं है। हालांकि अध्यक्ष के कार्यालय में प्रतिनिधियों के बैठने के लिए व्यवस्था की गई थी। सभी सदस्यों को अध्यक्ष कक्ष में बैठाया गया। प्रतिनिधियों के भाग न लेने को लेकर तरह-तरह की चचाएं होती रही हैं।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से तीन हजार घरों की बिजली गुल

**नैनी।** अरैल गांव में लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर शुक्रवार की दोपहर खराब हो गया, जिससे तीन हजार घरों की बिजली गुल हो गई। भीषण गरमी से लोग बेहाल है। शुक्रवार दोपहर अचानक ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने लगी। देखते ही देखते निषाद बस्ती, कुशवाहा नगर, सच्चा बाबा नगर, सुरियाभीट में स्थित तीन हजार घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली न मिलने से लोगों के समक्ष पेयजल संकट भी खड़ा हो गया। लोगों के घरों में लगे बिजली उपकरण शो पीस बन गए। गरमी से परेशान उपभोक्ता बिजली अधिकारियों से संपर्क किया तो 400 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध न होने की बात कही गई।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम नरेश पुत्र रामसुमेर निवासी- मलावां खुर्द झूंसी, थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज। अपने पुत्र गौरव कुमार भारतीय के क्रिया कलाप आचरण व व्यवहार से तंग आकर अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उनसे सारा रिश्ता समाप्त कर दिया है। आज से मेरा पुत्र कोई आपराधिक कृत्य करता है या किसी से लेन देन करता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरे पुत्र की होगी।



नवजीवन तैराकी क्लब में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चे अपने प्रशिक्षक त्रिभुवन व कमला निषाद के साथ

# प्रयागराज



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 43.00 |
| न्यूनतम : | 28.00 |
| सूर्योदय : | 05.15 |
| सूर्यास्त : | 06.44 |

### कार चला रहे रिटायर्ड सैनिक को आया हार्ट-अटैक, मौत

**प्रयागराज।** गुरुवार शाम कार चलाते वक्त हार्ट अटैक आने से एयरफोर्स से रिटायर्ड सैनिक (40 साल) की मौत हो गई। उनकी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों से टकरा गई। गाड़ी से निकालकर लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनका शुगर लेवल 562 तक पहुंच गया था, जिसके कारण हार्ट अटैक पड़ा। दलजीत सिंह एयरफोर्स से रिटायर होने के बाद करेली में परिवार के साथ रहते थे। परिवार में उनकी पत्नी अंकिता और 10 साल की एक बेटी है। अंकिता गर्भवती हैं। वह शाम 4 बजे अंकिता के लिए नारियल पानी लेने निकले थे। रिटायर्ड सैनिक की कार की रफ्तार तेज थी। सड़क पर लहराने के बाद कार ने कई वाहनों को टक्कर मारी। गनीमत रही कोई कार की चपेट में नहीं आया।

# सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका की हत्या कर रचाई शादी

## शव सेफ्टी टैंक में दफन कर परिजनों को करता रहा गुमराह, फोन काल डिटेल से पुलिस ने किया पर्दाफाश

**करछना।** इलाके में एक सनकी आशिक ने दूसरी शादी करने के चक्कर में पिछले 8 साल से रिलेशनशिप में रह रही प्रेमिका को डेढ़ लाख का ठेका देकर मरवा डाला और उसकी लाश को नवनिर्मित भवन के सेफ्टी टैंक में दफन करा दिया। 24 मई की इस सनसनीखेज घटना का खुलासा 09 जून की शाम को हुआ। सूचना के बाद पहुंची पुलिस सेफ्टी टैंक तोड़कर देर शाम लड़की की लाश बाहर निकाली गई। मौके पर पुलिस और ग्रामीणों का मजमा लगा रहा। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत सुपारी लेने वाले चार अन्य को भी हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।



मृतका की फाइल फोटो

**पिता की मौत के बाद से ही आशीष के संपर्क में आ गई थी राजकेशर**

यमुनानगर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत मुंगारी गांव निवासी आशीष गौतम पुत्र मदन गौतम की रिश्तेदारी करछना थाना क्षेत्र के महेवा गांव में है। यहां के रहने वाले शालिग्राम उसके रिश्तेदार हैं। उनके 4 बेटियां और दो बेटे हैं। वर्ष 2016 में शालिग्राम की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उसी दौरान से आशीष गौतम का शालिग्राम के घर आना जाना शुरू हो गया। शालिग्राम की सबसे बड़ी बेटी राजकेशर सिलाई कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर का काम करती थी। राजकेशोर और आशीष दोनों करीब आ गए। शालिग्राम एफसीआई में नौकरी करते थे। उससे कुछ पैसे मिले थे। बाकी पैसे अपनी कमाई से जोड़कर राज केशर ने अपनी तीन छोटी बहनों की शादी की। दो छोटे भाइयों को पढ़ाया लिखाया लेकिन खुद अपनी शादी नहीं की।

वह आशीष गौतम के साथ रिलेशन में रह रही थी। और आशीष से लगातार शादी का दबाव बना रही थी लेकिन आशीष उसे झांसा दे रहा था। इस बीच आशीष ने उसी के पैसे से करछना थाने के समीप बसरिया गांव में हो रही प्लाटिंग में एक प्लाट अपने नाम खरीदा उसमें मकान का निर्माण करा रहा था। उसका कहना था कि मकान बन जाने के बाद वह राजकिशोर से शादी करेगा और फिर दोनों इसी मकान में रहेंगे। आधा मकान बन चुका है।

इसी दौरान राजकिशोर को पता चला कि आशीष की शादी बाराबंकी में तय हो गई है। उसके बाद आशीष की नियत बदल गई। राजकिशोर को हुई तो उसने आशीष की शादी का विरोध किया और खुद से शादी करने का दबाव बनाया 28 मई को आशीष की शादी तय थी। बारात जानी थी। उसके पहले राजकेशर उस पर दबाव बना रही थी। जिससे परेशान आशीष ने 24 मई को राजकेशर को निमार्णाधीन मकान पर फोन करके बुलाया। जहां पर पहले से प्लानिंग के तहत चार लोग और मौजूद थे। और चारों लोगो से हत्या कराकर लाश सेफ्टी टैंक में डलवा दिया।

पुलिस के अनुसार अभी तक जो तथ्य सामने आए हैं उसके मुताबिक आशीष ने उन चारों लोगों को राज केसर की हत्या करने के लिए डेढ़ लाख रुपए की सुपारी दी थी जिसके बाद राजकीय सर जब 24 मई को प्लाट पर पहुंची तो उन चारों ने मिलकर राज केशर की हत्या कर दी और उसकी बॉडी को वहीं सीमेंटेड सेफ्टी टैंक में डालकर पैक करा दिया।



प्रेमिका का शव मिलने के बाद मौके पर जुटी लोगों की भारी भीड़

थानाध्यक्ष करछना विश्वजीत सिंह का कहना है कि फिलहाल सारे आरोपी गिरफ्त में है। लाश बरामद कर ली गई है। पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। पूछताछ अभी बाकी है।

### हत्या के अगले दिन लड़की की मां के साथ थाने जाकर दर्ज करा दी थी गुमशुदगी

इधर जब पूरी रात जब राजकेशर अपने घर नहीं पहुंची तो परिवार वाले परेशान हो गए। उसकी खोजबीन करने लगे। आशीष से संपर्क किया तो आशीष ने पहले आनाकानी की फिर 25 मई को उसकी मां को लेकर करछना थाने पहुंचा और राज केसर की गुमशुदगी दर्ज करा दी। इस बीच 28 मई को आशीष ने बाराबंकी जाकर अपनी शादी कर ली और अपनी जिंदगी में मस्त हो गया।

### सीडीआर से पुलिस ने उठाया ब्लाइंड मर्डर से पर्दा

इधर बेटी को खोजने में परेशान मां और उसकी तीन अन्य बहने धनकेशर, मनकेशर, पानकेशर और दो भाई कृष्ण कुमार व अमित कुमार लगातार करछना थाने का चक्कर काटते रहे परेशान पुलिस ने राजकिशन और आशीष का मोबाइल नंबर का सीडीआर निकलवाया और छानबीन की तो पता चला कि 24 मई को आशीष और राज केशर के बीच में बात हुई थी। उसके बाद दोनों की लोकेशन करछना कस्बे के समीप एक ही स्थान पर दिखाई पड़ रही थी। वहीं पर राज केशर का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था।

### सभी आरोपी हिरासत में, सेफ्टी टैंक तोड़कर निकाली गई लाश

शक के बिना पर पुलिस ने आशीष गौतम को उठाया। उसे कर्रा किया तो उसने जुर्म कबूल किया और बताया कि 4 लोगों को डेढ़ लाख रुपए ठेका देकर उसने राजकेशर की हत्या करा दी है। लाश को निमार्णाधीन मकान के सेप्टिक टैंकमें डलवा दिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में शामिल चार अन्य लोगों को भी हिरासत में ले लिया। उसके बाद मौके पर जाकर सेफ्टी टैंक तोड़वाकर देर शाम उसकी लाश सेफ्टी टैंक से बाहर निकलवाई गई और पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। इस सनसनीखेज घटना से हड़कंप मचा हुआ है।

# कोर मुख्यालय प्रयागराज में स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन



कैंप में स्वास्थ्य परीक्षण कराने पहुंचे कर्मचारी

**कैंप**

**कोर कार्यालय में कार्यरत 90 से अधिक कर्मचारियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण**

**प्रयागराज।** केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज एवं केन्द्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के तत्वाधान में शुक्रवार को कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें कोर कार्यालय में कार्यरत 90 से अधिक कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत रक्तए आँखए रक्त चापए ईसीजी जाँच कराई गई तथा कर्मचारियों को डॉक्टर अरविंद जी0 सहायक मण्डल चिकित्सा अधिकारीए केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श दिया गया। यह चिकित्सा परीक्षण कैम्प सहायक मण्डल चिकित्सा अधिकारी एवं उनके 10 पैरा मेडिकल स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# झांसी मंडल क्षेत्र के सांसदों की महाप्रबंधक उमरे के साथ बैठक

**प्रयागराज।** महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे के सतीश कुमार ने झांसी मंडल परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले सांसदों के साथ बैठक की। बैठक में सांसद उरई-जालौन भानु प्रताप सिंह वर्मा सांसद महोबा कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, सांसद भिंड श्रीमती संध्या राय, सांसद ग्वालियर विवेक नारायण शेजवलकर, सांसद- झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा उपस्थित रहे। जबकि खजुराहो, टीकमगढ़, मुरैना, एवं बाँदा-चित्रकूट के माननीय सांसदों ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से भाग लिया।

बैठक का उद्देश्य जनता की रेल सम्बंधी जन आकांक्षाओं एवं रेल सुविधाओं में सुधार और वृद्धि के लिए क्षेत्रीय सांसदों के माध्यम से रेल प्रशासन को अवगत कराना है। जन प्रतिनिधि व रेल प्रशासन के बीच का सीधा संवाद व विचार विमर्श, जन आकाक्षाओं को पूरा करने एवं मंडल की विकास योजनाओं को कारगर बनाने में अहम्‌ भूमिका निभाता है।

बैठक की शुरूआत अध्यक्ष के चुनाव से हुई, जिसमें सांसद ग्वालियर विवेक नारायण शेजवलकर को सर्वसम्मति से बैठक का अध्यक्ष चुना गया।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने गणमान्य व्यक्तियों को शॉल और पौध भेंट कर स्वागत किया। तदुपरांत अपने उद्घाटन भाषण में, महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे की एक समग्र तस्वीर प्रस्तुत की और हाल के वर्षों में उत्तर मध्य रेलवे की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया और चल रही विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे सांसद एवं जन प्रतिनिधि द्वारा प्रदान किया गये मार्गदर्शन से आगे बढ़ रहा है तथा नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

मंडल रेल प्रबंधक झांसी आशुतोष ने झांसी मंडल में विभिन्न यात्री सुविधाओं और चल रही परियोजनाओं के बारे में अवगत कराया। एजेंडा मदों पर चर्चा के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

सांसद अनुराग शर्मा द्वारा दिए गए सुझावों में मुख्यता झाँसी-इटारसी पैसेंजर का पुनः संचालन, कोविड के दौरान वापस लिए गए सभी ठहरावों की पुनः बहाली, पुलिया नंबर 09 पर फ्इ, हसारी स्थित समपार फाटक 369 पर ROB, मऊरानीपुर से उरई के मध्य सीधी रेल सेवा का सञ्चालन, मुस्तरा स्टेशन का विकास आदि मुद्दे शामिल रहे।

सांसद कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल द्वारा दिए गए सुझावों में भोपाल से लखनऊ वाया महोबा, खजुराहो सीधी रेल सेवा, हमीरपुर रोड स्टेशन का नाम बदलकर बरिपाल करना, यमुना साउथ बैंक स्टेशन को विकसित किया जाना, झाँसी मानिकपुर मेमू स्पेशल में यात्री डब्बों को बढ़ाना, महोबा स्टेशन के नए पुनर्विकास डिजाईन को रिच हेरिटेज लुक देना, महोबा स्टेशन पर एस्केलेटर का संस्थापन मुख्य रहा` श्री चंदेल द्वारा झाँसी मंडल में तेजी से चल रहे अवसंरचनात्मक विकास कार्यों की अत्यंत प्रशंसा की।



बैठक में विभिन्न मुद्‌दों पर चर्चा करते हुए

केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने झाँसी-कानपुर दोहरीकृत रेलखंड को तीव्र गति से पूर्ण करने हेतु महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे व मंडल रेल प्रबंधक को धन्यवाद दिया तथा मंडल की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया। `उन्होंने उरई-जालौन क्षेत्र में कोविड के दौरान वापस लिए गए सभी ठहरावों की पुनः बहाली की बात कही, गाडी सं. 22467 महाकाल एक्सप्रेस का उरई स्टेशन पर ठहराव, एट झ्र कोंच शटल का उरई तक विस्तार किया जाने आदि सुझाव सम्मिलित रहे।

सांसद श्रीमती संध्या राय द्वारा शताब्दी एक्सप्रेस का दतिया पर ठहराव, दतिया स्टेशन का नाम बदलकर पीताम्बरा माई के नाम पर रखना, ग्वालियर से लखनऊ के मध्य इंटरसिटी का वाया भिंड सञ्चालन, भिंड स्टेशन पर दिव्यांग कार्ड हेतु कैंप लगाना तथा भिंड को राजधानियों से जोड़ने का प्रयास किया जाना शामिल रहा। इसके अतिरिक्त सांसद प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रमुख सुझावों में मुरैना स्टेशन का नाम बदलकर पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के नाम करने के साथ, चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन का विकास सहित आदि महत्वपूर्ण सुझाव सम्मिलित रहे।

तदुपरांत संसदीय क्षेत्रों के अनुसार तैयार की गयी विकास कार्यों से सम्बंधित बुकलेट का सांसदों द्वारा विमोचन किया गया। बैठक के अध्यक्ष सांसद ग्वालियर विवेक नारायण शेजवलकर ने ग्वालियर-अहमदाबाद एक्सप्रेस को प्रतिदिन करने के साथ सभी सांसद व उनके प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझाव व मांग एकत्रित करते हुए पुनः दोहराया और सभी पर अमल करने की बात रखी। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक अंकुर चंद्रा ने किया तथा बैठक का समापन मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ` बैठक अत्यंत सौहार्दपूर्ण और स्वस्थ्य वातावरण में पूर्ण हुई । इस अवसर पर सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, संभागीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने झाँसी दौरे के अंतर्गत महाप्रबंधक सतीश कुमार नए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित दतिया एवं ओरछा स्टेशन के पुनर्विकास हेतु साईट प्लान अनुसार सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओरछा स्टेशन के समीप स्थित फ्व्इ का निरीक्षण किया और पानी भरने की समस्या को हल करने हेतु सम्बंधित अधिकारीयों को दिशानिर्देशित किया। उन्होंने ओरछा तथा दतिया स्टेशन का विकास समयबद्ध तरीके से करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्युत लोको शेड का भी निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों के हितार्थ यूनियन / एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

# जमाते रजा -ए- मुस्ताफा शाख इलाहाबाद का गढ़ मे इस्लाही दौरा

**प्रयागराज।** शाख जमाते रजा -ए- मुस्ताफा के मिडिया प्रभारी मोहम्मद कलाम उर्फ संजय खान ने बताया कि गुजरे जुमेरात को जमात रजा -ए- मुस्तफा शाख इलाहाबाद के जिम्मेदारन का जमात पे नाईबे सगरटरी नासिरे मस्ल के आला हजरत मौलवी मोहम्मद अहमद साहब कि सर्परस्ति मे गढ़ एम 0 पी0 का दौरा हुआ लोगो से मिलकर नमजे मगरिब मे मस्जिद आने कि दावत दी गई। बादे मगरिब तिलवाते कुरान के बाद शाख इलाहाबाद के सेगरटरी आली जनाब हसमत उल्ला साहब ने हुजूर मुफ्ती-ए-आजम हिन्द का कलाम पेश किया गया आखिर मे शाख जमाते रजा -ए- मुस्ताफा इलाहाबाद के सदर मुफ्ती मोहम्मद वसीम रजा कादरी ने लोगो को नसीहत करते हुए अपने बयान मे कहा कि विलासुबा इस्लामी उरूज व इर्तका का मदार खुलुसेकल्बी व हुस्ने नियत से है और कौम कि बका भी इस्तिमायत दिनि इत्तेहाद व इत्तेफाक ही मे है उन्हे दो बुनियादी उसूल के पेशे नजर सरकार आला हजरत इमाम इमामे अहले सुन्नत इमाम अहमद रजा खान कादरी अलैहरहमा ने जमाते रजा -ए- मुस्ताफा का कयाम फरमाया ये है हुस्ने नियत खुलुसेकल्बी का ही असर था कि पूरे मुल्क मे जमात रजा ए मुस्तफा को इमानो अमल के मुहफिज जमात के नाम से सोहरत हासिल हुई ओल्माए कराम मे सरकारे आला हजरत के उस मिशन को हर शहर, कस्बा व देहात मे पहुचाने के लिए जमाते रजा -ए- मुस्ताफा कि शाखे कायम कि फिर पूरी जीद्दो जहद के साथ जमात के इगराज व मकासिद को मद्देनजर रखते हुए उसी के बैरन तले काम शुरू किया लाखो मुसलमां के इमानो अमल कि हिफाजत की।

मुझ फकीर मोहम्मद वसीम रजा कादरी के दिल मे ये हसरत थी जमात के साथ इलाहाबाद मे भी कयाम हो` ये हसरत पूरी हुई चंद लोगो के मुखालफत के बावजूद शख का कयाम अकसरियत के इत्तेफाक राय से हुआ खुश किस्मती से मेरी चाहत तलब के बगैर मिन्जानीबिल्ला उसका सदर भी मै ही मुन्तखिब हुआ ` साथ ही शहरे इलाहाबाद के बड़े जैय्यद और मुतसल्लीब आलमेदीनं हजरत अल्लमा मुफ्ती शफीक अहमद शरिफी साहब किबला का मुझे साथ मिला मैने बिलातमिल उन्हे शाख का सरपरस्त तश्लीम किया अब काम का आगाज कुछ यूँ हुआ कि सबसे पहले इलाकाई तमाम ओलमा -ए-कराम व इम्मा मसाजिद को एकजुट करके शादीयों मे फैली बेहाई को खत्म करने का अहद किया अक्सर ओल्ला-ए-कराम ने बड़ी दीनदारी से अपने अहद को पूरा किया नतिजा अक्सर इलाको मे बाजा -गाना नपैद हो आवामे अहले सुन्नत को इल्मे दीन और अमल पर उभारने के लिए कसीर ओल्मा-ए-कराम कि सिरकत मे तकरीबन 36 दौरा व मीटिंग किये कल भी इस्लाह के लिए हर महिने उर्दू कि 11 तारिख को महफिले जिक्र का इन्काद जारी है।

साथ ही उसमें सिर्कत करने वाले तकरीबन 200 जाकरीन काम वगैरे का इन्तेजाम भी उसी के जिम्मा है।

मरकजि काजिये शहर प्रयागराज सनदे निकाह शाख कि तरफ से जारी किया गया है। मुसलमान बच्चों के लिए अकीदा व अमल कि समूलियतों के साथ दीनी तालीमगाह मकयाम व ताम का इन्तेजाम किया गया है और गढ़ मे जमाते रजा -ए- मुस्ताफा कि जिम्मेदारी आली जनाब सूफी अबरार अहमद, आजाद खाँ, वकील अच्छे मिया साहब को दी साथ ही साल जारी मे होने वाले कामो की लिस्ट बहुत जल्द जारी करने का एलान किया`जमात के दौरे में मो नसीम, हाफि ज आफताब, फिरोज खान, तौहीद, मो एजाज, मो मुस्ताक, सिकंदर, अल्ताफ समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। आखिर मे जिक्रो दुआ से महफिल का इख्तताम हुआ।

# नेहरु ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज का दीक्षांत समारोह शनिवार को सुबह 9:30 बजे से विश्वविद्यालय के शशि परिसर में स्थित शोध केंद्र में आयोजित होगा। इस अवसर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एस. एन. अग्निहोत्री समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति जे.एन. मिश्र, कुलपति प्रो0 संजय श्रीवास्तव, प्रति कुलपति डॉ0 एस0सी0 तिवारी, कुलसचिव आर0 एल0 विश्वकर्मा सहित प्रबंध समिति, विद्या परिषद के सदस्यगण व शिक्षकगण सम्मिलित होंगे। कुलपति प्रो0 संजय श्रीवास्तव ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के जार्जटाऊन कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि दीक्षांत समारोह में निर्धारित ड्रेस कोड में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को समारोह स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के अपने विभाग में सर्वोच्च अंक प्राप्त स्नातक के 22 व परास्नातक के 28 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं पी-एच.डी. के 41 छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। प्रेस वार्ता को कुलाधिपति जे.एन. मिश्र, प्रति कुलपति डॉ० एस. सी. तिवारी, प्रो० सीथाम्मा, सचिव मनीष मिश्र ने भी सम्बोधित किया। दीक्षांत समारोह 10 जून 2023 को सुबह 9:30 बजे से प्रारम्भ होगा किन्तु विद्यार्थियों को सुबह 9 बजे ही अपना स्थान ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपराह्न 3:30 बजे रिहर्सल किया जाएगा।

# योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्यों में लापरवाही या उदासीनता बरतने पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**बैठक**

**जिलाधिकारी ने कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर जिला पंचायतराज अधिकारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री शुक्रवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता पाये जाने एवं कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पीडब्लूडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर अधिशाषी अभियंता निर्माण खण्ड-3 का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर जिला पंचायतराज अधिकारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को वृक्षारोपण हेतु गड्ढ़े की खुदायी का कार्य निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के समय अधिक से अधिक फलदार वृक्षों को लगाये जाने की प्राथमिकता दी जाये। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पशुओं के टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग के कार्य को अभियान चलाकर कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने वेलनेस सेंटर के निमार्णाधीन कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने एवं क्रियाशील वेलनेस सेंटरों का सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आईजीआरएस की शिकायतों को अनिवार्य रूप से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस की समीक्षा करते हुए पोषण अभियान के तहत कितने नए बच्चों को चिन्हित किया गया है, उसकी सूची उपलब्ध कराये जाने का निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डे, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, पीडी श्री अशोक कुमार मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

## संक्षेप

### कलेक्ट्रेट आए अधिवक्ता की बाइक चोरी

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट कोतवाली के कसिया पूरब निवासी सुधीर कुमार अधिवक्ता है। शुक्रवार की दोपहर वह किसी काम से एडीएम कार्यालय गया था। कलक्ट्रेट परिसर में बाइक खड़ी करने के बाद वह कार्यालय के भीतर चला गया। इसी दौरान चोरों ने बाइक पार कर दिया। थोड़ी देर बाद वह बाहर निकला तो बाइक गायब देख सन्न रह गया। पीड़ित अधिवक्ता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

### बाइक की टक्कर से किशोर जख्मी

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के मधवामई निवासी रामसिंह ने बताया कि उसका बेटा अनुज खेत ओर गया था। देर शाम घर लौटते वक्त सड़क पार करते समय पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# पैमाइश से पहले ही खेत में हो गई किसान की हत्या

## पैमाइश से पहले नाप कराने आए अधेड़ को विपक्षियों ने कुल्हाड़ी से काट उतारा मौत के घाट

**कौशाम्बी।** कोखराज के नौढ़िया गांव में विवादित जमीन की शुक्रवार को पैमाइश से पहले नाप कराने आए अधेड़ को विपक्षियों ने कुल्हाड़ी से काट डाला। अधेड़ के साथियों पर भी हमला किया गया जिसमें एक लहूलुहान हो गया। दूसरा साथी जान बचाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

सैनी कोतवाली के रूपनारायणपुर गोरियों निवासी मुन्ना (50) पुत्र शिव विनायक ने कोखराज के नौढ़िया गांव में चार बीघा भूमि खरीदी है। इस भूमि पर नौढ़िया गांव के रामचंद्र व उसके भाई रूपचंद्र कब्जा नहीं करने दे रहे थे। मुन्ना ने भूमि की हकबंदी के लिए वाद दाखिल किया। शुक्रवार को पैमाइश होनी थी। दोनों पक्षों को लेखपाल साधना ने फोन कर इसकी



घटनास्थल की जांच करती पुलिस



घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी घटना की जानकारी लेते हुए

जानकारी दी थी। मुन्ना बिदनपुर निवासी रामनरेश साहू और अवधेश के साथ शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे नौढ़िया गांव पहुंच गया। वह अपने साथियों को भूमि दिखा रहा था। इसी बीच वहां रामचंद्र, उसका भाई रूपचंद्र, बेटा संजय, बादल व चैक्खन पहुंच गए। राजस्व टीम पहुंचती इसके पहले ही कहासुनी हो गई। इससे आक्रोशित रामचंद्र व उसके बेटों ने मुन्ना पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। मुन्ना पर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से प्रहार किया गया। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं साथी रामनरेश साहू पर भी हमला किया गया। मौके से अवधेश किसी तरह जान बचाकर भाग निकला था। सूचना पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दंपती को मारपीट कर किया घायल

**कौशाम्बी।** सरायअकिल के बिगहरा उस्मानपुर निवासी रोशनलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे राजेश से पड़ोसी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पड़ोसी गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर पड़ोसी ने राजेश को लाठी-डंडा से मारापीटा। बीच-बचाव को उसकी बहू रेखा गई तो उसको भी मारापीटा। रोशनलाल ने मामले में पड़ोसी व उसके भाई व पत्नी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छत से गिरे वृद्ध की मौत

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के सैंबसा निवासी विन्देश्वरी (60) पुत्र जोखूलाल गुरुवार की रात को खा पीकर परिजनों के साथ घर की छत पर सो रहा था। रात करीब 11 बजे विन्देश्वरी लघुशंका करने के लिए उठा। संतुलन बिगड़ने पर वह छत से नीचे आ गिरा। इससे उसको गंभीर चोटें आई। घायल को परिजन आनन-फानन जिला अस्पताल लेकर आए। शुक्रवार की सुबह हालत नाजुक होने पर एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# बस को हरी झण्डी दिखाकर सीडीओ ने किया रवाना



हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते सीडीओ

**कौशाम्बी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिलाओं-बालिकाओं के कौशल विकास, सशक्तीकरण एवं उत्थान के लिए जवाहर प्लैनेटोरियम, आनन्द भवन, प्रयागराज भ्रमण को जाने वाली बस को सीडीओ रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग एवं आरएस ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा पुष्प प्रदान कर उज्जवल भविष्य एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी अजीत कुमार, महिला कल्याण अधिकारी पूनम पाल, जिला समन्वयक उमा साहू, सामाजिक कार्यकर्ता सिमरन भारती, लवलेश, जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर तथा अध्यापक-अध्यापिकायें एवं चन्द्रशेखर सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी कोईलहा के अध्यापक-अध्यापिकाओं के साथ कॉलेज की बालिकाओं को भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

## उमस से बेहाल बारिश का इंतजार

**कौशाम्बी।** मौसम आंख मिचौली कर रहा है। दिनभर चटक धूप व शाम होते ही आसमान में बादलों का झुंड दिखने के बाद गायब हो जाता है। मौसम विभाग के जानकार हल्की व मध्यम बारिश का अनुमान लगा रहे थे पर, बारिश नहीं हुई। पारा 45 पर जाकर अटक गया है। दिन रात उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है। उमस भरी गर्मी के साथ लू के गर्म थपेड़ों से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। पखवारेभर से दोआबा तप रहा है। अप्रैल महीने से 44-45 के बीच तापमान उछल-कूद कर रहा है। वायुदाब में कमी के कारण हवा की रफ्तार धीमी हुई तो रात से ऊंचाई में छाई धुंध ने उमस पैदा कर दिया। पखवारेभर से लोगों का घर से निकलना दुश्वार है। प्री मानसून का पूवार्नुमान भी काम नहीं आया। केरल में प्री मानसून आने के बाद रूक गया। मौसम विभाग के जानकारों की मानें तो गुरुवार व शुक्रवार को पारा 42-43 के बीच आंका गया।

# उद्यमियों की समस्या न किया जाए नजरअंदाज : डीएम

**बैठक**

### विभागीय अफसरों के साथ डीएम ने किया उद्योग बंधु की बैठक

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक किया। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों की समस्याओं को सुनने के बाद सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये।

बैठक में उपायुक्त उद्योग एस सिद्दीकी ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 395 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 34 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है। श्रम विभाग के 06, खाद्य एवं प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-07, खाद्य एवं औषधि विभाग के-08, कृषि विभाग के-10 एवं आबकारी विभाग के-03 सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण को



कलेक्ट्रेट में उद्योग बंधु की बैठक करते डीएम

शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि एम.वाई.एस.वाई योजना के तहत 67 लक्ष्य के सापेक्ष 10 तथा ओडी.ओ.पी योजनान्तर्गत 21 लक्ष्य के सापेक्ष 04 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रिम आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बताया कि गौसपुर टिकरी एवं भेलखा में नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी यू.पी.सी डा, कानपुर एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक यू.पी.सीडा, प्रयागराज को भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित कर दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभावी पैरवी कर अग्रिम कार्यवाही कराने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी उद्यमियों एवं व्यापारियों से कहा कि ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के तहत प्रस्तावित प्रोजेक्ट से सम्बन्धित यथा-भूमि कनवर्जन आदि कोई समस्या आती है तो उन्हें अवगत कराया जाय, तत्काल निस्तारण कराया जायेंगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा प्रवेश केसरवानी, सुधीर, प्रमोद साहू, पवन कुमार, गौरी शंकर, विकास गुप्ता, धर्मेन्द्र केसरवानी रमन केसरवानी संदीप कुमार सहित अन्य उद्यमी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें।

बैठक में बताया गया कि थाना पश्चिम शरीरा के बगल में लगे ट्रान्सफार्मर में पूर्व में कई बार आग लग गई है, जिससे व्यापारियों व राहगीरों को जान-माल का खतरा बना रहता है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, विद्युत एवं ई.ओ को मौके पर जाकर व्यापारियों के साथ बैठक कर सहमति बनाकर ट्रान्सफार्मर शिफ्ट कराने के निर्देश दियें। बैठक में देवीगंज व्यापार मण्डल द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य बाजार में 400 केवीए का ट्रान्सफार्मर है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिस पर अधिशासी अभियंता, विद्युत ने बताया कि आवश्यक कार्यवाही की जा रहीं है। जिलाधिकारी ने ई.ओ सिराथू को सिराथू बाजार में मंझनपुर रोड पर सरकारी गेस्ट हाउस के बाहर बनकर तैयार शेष 04 दुकानों को भी नियमानुसार शीघ्र ही आवंटित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी ई0ओ0 को प्रत्येक माह व्यापारियों की सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के साथ बैठक कराकर स्थानीय समस्याओं को निस्तारित कराने के निर्देश दियें। बैठक में व्यापार मण्डल सिराथू द्वारा नगर पंचायत सिराथू में सरकारी जमीन पर खेल का मैदान बनाये जाने के मॉग पर बताया गया कि खेल के मैदान की पैमाइस के लिए उप जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही की जा रहीं है। बैठक में जिला व्यापार मण्डल द्वारा अवगत कराया गया कि मण्डी परिसर में पूर्व में जो दुकाने आवंटित की गई है उसकी रजिस्ट्री नहीं हो पायी है, इसकी जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किये जाने पर सचिव, मण्डी समिति ने बताया कि व्यापारियों द्वारा रजिस्ट्री नहीं करायी जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बन्धित व्यापारियों को नोटिस दिया जाय, तत्पश्चात जिन व्यापारियों द्वारा रजिस्ट्री नहीं करायी जा रहीं है उनके आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जाय।

# नशेढ़ियों का मुफीद ठिकाना बन गया पार्क



अनदेखी का शिकार पार्क

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी क्षेत्र अंतर्गत म्योहर स्थित पार्क अनदेखी का शिकार होता जा रहा है। पार्क की बैठने की बेंच, फर्श इत्यादि टूटे हुए हैं। पार्क में गंदगी का माहौल बना हुआ है और पार्क के अंदर भी कंटीली झाड़ियों के कारण जंगल बना हुआ है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते पार्क नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। जिस कारण आस पास के लोगों के लिए यह पार्क सुविधा की बजाए दुविधा बन गया है। देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पार्क ने अब जंगल का रूप ले लिया है। बसपा कार्यकाल जब पार्क का निर्माण करवाया था तो उस समय काफी मात्रा में अनेक प्रकार के पेड़ पौधे लगे थे। लेकिन पार्क की सही देख रेख नहीं होने से पार्क की हालत दिन प्रति दिन खस्ता होती गई, और आज हालात यह हो गए कि पार्क में लोग घूमने के बजाय रात में नशेढियों का मुफीद ठिकाना बन गया है। जबकि इलाकाई लोगों की बातों पर गौर करें तो कहा जा रहा है कि यदि पार्क की ओर जिम्मेदारों की निगाह पड़ जाए और फिर से वहां की सौंदर्यता कायम करा दी जाए तो लोगों को घूमने या फिर सुकून लेने की अच्छी जगह बन जाए। हालांकि बुद्धिजीवियों ने इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### निःशुल्क शुगर जांच कैंप का आयोजन आज

**पूरामुफ्ती, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती स्थित आर.डी. मेमोरियल हॉस्पिटल में शनिवार को निशुल्क मरीजों को कैंप के माध्यम से जांच की जाएगी। जानकारी देते हुए डॉ विजय कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में शनिवार को निशुल्क शुगर मरीजों के जॉच हेतु कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति शुगर रोग से पीड़ित हैं वे शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े बारह बजे तक निशुल्क जॉच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिससे शुगर जैसी बीमारी का सही समय पर इलाज किया जा सके।

### लड़की भगा ले गया मनचला युवक

**कौशाम्बी।** कोतवाली इलाके के एक ईट भट्ठे में काम रहे मजदूर की बेटी को मनचला युवक प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया। बेटी के गायब होने के बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। पीड़ित किशोरी की मां थाने पहुंची और मामले में आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

## डीएम के आदेश पर भारी पड़ रहे डीडीओ

### सचिव पर कार्यवाही न होने से महकने में चर्चा का माहौल

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के बिदनपुर ककोढ़ा में तैनात सेक्रेटरी को बचाने की कवायद अफसरों ने शुरू कर दी है। डीएम के निर्देश के बाद भी डीडीओ ने अभी तक सेक्रेटरी को निलंबित नहीं किया है। जबकि डीपीआरओ ने ग्राम प्रधान को निलंबित कर दिया है। डीडीओ सचिव को क्यों नहीं निलंबित कर रहे हैं, इसको लेकर तमाम तरह की चचाएं हो रही हैं।

बिदनपुर ककोढ़ा गांव में वित्तीय वर्ष 2021-22 में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण के लिए शासन द्वारा 24 लाख 11 हजार 640 रुपए ग्राम सभा के खाते में भेजा था। प्रधान व सेक्रेटरी ने मिलीभगत कर धनराशि निकाल लिया और भूमि न होने की बात कहकर निर्माण नहीं कराया। इस पर एसडीएम सिराथू ने 29 अप्रैल 2023 को भूमि उपलब्ध करा दिया। भूमि उपलब्ध होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू न कराने पर डीएम सुजीत कुमार ने ग्राम प्रधान को निलम्बित करने का आदेश डीपीआरओ व सेक्रेटरी वीरेंद्र कुमार के खिलाफ कार्रवाई का आदेश डीडीओ विजय कुमार को दिया था। डीपीआरओ डॉ. बाल गोविंद श्रीवास्तव ने ग्राम प्रधान के खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई डीएम के निर्देश के तत्काल बाद कर दिया पर डीडीओ ने कार्रवाई से पहले शोकाज नोटिस का पेंच फंसाते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। यहां पर अहम सवाल यह है? कि जब जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने कार्रवाई का आदेश दिया तो डीडीओ द्वारा शोकाज का नोटिस जारी करना आखिर क्या दशार्ता है? बहरहाल डीएम के आदेश के पखवारेभर बाद भी सेक्रेटरी पर कार्रवाई का न होना महकमें में चर्चा का विषय बना हुआ है।



पुलिस के साथ पकड़ा गया शराब कारोबारी

## अवैध शराब कारोबारी पर पुलिस का शिकंजा

**कौशाम्बी।** अझुवा चौकी क्षेत्र में बन रही अवैध शराब की जानकारी पर शुक्रवार को चैकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य मय फोर्स मौके पर पहुंचे। हालांकि पुलिस के हत्थे शराब व कारोबारी चढ़ा। मौके से करन पुत्र गंगा प्रसाद निवासी अझुवा को अवैध शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए चालान न्यायालय भेजा है।

# तमंचे के बल पर पीड़ित का तोड़वा रहे मकान

**कनैली, कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी अंतर्गत सोनवारा गांव निवासी एक व्यक्ति ने एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप लगाया है कि उसके मकान का बंटवारा काफी दिन पहले हो चुका है बावजूद उसके घर पर कब्जा करने की नियत से लोग जबरिया मकान तोडवा रहे हैं। विरोध करने पर तमंचे दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहे हें। सोनवारा गांव निवासी शोभा लाल पुत्र गया प्रसाद के मुताबिक उसका पैतृक मकान का बंटवारा कई वर्षों पूर्व हो चुका था। बावजूद परिवार के ही गरीलाल पाल पुत्र स्व. जगमोहन, छोटेलाल पुत्र पंचम, लवकुश सेन पुत्र गोरेलाल, छेदीलाल पुत्र धर्मू सेन आदि लोग जबरिया उसके मकान में कब्जा करना चाह रहे हैं। इतना ही नहीं पीड़ित घर पर नहीं था तो उक्त लोग लेबर आदि लेकर पहुंचकर मकान को तोड़वाने लगे। जानकारी पर जब पीड़िता पहुंचा तो उसके कनपटी में तमंचा सटा दिए। हालांकि पीड़ित ने थाना पुलिस ने न्याय मांगा सफलता न मिलने पर एसपी से न्याय की गुहार लगाया है।

### युवक को पड़ोसियो ने दौड़ाकर पीटा

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली के खोपा गांव का अप्पू पुत्र राम प्रसाद खेत की ओर गया था। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे पड़ोसी मुकेश ने साथियों के साथ मिल उसे दौड़ा लिया। इसके बाद दबोचते हुए बेरहमी से पिटाई कर दिया। मारपीट देख आस-पास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे। बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी दी। देर शाम पीड़ित के भाई संजय की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों केखिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत रामपुर गांव की सुमन देवी पत्नी सोनू गौतम ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया हे कि उसकी शादी महज दो हफ्ते पूर्व हुई है। शादी के एक हफ्ते बाद से ही शराबी ससुर व सास ने विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिए था। वृहस्पतिवार की रात्रि को ससुर सुरेश कुमार शराब के नशे में धुत्त होकर कर विवाहिता को भद्दी भद्दी गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर सास,ससुर ने विवाहिता को बुरी तरह से मारपीट कर घर से निकाल दिए। हालांकि जानकारी पहुंचे मायके वाले विवाहिता को लेकर घर गए और घटना की लिखित शिकायती पत्र थाना पुलिस को सौंपा। पुलिस प्रकरण की जांच में जुट गई थी।

# बोर्ड की प्रथम बैठक में खींचा गया नगर के विकास का खाका

**बैठक**

### 15 सभासदों ने पटल पर रखे 388 प्रस्ताव

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में नगर के गठन के पश्चात प्रथम बोर्ड की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जगनारायण ने किया। कार्यक्रम में नगर के बोर्ड की पदेन सदस्य चायल विधायिका पूजा पाल मौजूद रहीं। बैठक में सर्वसम्मति से आपस में मिलजुलकर नगर के विकास करने पर जोर दिया गया। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह ने किया। बोर्ड की बैठक में नगर के कुल 15 सभासदों द्वारा 388 कार्यों के प्रस्ताव सदन पटल पर रखे गये। इस पर कार्य योजनाओं को समय से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। पेयजल, प्रकाश व्यवस्था से सम्बन्धित विभिन्न प्रस्तावों को पारित किया गया।



चरवा नगर पंचायत में बैठक करते अध्यक्ष, मौजूद चायल विधायिका

### जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

कौशाम्बी। सदर कोतवाली के धमुर्हापुर (सेलरहा पूरब) निवासी रामसागर पटेल (35) पुत्र जंग बहादुर तीन दिन पहले खेत में दवा का छिड़काव करने गया था। इसी दौरान उसको एक जहरीले जंतु ने काट लिया। परिजनों ने उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार की सुबह राम सागर को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संक्षेप

### आरोपी पर दर्ज हुआ मुकदमा, भेजा गया जेल

**लालगंज।** उदयपुर पुलिस ने एक आरोपी को प्रतिबंधित गोमांश व लोहे के चापण व एक चाकू तथा तराजू आदि के साथ धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। उदयपुर के दरोगा रणविजय सिंह फोर्स के साथ गुरूवार को दोपहर गश्त के साथ निकले थे। पुलिस को सात जून को थानाक्षेत्र के वीरगढ़ गांव में एक व्यक्ति के गोवंश के गायब होने की सूचना मिली थी। आरोप है कि पीड़ित ने अपने गोवंश की तलाश शुरू की तो बगल के गांव करीमनपुर में उसने आरोपी को गोवंश को काटते देख लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस ने वीरगढ गांव से ही आरोपी करीमनपुर निवासी इमामअली के पुत्र रहमतअली को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को दर्ज मुकदमें में दूसरे दिन शुक्रवार को जेल भेज दिया।

# सभी अधिकारी अपने कार्यो एवं दायित्वों का शत-प्रतिशत अनुपालन करें : जिलाधिकारी

**समीक्षा**

**डीएम ने किया शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा**


बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। बैठक में सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान नहरों में पानी पहुॅचने की जानकारी ली गयी तो बताया गया कि 30 जून तक नहरों में पानी संचालन शुरू हो जायेगा, जिसकी कार्ययोजना बनाकर तैयार कर ली गयी है। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि शौचालय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है कुछ अधूरे है जिन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जायेगा जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 15 जून तक पूर्ण हुये शौचालय का सत्यापन करा लिया जाये। हैण्डपम्प रिबोर होने की जानकारी प्राप्त की तो बताया गया कि हैण्डपम्प खराब थे उन्हें सही करा लिया गया है और जो हैण्डपम्प खराब पाये जायेगें उन्हें सही करा लिया जायेगा। पंचायत भवनों के आधे-अधूरे कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर आयी हुये शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये, शिकायतें डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पायें। वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं निराश्रित महिला पेंशन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कराये गये कार्यो का निरीक्षण समय पर अवश्य करें अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी। निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थलों की निरन्तर निगरानी करते रहे, गो संरक्षण केन्द्रों पर चारा, पानी, प्रकाश, पशुओं के स्वास्थ्य आदि की समुचित व्यवस्था बनाये रखे। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत गोवंश के पशुपालक को समयानुसार धनराशि भेजी जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कायाकल्प योजना, जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वरोजगार योजना, सामाजिक वानिकी, मत्स्य सम्पदा योजना, कन्या सुमंगला योजना, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अन्त में जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को अवश्य दिया जाये, कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यो एवं दायित्वों का शत प्रतिशत अनुपालन करें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


नवजात को चाइल्ड लाइन के हांथ शुपुर्द करती पुलिस

## चबूतरे पर पड़ा मिला नवजात

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के चौबरियन का पुरवा देवरपट्टी गांव के पास शुक्रवार को नीम के चबूतरे पर एक नवजात मिला। उधर से गुजर रही गांव की शकीला बानो की नजर शिशु पर पड़ी तो उसे उठा लिया और गांव के लोगों को जानकारी दी। नवजात शिशु के मिलने की खबर मिलते ही एसओ त्रिलोकी नाथ पाण्डेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नवजात को महिला आरक्षियों संग थाने लाए। जनपद की चाइल्ड लाइन की टीम को फोन किया तो दोपहर बाद वह लोग थाने पहुंचे। टीम नवजात को अपने साथ ले गई।

### दहेज हत्या का वांछित धाराया, गया जेल

**लालगंज।** उदयपुर पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित आरोपी को धर दबोचा। उदयपुर थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज शुक्रवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सुबह करीब पांच बजे अचानक सूचना मिलने पर वह थाना क्षेत्र के बहेलियन का पुरवा राजापुर पहुंचे । यहां से उन्होने दहेज हत्या में वंछित अनिल गौड़ पुत्र झुरई को धरदबोचा। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

## आईजीआरएस पोर्टल पर डिफाल्टर श्रेणी पाये जाने पर होगी कार्यवाही : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा है कि माह के प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर लम्बित सन्दर्भो की समीक्षा की जायेगी। समीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी के स्तर पर 01 भी डिफाल्टर सन्दर्भ निस्तारण हेतु अवशेष पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारीगण का 01 दिवस का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकते हुये स्पष्टीकरण निर्गत किया जायेगा। माह में लगातार 03 बार डिफाल्टर श्रेणी में सन्दर्भ होने अथवा स्पष्टीकरण सन्तोषजनक न पाये जाने की दशा में सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रचलित किये जाने हेतु संस्तुति शासन को पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधिकारी का होगा। उन्होने बताया है कि मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में आईजीआरएस प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सन्तुष्टि परक बनाये जाने हेतु शासनादेश में संशोधन किया गया है। वर्तमान व्यवस्थानुसार सम्बन्धित माह के अन्त में अवशेष डिफाल्टर सन्दर्भ की कुल संख्या के अनुसार अंक प्रदान किये जाते थे, परन्तु अब यह व्यवस्था संशोधित करते हुये आलोच्य माह में किसी भी तिथि में डिफाल्टर हुये सन्दर्भ को डिफाल्टर माना जायेगा एवं तद्नुसार मूल्यांकन मार्कशीट में गणना की जायेगी एवं जनपद की रैकिंग निर्धारित की जायेगी। इसलिये आवश्यक है कि दैनिक आधार पर जनपद के किसी भी अधिकारी के पास ऐसे कोई भी सन्दर्भ निस्तारण हेतु लम्बित न हो जो डिफाल्टर श्रेणी के हो।

## पिकअप ने बालक को रौंदा, मौत

**प्रतापगढ़।** दिलीपपुर बाजार में सामान खरीदने के लिए घर से निकलते ही 10 वर्षीय बालक को पिकअप ने रौंद दिया। इससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक पिकअप को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। दिलीपपुर बाजार के पुरवा निवासी वाहिद सिद्दीकी उर्फ मुन्ना कुछ दूर पर ऑटो गैराज चलाता है। उसका 10 साल का बेटा मो. हुसैन शुक्रवार सुबह दस बजे घर का सामान खरीदने के लिए बाहर निकलकर सड़क पर पहुंचा तभी प्रतापगढ़ से जामताली की ओर जा रही पिकअप ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक पिकअप को छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# डीएम ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण


कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री के 12 जून के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल बनवीरकांछ का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व सम्पूर्ण व्यवस्था जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने कार्यक्रम स्थल के आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर आने-जाने वाली सड़कों को दुरूस्त करा लिया जाये एवं जिससे कोई समस्या उत्पन्न न होने पाये। कार्यक्रम स्थल के आस-पास वैरीकेडिंग करा ली जाये। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल के पास जर्जर खम्भों एवं तारों को ठीक करा लें। ईओ नगर पालिका परिषद का निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल के पास पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहें जिससे जनमानस को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आने पाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सावन मेले और अधिमास को लेकर आयोजित हुई बैठक

**प्रतापगढ़।** बाबा हौदेश्वरनाथ धाम पर तीन जुलाई से शुरू हो रहे सावन मेले और अधिमास को लेकर शिव भक्तों, श्रद्धालुओं की मेले में सुविधा देने को रणनीति तय की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन के साथ ही मेला कमेटी और व्यापारी भी शामिल रहे। मेला कमेटी के प्रबंधक जुगनू विश्वकर्मा की अध्यक्षता व एसओ संतोष सिंह के निर्देशन में बाबा हौदेश्वरनाथ धाम पर बैठक हुई। जिसमें तीन जुलाई से शुरू हो रहे सावन मेले, अधिमास मेले में गंगा स्नान और भगवान शिव के जलाभिषेक को आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने की रणनीति तय की गई। गंगा में लोगों को डूबने से बचाने को गोताखोर, जल पुलिस, नाविकों की टीम लगाने की बात हुई। मेले में दुकाने लगाने वाले व्यापारियों से आईडी प्रूफ जमा किए जाने को कहा गया है। जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओ के साथ किसी तरह की असुरक्षा की बात न रहे। साइकिल स्टैन्ड, वाहन स्टैन्ड, पेयजल, स्वास्थ्य शिविर लगाने पर भी चर्चा हुई। एसओ संतोष सिंह ने कहा किसी तरह की कोई भी बात होने पर आपस में विवाद न करके सीधे मेला कार्यालय व पुलिस कैम्प कार्यालय पर अवगत कराएं। इस मौके पर देवदत्त मिश्रा, रमाकांत शुक्ला, विनय कुमार ओझा, आलोक तिवारी, ओम प्रकाश, मानवेन्द्र सिंह, सौरभ, पुजारी विजय शंकर गिरी, मोहित मिश्रा, राजमणि विश्वकर्मा, सज्जन, अनिल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# जिला जज ने सिविल कोर्ट का किया औचक निरीक्षण, वकीलों ने सौपा ज्ञापन


जिला जज को ज्ञापन सौपते लालगंज के अधिवक्ता

**लालगंज।** जिला जज ने स्थानीय सिविल न्यायालय परिसर में निमार्णाधीन एसीजेएम तथा एडीजे कोर्ट की प्रगति का गुरूवार की देर शाम औचक जायजा लिया। जिला जज अब्दुल शाहिद गुरूवार की देर शाम अचानक सिविल न्यायालय आ पहुंचे। डीजे ने परिसर में निमार्णाधीन एडीजे तथा एसीजेएम कोर्ट को हर हाल में इक्कतीस जुलाई तक पूर्ण किये जाने के कार्यदायी संस्था को कडे निर्देश दिये। जिला जज ने निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के लिए भी आगाह किया। उन्होने निमार्णाधीन अदालत भवनों में अग्निनिरोधक संयत्र तथा सुरक्षित विद्युतीकरण व भूकम्परोधी उपायों को लेकर भी दिशा निर्देश दिये। वही जिला जज ने सिविल न्यायालय परिसर का भी निरीक्षण कर साफ - सफाई के बंदोबस्त और दुरूस्त बनाये जाने को कहा। जिला जज ने अभिलेखीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान एडीजे प्रथम एनके ओझा तथा सीजेएम मनोज कुमार व सिविल जज अरविंद कुमार सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान ही अधिवक्ताओं ने जिला जज से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में सौपे गये ज्ञापन में वकीलों ने आउट लाइन कोर्ट में सीसी कैमरे लगवाये जाने तथा वादकारी शेड के निर्माण के लिए प्रशासनिक अनुमति का डीजे से अनुरोध किया। जिला जज ने निरीक्षण में मौजूद लालगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल को वाह्य न्यायालय में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर भी निर्देश दिये। इस मौके पर महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी , पूर्व महामंत्री संदीप सिंह, मो0 नौशाद, मो0 दानिश, विभाकर शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

## तेंदुआ की अफवाह पर मचा हड़कम्प

**लालगंज।** लीलापुर थाना क्षेत्र के इटौरी गांव में गुरूवार की देर रात एक मवेशी को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। गांव के संजय पाण्डेय की भैस को अचानक किसी जंतु ने काट लिया तो वह चिल्लाने लगी। इस पर घर के लोग जगे और वहां पहुंचे तो किसी जानवर के पैर का निशान देख घबरा गये। ग्रामीणों में गांव में तेदुआ के पहुंचने की आंशका फैल गयी। शुक्रवार को भी ग्रामीणों में तेदुआ के भय को लेकर अफरा-तफरी का माहौल दिखा। सूचना मिलने पर लालगंज के वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्रा ने वन विभाग की टीम को गांव भेजा। वन विभाग की टीम ने जानवर के पदचिन्ह का जायजा लिया। तो फिसिंग कैट के पद चिन्ह की पुष्टि हुई। इसके बाद वनविभाग की टीम ने ग्रामीणों को विस्तृत रूप से सूचना देते हुए उन्हें सतुष्ट किया।

# सड़क किनारे खड़े वाहन से टकराई बाइक, किशोर की मौत




**प्रतापगढ़।** भाई की शादी में मिली बाइक से घर वापस आ रहा किशोर खड़े वाहन से टकरा गया। इससे किशोर की मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा मासूम बालक और एक अन्य किशोर घायल हो गया। किशोर को गंभीर हालात में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

रानीगंज के धनुहा गांव निवासी शिव कैलाश पटेल के चार बेटों में दूसरे राजन पटेल की शादी के लिए गुरुवार को बारात जौनपुर मछलीशहर भिखारीपुर गई थी। शुक्रवार सुबह शादी में मिली बाइक लेकर शिव कैलाश का सबसे छोटा बेटा दीनानाथ पटेल (16) घर आ रहा था। उसने बाइक पर अपने चचेरे भाई मुकेश (15) और एक साल के शिवलाल को बैठाया था। फतनपुर के सेनापुर गांव के पास गौरा माइनर पर खड़े वाहन से बाइक टकरा गई। दुर्घटना में तीनों घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को अस्पताल भेजा गया। जहां पर एक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

## समस्याओं को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपते किसान

**प्रतापगढ़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को बाबागंज में किसानों ने बैठक की। इलाके के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा किया। प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से मांग की। समस्याओं को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ को देने गए, लेकिन बीडीओ नहीं मिले तो डीएम को संबोधित ज्ञापन ब्लाक के एकाउन्टेंट को देकर किसान वापस लौटे। इस मौके पर लल्लन पटेल, त्रियुगी नारायण, कमलेश कुमार मौर्य, त्रिलोकी प्रसाद, वीरेन्द्र कुमार, रानी देवी, फूला देवी, राम लखन पाण्डेय. मनीराम सरोज, सुशील, रोशन लाल, सुनीता, सरिता सरोज आदि मौजूद रहे।

## अधेड़ का शव बरामद परिजनों में कोहराम

**लालगंज।** पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने निकले अधेड़ का चार दिन बाद शव बरामद होने से हड़कम्प मच गया। लालगंज कोतवाली के भवरामबोझी निवासी हृदय नारायण के पुत्र रमाकांत मिश्रा उम्र (55) पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने गांव के कुछ लोगों के साथ मानिकपुर गये थे। इसके बाद मृतक अपने घर देर रात तक वापस नही लौटा। परेशान परिजनों ने मृतक के गायब होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने मृतक की गुमशुदगी दर्ज कर ली। गुरूवार की शाम मृतक का शव प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली के चिलबिला के समीप बरामद हुआ। सूचना घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के शव का प्रतापगढ़ के जिला मेडिकल कालेज में शुक्रवार को पीएम कराया गया।

## लाइनमैन की पिटाई के मामले में दोनों पक्ष से मुकदमा दर्ज


**प्रतापगढ़।** बिजली देय के बकाये को लेकर कनेक्शन काटने पहुंचे लाइनमैन की महिला द्वारा पिटाई को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष से भी लाइनमैन पर बदसलूकी को लेकर महिला द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी है। लालगंज कोतवाली के कौड़ियाडीह गांव में आठ जून को दिन में करीब पौने दो बजे विद्युत उपकेन्द्र धारूपुर में तैनात लाइनमैन विश्वनाथ प्रताप सिंह सहयोगी कर्मचारियों के साथ कौड़ियाडीह गया हुआ था। लाइनमैन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव में विद्युत बकाये को लेकर वह केबिल काटने के लिए पोल पर चढ़ा था कि गांव के नारायण दत्त शुक्ल की पत्नी रोली शुक्ला ने लाठी डंडे से उसके ऊपर हमला कर दिया। आरोपी महिला ने गाली गलौज करते हुए जांनलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की देर रात आरोपिता रोली के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष से भी दी गयी तहरीर में रोली शुक्ला ने कहा है कि लाइनमैन विश्वनाथ प्रताप सिंह जो बगल के थाना महेशगंज के रूमतीपुर रायअसकरन पुर का है। वह अचानक चार पांच व्यक्तियों के साथ उसके दरवाजे पहुंचा। आरोप है कि विश्वनाथ प्रताप घर में घुस गया और पीड़िता को अकेली देख बदसलूकी करने लगा। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके पति की न मौजूदगी में आरोपी ने बदसलूकी का विरोध करने पर उसकी घर की बिजली काट दी और उसे धक्का देकर बदनियती से गिरा दिया। पीड़िता ने कहा है कि बचाव के लिए उसने पास मौजूद डण्डे को उठाया तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। शुक्रवार को मामला अधिवक्ता की पत्नी से जुड़ा होने के नाते गर्म हो उठा। कोतवाली में काफी देर तक विद्युत विभाग के अधिकारियों व अधिवक्ताओं की पंचायत भी हुई देखी गयी। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि लाइन मैन की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। जांच कर जो भी दोषी होगा कार्यवाई की जायेगी।

# दया जन कल्याण ट्रस्ट की बैठक संपन्न


बैठक में शामिल ट्रस्ट के लोग

**पट्टी।** पट्टी नगर में दया जन कल्याण ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य ट्रस्टी तथा अध्यक्ष डीएस गुप्ता ने लोगों को ट्रस्ट के वार्षिक क्रियाकलाप के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि इस ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा रहा है। विशेष आमंत्रित सदस्य विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रस्ट का नवीनीकरण नहीं कराया जाता है और ईमानदारी से काम करने पर इसमें काफी पैसा भी आता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यापक अजय कुमार जायसवाल, पत्रकार रोहित जायसवाल, शुभम श्रीवास्तव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## असद जैदी: चार टुकड़े



### भूगोल में गुम

बहुत बदनसीब हैं इस दुनिया में जिनमें हमारा भी शुमार है। लेकिन फेहरिस्तें एक दूर तक फैली पर्वत शृंखला हैं और नाम हैं अनगिनत कंकड़। बदनसीबी कोई घोड़ा नहीं कि उसपर सवार हो सकें। भूगोल में खोए रहना ही हमारा जीवन है।

### संभावनाएँ

आहिस्तगी तुम्हारी दुश्मन थी। जो दरवाजे खुले हुए हैं उन्हें भी भड़भड़ाकर अंदर घुसने की आदत तुम्हारी पुरानी रही। जैसे कि तुम्हारी ताकत से वे खुले हों! अपने अंतर में खामोशी को पकने देने से तुमने हमेशा ही खौफ खाया। तुम्हारे तेवर ने तुम्हारे लहजे को खुलने न दिया। तुमने अपनी आवाज खो दी। तुम न तहजीब के काबिल रहे न सियासत के। तो तुम किसी कि स्म के वकील बन गए या किसी तरह के दलाल--मक्कार और लुटेरे। भारतीय नियति इसी तरह हल होती है। हर हाल में तुमको मध्यवर्ग बने रहना आ जाता है। तुम अपने को कवि-लेखक भी कहने लगते हो, लेकिन इसमें क्या, कवि-लेखक तो कोई भी हो सकता है! हैं ही बहुतेरे, और कुछ अच्छे भी हैं।

### संयुक्त मोर्चा

बहुत से साम्प्रदायिकों ने/ साम्प्रदायिकता विरोधी प्रस्ताव पर /हस्ताक्षर कर दिए हैं
कुछ तो आगे आगे दिखाई दे रहे हैं/ और लीजिए अभियान का नेतृत्व भी
उनके हाथों में है / अब फासीवाद की खैर नहीं!

### सदर बाजार में

जब मैंने एक मुसलमान को, जो पल्लेदार था,
कई लोगों के बीच यह कहते हुए सुना,
'नहीं भाई साहब, हम मुसलमान परेशान बिल्कुल नहीं हैं, हमें आदत पड़ गई है।
परेशान तो हिन्दू भाई हैं। हम अगर परेशान हैं तो उनकी परेशानी से परेशान हैं।'
तो मैंने देखी उसकी गरिमा उसका विवेक/ उसे मालूम था हालात कहाँ तक जा चुके हैं/ उस आढ़तिये के मुनीम से जब वह कह रहा था,
'हम तुम्हारे पल्लेदार, हम भी तो इन्सान हैं',
तो दरअसल वह याद दिला रहा था, भाई जी
तुम भी तो इन्सान हो!

## जनसंपादकीय

# इंतजार रहेगा 23 जून का

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



देश की राजनीति में विपक्षी एकता की चर्चा कोई नया मुद्दा नहीं है। गाहे-बगाहे और थोड़े-थोड़े अंतराल पर इसकी चर्चा भी सुनाई देती रहती है। वास्तव में विपक्ष के किसी नेता को जब अपना राजनीतिक कद और किरदार बढ़ने या ऊंचा होने का गुमान होता है तो वो विपक्षी एकता का राग ऊंचे स्वर में गाने लगता है। वर्तमान में विपक्षी एकता का सदाबहार राग का गान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। वो अलग बात है कि जिन्हें वो ये राग सुनाना चाहते हैं, वो आधे अधूरे मन से ही उनका राग सुन रहे हैं। इसका संकेत तब मिला जब 12 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक को टालना पड़ा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को देश से हटाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से बुलाई गई विपक्षी दलों की महाबैठक अब 23 जून को पटना में होगी। इस महाबैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इस बैठक पर देश और राजनीतिक विशलेषकों की नजरें टिकी हुई हैं।

विपक्षी एकता की जब भी बात होती है तो कांग्रेस के रुख को समझना काफी जरूरी होता है। कांग्रेस भले ही पिछले कुछ सालों में देशभर में पिछड़ती जा रही हो और अपना जनाधार खो रही हो, लेकिन वो अब भी खुद को मुख्य विपक्षी पार्टी के तौर पर ही देखती है। कर्नाटक चुनाव में प्राप्त सफलता के बाद कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है और वह विपक्षी दलों को यह संदेश देना चाहती है कि उसकी स्थिति उतनी कमजोर नहीं जितनी वे मान बैठे हैं।

नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी के विरोध में विपक्ष के जिस मोर्चे को आकार देने के अभियान में जुटे हुए हैं उसमें तृणमूल, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, तेलुगु देशम, वाईएसआर कांग्रेस और बीआरएस जैसी पार्टियों को शामिल करने का भी इरादा है। लेकिन कांग्रेस को इनके साथ गठबंधन करने में आपत्ति भी है और संकोच भी। पंजाब और दिल्ली में कांग्रेस के अनेक नेता आम आदमी पार्टी से हाथ मिलाने के विरूद्ध है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, के.सी. राव जैसे नेता कांग्रेस को अपने राज्य में पैर जमाने का अवसर नहीं देना चाहते।

चंद्रबाबू नायडू के दोबारा भाजपा के साथ आने की अटकलें तेज हैं वहीं जगन मोहन रेड्डी भाजपा से अघोषित निकटता बनाए रखने की नीति पर चल रहे हैं। कांग्रेस को ये बात भी गंवारा नहीं हो रही कि नीतीश इस मोर्चे के शिल्पकार बनकर विपक्षी एकता का चेहरा बनें। वास्तव में, भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस को ये लगने लगा है कि राहुल अब पप्पू की छवि को ध्वस्त करते हुए नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर उभर रहे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में हालांकि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना में काफी पीछे हैं किंतु नीतीश सहित बाकी विपक्षी नेता तो मुकाबले में हैं ही नहीं।

नीतीश कुमार का फॉमूर्ला ह्यवन अगेंस्ट वनह्न का है। यानी अगर बीजेपी का एक उम्मीदवार है तो उसके खिलाफ विपक्षी गठबंधन का एक ही उम्मीदवार उतारा जाएगा। कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस सोचने लगी है कि विपक्षी गठबंधन की जरूरत अब उससे ज्यादा क्षेत्रीय दलों को है। बिहार और महाराष्ट्र सहित कुछ और राज्य हैं जहां कांग्रेस के किनारा कर लेने से उन दलों की स्थिति कमजोर हो जायेगी। जहां तक बात उत्तर प्रदेश की है तो वहां उसके पास खोने को कुछ नहीं बचा जबकि उसके साथ होने से सपा को कम मतों से हारी सीटों पर ताकत मिल सकती है। वास्तव में, नीतीश कुमार विपक्षी मोर्चे के संयोजक बनकर दबे पांव प्रधानमंत्री की दौड़ में बने रहना चाहते हैं। उन्हें उन परिस्थितियों की पुनरावृत्ति होने की उम्मीद है जिनमें एच.डी. देवगौड़ा और इंदर कुमार गुजराल की लॉटरी खुल गई थी। लेकिन कांग्रेस इस बार किसी भी प्रकार का खतरा मोल लिए बिना गठबंधन के अस्तित्व में आने के साथ ही प्रधानमंत्री पद का निर्णय भी कर लेना चाहती है। इस प्रकार विपक्ष की 12 जून को होने वाली बैठक का टलना कांग्रेस की नई रणनीति का हिस्सा है जिसके अंतर्गत वह क्षेत्रीय दलों की शर्तों की बजाय अपनी शर्तों पर विपक्षी एकता को शक्ल देना चाह रही है।

कांग्रेस के अंदरखाने से ये खबर आ रही है कि राहुल गांधी चाह रहे हैं कि इसी साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक विपक्षी गठबंधन को लंबित रखा जाए। और यदि उनमें भी उसे हिमाचल और कर्नाटक जैसी सफलता मिल गई तब उसका हाथ सौदेबाजी में काफी ऊंचा हो जायेगा। विपक्षी मोर्चे के बनने के पहले वह इस बात की प्रति आश्वस्त होना चाहेगी कि क्षेत्रीय दल उसके लिए नुकसानदेह न हों।

सही मायनों में कांग्रेस विपक्षी एकता का श्रेय और नेतृत्व आसानी से किसी और नेता को देने तैयार नहीं है। राहुल की अमेरिका यात्रा से भी पार्टी में उत्साह है। उसे लगने लगा है कि श्री गांधी ही विपक्षी नेताओं में अकेले हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर पहिचान रखते हैं। इसलिए विपक्षी मोर्चे की कमान भी उसी के हाथ में होना चाहिए। देखना ये है कि नीतीश, ममता, अखिलेश, के.सी राव और अरविंद केजरीवाल क्या कांग्रेस के झंडे के नीचे खड़ा होना पसंद करेंगे और राहुल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार स्वीकार करने की शर्त उनको मंजूर होगी?

कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस आत्मसमर्पण की मुद्रा में थी। इससे पहले विपक्षी एकता के लिए हुई बैठक में उसका रुख बेहद रक्षात्मक था। हालांकि कर्नाटक के नतीजे के बाद पार्टी एकता के लिए शर्तें रख रही है। पार्टी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि उसका आप, बीआरएस, केरल में वाम दलों से समझौता नहीं हो सकता। इसी शर्त के मद्देनजर नीतीश, ममता, पवार ने समझौते के लिए 474 सीटों का फामूर्ला पेश किया है। 23 जून को विपक्षी दलों की होने वाली बैठक अहम है। ममता, नीतीश और पवार चाहते हैं कि कांग्रेस इसी बैठक में 474 सीटों में से महज 244 सीटों पर लड़ने के लिए राजी हो जाए। अगर कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं हुई, तो विपक्षी एकता की संभावना धूमिल हो जाएगी। राजनीतिक विशलेषकों के अनुसार अगर पटना की बैठक में बात नहीं बनी तो विपक्षी एकता बेहद मुश्किल होगी। केंद्र में सत्ता परिवर्तन की सबसे अधिक जरूरत कांग्रेस को है, ऐसे में उसे ही अपना दिल बड़ा करना चाहिए।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क 99 3624 7777)**

# फासीवाद विरोध के मोर्चे पर औरतें

## समय- संदर्भ

**जयप्रकाश नारायण**



दबे पांव अंधेरा आ रहा था। मुल्क के सियासतदां और जम्हूरियत के झंडाबरदार अंधेरे के शनैः शनैः हो रहे विस्तार को देख रहे थे। हमारी जम्हूरियत विश्व फासीवाद के विध्वंसकारी अवसान की डरावनी स्मृतियों के बीच ही आकार ले रही थी। फासीवाद के मलबे पर दुनिया में आजादी ?लोकतंत्र और समाजवाद की बुनियाद पुख्ता हुई । संभवतः लोकतंत्र प्रेमियों के मन में फासीवाद की मरणांतक पराजय के बाद भविष्य में उसके पुनरुत्थान के खतरे को लेकर चिंता लगभग खत्म हो गई थी। धरती पर स्वतंत्रता समता बंधुत्व और समाजवाद का परचम लहरा रहा था ।ऐसी स्थिति में फासीवाद को जन्म देने वाली भौतिक परिस्थितियों (वित्तीय पूंजी के सबसे प्रतिक्रियावादी समूह )के प्रति निगाहें ओझल हो जाना स्वाभाविक था। आजादी के मदहोशी में हमारे मुल्क में भी ऐसा ही हुआ । हालांकि 1950 के आसपास कुछ राजनेता जिनमें पंडित नेहरू, श्रीपाद अमृत डांगे जैसे चिंतक शामिल थे, जो भारत में गांधी जी की हत्या और बंटवारे के समय हुए खूनी खेल को देखकर फासीवाद के आसन्न खतरे के प्रति सचेत थे । वे गांधी जी जैसे युगपुरुष की हत्या के बाद हिंदुत्व फासीवाद की विस्तारित हो रही आंतरिक ताकत और भारतीय समाज में गहरे तक धंसी हुई उसकी जड़ों को देख रहे थे। डॉक्टर अंबेडकर भारत की सामाजिक भूमि को फासीवाद के लिए नव स्वतंत्र देशों में सबसे उर्वरक भूमि के बतौर संविधान सभा में ही घोषणा कर चुके थे। और चिंता व्यक्त की थी कि अगर वर्ण जाति व्यवस्था को जड़मूल से खत्म नहीं किया गया तो राजनीतिक आजादी भी सुरक्षित नहीं रहेगी।

निम्न पूंजीवादी नेतृत्व वाली पार्टियों के सामने तात्कालिक लक्ष्य प्रधान होते हैं। इसलिए उन्होंने फासीवाद के खतरे को कम करके आंका और उसे सामाजिक वैधता देकर राजनीति की मुख्यधारा में ले आकर जीवनामृत प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। (1967 की संबिद सरकारें और77 की जनता पार्टी ) अंध कम्युनिज्म विरोध पर खड़ी पूंजीवादी लोकतांत्रिक दुनिया फासीवाद के खतरे को या तो अनदेखा कर रही थी या उसे बचाये रखना चाहती थी। जिससे पूंजीवाद के असाध्य संकट के समय फासीवाद को आगे किया जा सके।भारत में भी विभिन्न कारणों से ऐसा ही हुआ।

अब तो फासीवाद भारतीय समाज का यथार्थ बन चुका है । वह काल्पनिक खतरा नहीं है। बल्कि केंद्र की सत्ता पर कब्जा करने के बाद हमारे देश के लोकतंत्र और समाज के लिए बड़ी चुनौती बन खड़ा है । सत्ता? में आने के बाद अपनी प्रकृति के अनुसार वह लोकतांत्रिक संस्थाओं, मूल्यों और सामाजिक विविधताओं से बने जटिल भारतीय समाज और उसके मिले-जुले संबंधों संस्कृतियों पर हमला कर रहा है। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने के बाद वह एक काल्पनिक भय का सृजन करते हुए लोकतांत्रिक व्यक्तियों, वैज्ञानिकों, तर्क वादियों, साम्यवादियों से लेकर सभी तरह के अल्पसंख्यक समूहों को हर तरह से डराने धमकाने और चुप करा देने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है । उसके पीछे कारपोरेट पूंजी की लुटेरी ताकत खडी है। वर्णजाति का ब्राह्मणवादी ढांचा फासीवाद की सेवा में लगा है । जाति भेद पर खड़ा सामाजिक ढांचा गैर बराबरी की उर्वरक भूमि पर टिका होता है ।

ऐसी स्थितियों में 2014 के महा निर्वाचन में कारपोरेट पूंजी की ताकत के बल पर मोदी की विजय भारत के लोकतंत्र के भविष्य के लिए निर्णायक मोड़ साबित हुई।

निशाने-2014 में जीत कर आने के बाद मोदी के निशाने पर सबसे पहले उनकी पार्टी थी। चुनाव के पहले ही आडवाणी को किनारे लगाकर मोदी पार्टी में लगभग सर्व शक्ति संपन्न हो गए थे। उन्होंने एक-एक कर पुराने महारथियों को किनारे करना शुरू किया। अपने पूर्व सहयोगी अमित शाह को भाजपा का अध्यक्ष बनाकर मोदी ने पार्टी पर पूर्णतया अपना प्राधिकार कायम कर लिया। सत्ता पर कब्जे के बाद मोदी ने सत्ता संस्थानों को धीरे-धीरे नियंत्रण में लेना शुरू किया ।इसका चरम तब आया जब सीबीआई में कूप के बाद आलोक वर्मा को रात्रि के 1 बजे निदेशक पद से हटा दिया गया।

दूसरा , न्यायपालिका पर पड़ रहे दबाव का भंडा 4 जजों द्वारा की जाने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ फूट गया। इसी तरह सेना और नौकरशाही के ढांचे में अनेक तरह के परिवर्तन किए गए।धीरे-धीरे सभी संस्थानों की संवैधानिक स्वायत्तता को खत्म करते हुए मोदी ने भारतीय राज्य यंत्र को अपने कब्जे में कर लिया। इसके बाद शुरू हुआ विध्वंसक अभियान।

पहले कार्यकाल में मोदी ने कारपोरेट परस्त नीतियों को लागू करने तथा सत्ता के समानांतर संघ को मजबूत करने में अपनी शक्ति लगाई। संपूर्ण विमर्श लोकतंत्रवादियों, मानवाधिकार संगठनों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ केंद्रित किया गया। कम्युनिस्ट तो पुराने शत्रु थे ही। 2013 के भूमि अधिग्रहण और संरक्षण कानून को अध्यादेश के द्वारा पलटना, सत्ता की ताकत का खुला दुरुपयोग करते हुए मीडिया संस्थानों से लोकतांत्रिक आवाजों को बाहर करा देना और शिक्षण संस्थाओं खासकर विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता खत्म कर संघ के व्यक्तियों को महत्वपूर्ण पदों पर बैठाकर अपनी नीतियों को लागू किया जाना इसके उदाहरण हैं । मोदी की हिंदुत्व के मजबूत नेता की छवि और पुख्ता की गयी। हिंदुत्व की बुनियाद जाति वर्ण विभाजन पर टिकी है। इसके निचले पायदान पर दलित पिछड़े और महिलाएं आती हैं। हिंदुत्व की आत्मा में दलित पिछड़े और महिला समूह सबसे घृणित और उपेक्षित तबके है, जिन्हें किसी भी स्तर पर बराबरी का दर्जा नहीं दिया जा सकता लेकिन सरकार ने अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता में निशाने पर लिया ।

मोदी के पहले कार्यकाल से ही जो नीतियां ली गई उनकी अंतरात्मा जहां कारपोरेट पूंजी द्वारा संचालित थी वहीं उनकी धार स्वाभाविक तौर पर अल्पसंख्यकों, महिलाओं, दलितों के खिलाफ केंद्रित होती गई। जिससे इन सब तबकों में सरकार के प्रति विरोध बढ़ा। दलितों ने सरकार के खिलाफ बड़े-बड़े मोर्चा लगाए लेकिन एक समय आया जब औरतें ने हिंदुत्व फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व संभाल लिया। जिसे हम पिछले 9 वर्षों के दौरान स्पष्ट रुप से देख रहे हैं।

पुलवामा की घटना की पृष्ठभूमि में 2019 का चुनाव जीतने के बाद मोदी का असली चेहरा सामने आ गया। वे संघ के घोषित एजेंडे को डंके की चोट पर लागू करने लगे। सर्वप्रथम कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया गया। कश्मीर में तीखे जनविरोध के अलावा शेष भारत में इस सवाल पर बड़ा प्रतिवाद नहीं खड़ा किया जा सका। संघ की बहुत पुरानी नीति रही है की भारत के अल्पसंख्यकों को किसी ने किसी बहाने संदिग्ध बताकर उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया जाय। दूसरे कार्यकाल का दूसरा बड़ा नीतिगत फैसला सीएए- एनआरसी को लागू करना था। नागरिकता की नई परिभाषा में धर्म को घुसा दिया गया जो भारत के संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।

भारत के नागरिकों को सरकार द्वारा निर्धारित( संघनीति )नियमों के आधार पर नागरिकता प्रमाणित करने के लिए कानून बनाने का फैसला आया। ज्योंही यह कानून बहस के लिए लाया गया। सम्पूर्ण देश में अल्पसंख्यकों सहित सभी लोकतांत्रिक नागरिक सशंकित हो गए और इसका विरोध शुरू हो गया। लेकिन सरकार अपनी योजनानुसार आगे बढ़ती रही। खबरें आने लगी की असम सहित भारत के अनेक इलाकों में डिटेंशन कैंप बनाए जा रहे हैं । खबरें आने लगी करीब 17 लाख लोग अपनी नागरिकता प्रमाणित नहीं कर सके। उसमें कई ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति भी थे जो भारतीय सेना में रहते हुए मोर्चों पर लड़े थे और सरकार द्वारा सम्मानित हो चुके थे। ऐसे नागरिकों को डिटेंशन कैंपों में भेजा जाने लगा। 13 लाख से ज्यादा हिंदू भी नागरिकता प्रमाणित नहीं कर सके।

राजधानी दिल्ली में सरकार के नाक के नीचे शाहीनबाग मोहल्ले में हजारों महिलाएं एनआरसी के विरोध में सड़क पर आकर बैठ गयीं। दमन करने का रास्ता चुना गया किया । लेकिन दादियों और नानियों के नेतृत्व में शांतिपूर्ण आंदोलन चलता रहा। वे सड़क पर बैठी नहीं। इनसे बातचीत करने के बाद कोई भी आदमी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता था। शाहीन बाग का प्रभाव और विचार आग की तरह पूरे देश में फैलने लगा। देखते-देखते देश के लगभग सभी राज्यों महानगरों कस्बों तक में शाहिनबाग जन्म लेने लगे। सभी तरह के उकसावे दुष्प्रचार हमले से निरपेक्ष रहते हुए शाहीन बाग की औरतों ने दुनिया में नए तरह का शांतिपूर्ण आंदोलन का इतिहास रच डाला।इस तरह औरतें फासीवाद के खिलाफ लोकतंत्र के संघर्ष के मोर्चे की अग्रिम कतार में आ डटी।

किसान आंदोलन-कोविड-19 के बीच शाहिनबाग को पीछे हटना पड़ा। लेकिन उसकी लोकतांत्रिक प्रतिरोध की उर्जा भारत की महिलाओं के दिलो-दिमाग और चेतना में भर गई थी। इसलिए जब कोविड-19 की पहली लहर उतरते ही तीन कृषि कानूनों अध्यादेश द्वारा लाए गए तो हजारों किसान 26 नवंबर को दिल्ली की तरफ कूच कर दिए। तो किसान महिलाएं उनके बगल में आ डटीं। जिन लोगों ने टिकरी सिंघू और गाजीपुर बार्डर पर महिलाओं का जुझारू तेवर सहनशीलता और सेवा देखी है। वे निश्चित ही इस बात को स्वीकार करेंगे कि कारपोरेट फासीवाद के हमले का सबसे बड़ी प्रतिरोधक शक्ति महिलाएं हैं। कई महिलाएं तो किसान आंदोलन में बॉर्डर पर शहीद हुई। शिक्षाओर शिक्षण संस्थानों पर सुनियोजित हमले शुरू हुए। तो छात्राएं हमले के विरोध में चले आंदोलन की अग्रिम कतार में आ गई। जिन्हें पुलिस का दमन भी झेलना पड़ा।

महिला पहलवानों द्वारा प्रधानमंत्री के समक्ष और विभिन्न जगहों पर उठाए गए सवाल इस बात की गवाही देते हैं कि मोदी राज महिलाओं के लिए कितना यातना दायी हो चुका है। एक सवाल बहुत महत्वपूर्ण है कि लड़कियों का पहलवान बनना स्वयं एक बहुत बड़ा आत्म संघर्ष है। मोदी सरकार बलात्कार के आरोपी के साथ खड़ी होकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला पहलवानों के साथ क्रूरता बर्बरता की सारी हदें पार कर रही है। लेकिन बधाई देना चाहिए महिला पहलवानों को कि उन्होंने इस अंधकार भरे दौर में सार्वजनिक मंच पर आकर बच्चियों के साथ कुश्ती संघ के अध्यक्ष द्वारा किए गए यौन शोषण के सवाल को उठाया है। जो अध्यक्ष सवर्ण सामंती पुरुषवादी सत्ता का सबसे खूंखार चेहरा है।

वर्षों तक अनेकों यातना सहने के बाद अब महिलाएं अपनी स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष के मंच पर आ खड़ी हुई है तो हमें समझ लेना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र के लिए संघर्ष अब नई मंजिल में प्रवेश कर चुका है जो निश्चय ही भारत में नए सामाजिक जागरण का वाहक बनेगा । आज हम जिधर भी निगाह उठा कर देख रहे हैं ।महिलाएं संघर्ष के मोर्चे की अग्रिम कतार में हैं । चाहे वह आशा कर्मी हो,पैराशिक्षक हो ,आंगनबाड़ी, रसोईयां, घरेलू महिला कामगारिनें हों या खेत मजदूर महिलाऐं। सभी बेहतर सुविधाएं और लोकतांत्रिक व्यवहार के लिए संघर्ष के मोर्चे पर लड़ती हुई दिखाई दे रही हैं।

28 मई को जब भारत में संवैधानिक लोकतंत्र की जगह सेंगोल राजतंत्र का आगाज हो रहा था तो ठीक उसी समय फासिस्ट अंधेरे में डूबी दिल्ली की सड़कों पर महिला पहलवानों के सम्मान और डिग्निटी के लिए लडे जा संघर्षों से लोकतंत्र की नई किरण फूटती दिखाई दे रही थी। इस उम्मीद की किरण का स्वागत हर भारतीय को खुले दिल से आगे बढ़कर करना होगा। आज के समय में यही सच्ची देशभक्ति और समाज सेवा होगी।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# भारत-नेपाल सभ्यतागत संबंधों को नई उर्जा

## सामयिकी

**अरविंद जयतिलक**




नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल ह्यप्रचंडह्न की भारत यात्रा ने दोनों देशों के सभ्यतागत संबंधों को मिठास से भर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के साथ संबंधों को हिमालय जितनी ऊंचाई पर ले जाने के संकल्प के साथ सभी विवादित मुद्दों को सहज भाव से सुलझाने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के साथ भारत के शानदार रिश्ते की अहमियत पर बल देते हुए हुए कहा कि उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के तीन महीने के भीतर नेपाल की पहली यात्रा की और हिट (भ्ज्) फॉम्युर्ला (हाईवे, आई-वे और ट्रांस-वे) दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि गत नौ वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी हिट रही है। दोनों देशों ने सभ्यतागत संबंधों को नई उर्जा देने के लिए कई समझौतों पर सहमति जतायी है। इन समझौतों में नेपाल के शिरशा एवं जुलाघाट में दो पुल का निर्माण, मोतिहारी अमलेहगंज पाइपलाइन को चितवन तक ले जाने का प्रस्ताव, रुपईडीहा और नेपालगंज में एकीकृत जांच चौकियों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन, पनबिजली में सहयोग, चितवन और झापा में नए स्टोरेज टर्मिनल, नेपाल के लोगों के लिए नए रेलमार्ग, अंतरदेशीय जलमार्ग सुविधा का प्रावधान, भारतीय रेल संस्थानों में नेपाली रेलकर्मियों को प्रशिक्षण, रामायण सर्किट से संबंधित परियोजानाओं में तेजी लाना इत्यादि प्रमुख है। इसके अलावा बिहार के बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड के लिए एक मालवाहक रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखायी गयी। इन समझौतों पर मुहर लगने के बाद अब दोनों देश एकदूसरे के बेहद करीब आएंगे और कुछ मसलों पर उपजी गलतफहमियां दूर होंगी। वैसे भी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार कह चुके हैं कि रक्षा व सुरक्षा में भारत नेपाल के साथ है और उसे इत्मीनान हो जाना चाहिए कि नेपाल की शांति व सुरक्षा के लिए कोई भी खतरा भारतीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरे जैसा है। यानी नेपाल के मित्र भारत के मित्र हैं और नेपाल के शत्रु भारत के शत्रु हैं। यह सच्चाई भी है कि हिमालय की उपत्यका में बसा नेपाल का भारत से ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंध रहा है। लेकिन विगत दशकों में दोनों देशों के बीच कुछ मसलों पर दूरियां बढ़ी हैं जिसकी वजह से चीन को नेपाल के निकट जाने का मौका मिला। यहां ध्यान देना होगा कि चीन द्वारा तिब्बत को हस्तगत किए जाने के बाद से भारत-चीन संबंधों में नेपाल की सामरिक स्थिति का महत्व बढ़ा है। यही कारण है कि चीन भारत के खिलाफ नेपाल को अपने पाले में खड़ा करने की हरसंभव कोशिश करता है। लेकिन भारत-नेपाल के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों के कारण चीन की खतरनाक मंशा पूरी होने वाली नहीं है। उसका कारण यह है कि नेपाल को लेकर भारत की भूमिका सदैव बड़े भाई की रही है। आजादी के बाद से ही भारत नेपाल को हर तरह का प्रशिक्षण, तकनीकी और गैर तकनीकी सहयोग देता आ रहा है। अभी गत वर्ष ही भारत आए नेपाली प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस से हरी झंडी दिखाकर बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था के बीच चलने वाली टेज्न को रवाना कर आठ साल से बंद रेल सेवा को पटरी पर दौड़ाया। तब दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने बिजली ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन और नेपाल में भारत के रुपे भुगतान कार्ड की शुरूआत कर एक नए अध्याय की नींव रखी। गौर करें तो भारत ने नेपाल की कई परियोजनाओं में बढ़ चढ़कर सहयोग दिया है। इनमें देवी घाट, त्रिशुल करनाली और पंचेश्वर जल विद्युत परियोजनाएं अति महत्वपूर्ण हैं। भारत त्रिभुवन गणपथ, काठमांडु त्रिशुली मार्ग तथा त्रिभुवन हवाई अड्डा के निर्माण में भी सहयोग किया है। इसके अलावा भारत नेपाल के भू वैज्ञानिक अनुसंधान तथान खनिज खोजबीन के काम में भी मदद कर रहा है। भारत ने काठमांडु घाटी के एक उप नगर पाटन में एक औद्योगिक बस्ती की स्थापना कर रिश्ते को उर्जा से भर दिया है। लेकिन यह विडंबना है कि नेपाल के मन में कुछ आशंकाएं हैं। मसलन वह अब भी भारत के संदर्भ में जूनियर भागीदार के मनोविज्ञान से ग्रसित है तथा दक्षिण के पड़ोसी के आधिपत्य की आशंका का भूत उसे सताता रहता है। नेपाल भारत और चीन के साथ समदूरी सिद्धांत के आधार पर संबंधों का निर्वहन करना चाहता है। देखें तो यह उसकी परंपरागत नीति भी है। 1769 में आधुनिक नेपाल की स्थापना के साथ ही उसके निमार्ता पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल की विदेश नीति निर्धारित कर दी थी। उन्होंने कहा था कि नेपाल देश दो चट्टानों के बीच खिले हुए फूल के समान है। हमें चीनी सम्राट के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने चाहिए तथा हमारे संबंध दक्षिणी सागरों के सम्राट से भी संबंध मधुर होना चाहिए। नेपाल आज भी उसी पुरानी नीति पर कायम है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी लगातार दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने की कोशिश कर रहे हैं। याद होगा प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल की संसद को संबोधित करते हुए विश्वास दिलाया था कि वह भारत के सवा करोड़ लोगों की ओर से दोस्ती और सद्भावना का संदेश लेकर आए हैं। उनकी इच्छा है कि भारत और नेपाल विकास की डगर पर कंधा से कंधा मिलाकर चले। यहां ध्यान देना होगा कि भारत-नेपाल के बीच रिश्ते में खटास तब उत्पन हुआ जब 1987 में राजीव गांधी की सरकार ने नेपाल को अनाज, तेल और गैस की आपूर्ति बंद कर दी। सिर्फ इसलिए कि काठमांडों स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में राजीव गांधी और उनकी पत्नी सोनिया गांधी को प्रवेश और पूजा-अर्चना की अनुमति नहीं मिली। भारत के प्रतिबंध के बाद नेपाल की जनता सड़क पर उतर आयी और भारत विरोधी नारे लगाए। चीन इसका फायदा उठाने में सफल रहा। उसी समय से चीन नेपाल में अपनी भूमिका का विस्तार करने लगा। यह सच्चाई है कि नेपाली शासक और चीन के प्रबल पक्षधर राजा ज्ञानेंद्र को नेपाली जनता द्वारा खारिज किए जाने के बाद भी आज वहां चीन की पक्षधरता वाले लोगों की कमी नहीं है। बदलते परिदृश्य पर गौर करें तो नेपाल में एक ऐसा वर्ग तैयार हो गया है जो अपने यहां चीन की दखलादांजी को अनुचित नहीं मानता। चीन इस तथ्य से अवगत है और वह नेपाल के विकास के नाम पर अरबों लुटाने को तैयार है। अपने सामरिक हित के लिए वह नेपाल में रेलवे लाईन बिछाने से लेकर बेहतरीन सड़कों के निर्माण का कार्य कर रहा है। वह शिक्षा और बिजली-पानी के क्षेत्र में भी नेपाल की बढ़-चढ़कर मदद कर रहा है। नेपाल के लोगों को प्रभावित करने के उद्देश्य से वहां पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला के अलावा हजारों की संख्या में स्कूल खोल रहा है। त्रासदी यह है कि नेपाल में चीन की बढ़ती दखलादांजी को वहां के माओवादियों का खुला समर्थन हासिल है।

यह भारत की संप्रभुता के लिए खतरनाक है। दूसरी ओर नेपाली माओवादी भी भारत-नेपाल रिश्ते में अवरुद्ध पैदा करना चाहते हैं। वे 1950 की भारत-नेपाल मैत्री संधि का शुरूआत से विरोध कर रहे हैं जबकि यह संधि भारत के सामरिक लिहाज से अति महत्वपूर्ण है। बता दें कि नेपाल के साथ 1950 में की गयी यह संधि इस समय भारत-नेपाल संबंधों में असहमति का एकमात्र मुद्दा है। संधि के मुताबिक नेपाल यदि हथियारों का कोई आयात करेगा तो भारत को सूचित करेगा। यह प्रावधान इसलिए है कि नेपाल को हथियारों के आयात की आवश्यकताओं की भारत से ही पूर्ति की जा सके और उसे अपनी विदेशी मुद्रा इस पर खर्च न करनी पड़े। लेकिन नेपाल द्वारा जिस तरह इस संधि को परिभाषित किया जा रहा है उससे प्रतीत होता है कि वह इस संधि को अपनी संप्रभुता के खिलाफ मानता है। उचित होगा कि नेपाल भारत को लेकर किसी तरह का भ्रम न पाले। उसे विश्वास करना होगा कि भारत उसका सच्चा मित्र है और कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उसके साथ खड़ा रहा है। उम्मीद किया जाना चाहिए कि नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा से दोनों देशों के रिश्ते पहले से भी अधिक प्रगाढ़ और उर्जा से लबरेज होंगे।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# खुले में शौच

**हरिशंकर राढ़ी**

सरकार का प्रण है कि अब वह किसी को खुले में शौच नहीं करने देगी। बेहतर तो होगा कि लोग शौच ही न करें। लेकिन लोग हैं कि मानते नहीं। भोजन करें न करें, शौच जरूर करेंगे। सदियों से करते आए हैं। जब चाहे, जहाँ चाहे, करते रहे। खाते हुए कोई देखे न देखे, शौच करते जरूर दिखाएँगे। शौच करने से लोगों को पता चल जाता है कि यह खाता भी होगा। अपने पड़ोसी मुल्क को छोड़ सारी दुनिया दिखाना चाहती है कि उसके यहाँ खाने की कमी नहीं है। क्या करें, पड़ोसी और विपक्षी तो कभी चाहते ही नहीं खाने-पीने में देश आत्मनिर्भर हो। पहले सरकारों को जनता के शौच से कुछ लेना-देना नहीं था। करती है तो करती रहे। जहाँ उसकी मर्जी हो, वहाँ करे। लोकतंत्र में इतना तो हक होना ही चाहिए कि खाने की सुविधा और आजादी हो न हो, शौच की अवश्य हो। जनता भी वही है, उँगली पकड़ते-पकड़ते गट्टा पकड़ने लगती है। सो, अब सरकारों को शौच से समस्या होने लगी है। तब अनपढ़ों की संख्या ज्यादा थी। अनपढ़-गँवार सरकारों पर शौच नहीं करते। वे जंगल और खेत में करते थे। धीरे-धीरे लोग धरना-प्रदर्शन लेकर वनपथ से जनपथ और राजपथ तक आने लगे। राजपथ पर ऐसा नहीं चलेगा। वहाँ से राज्य की व्यवस्था दिखती है। विदेशी आते हैं, वीआईपी आते हैं। वे शौच पर बहुत ध्यान देते हैं।

शौचालय पहले भी थे, लेकिन कम थे। पुरानी तकनीक के थे। विज्ञान और तकनीक में क्रांति आने से शौचालय में भी क्रांति आई। उधर सुलभ शौचालय बने तो इधर सोशल मीडिया शौचालय बने। दिक्कत तब हुई जब वैचारिक शौच की दुर्गंध फैलने लगी। पेट भरा तो किसी को धार्मिक अफारा, किसी को जातिवादी गुड़गुड़, कहीं सांप्रदायिकता का कब्ज तो किसी को धन का अजीर्ण सालने लगा। सच कहिए तो कोई-कोई ही बचा जो अजीर्ण टाइप के राजरोगों से बचा है। अब ये चीजें पैदा हो गईं तो अंदर तो टिकेंगी नहीं। उन्हें किसी न किसी रूप में बाहर आएँगी ही। समस्या यह हुई कि इतने लोगों को शौचालय मिले कहाँ? यह तो भला हो तकनीक और इंटरनेट का कि जिसने सोशल मीडिया का सामुदायिक शौचालय मुहैया करा दिया।

जहाँ अफाराग्रस्त लोग इस सोशल मीडिया सामुदायिक शौचालय पर लाइन लगाकर बैठ गए, वहीं कुछ लोगों ने अखबारों-पत्रिकाओं की ओर रुख किया। जिनके पास अखबार रूपी बड़े शौचालय नहीं थे, उन्हेंने मुहल्ला टाइम्स टाइप के चलताऊ यानी पोर्टेबल शौचालय बना लिए। एक बार दस्त की बीमारी से छुटकारा हुआ तो ये शौचालय भी बंद। अब इस समस्या से सरकार परेशान है। वह चाहती है कि इस प्रकार के खुले शौच बंद हों। जिसे करना है, वह अपने घर में निपटे। किसी को पता न चले। विचारों का दस्त लोगों को पहले भी लगता था, लेकिन ये चुपचाप निपट लेते थे।

सत्ता ने सोच लिया है कि उसे खुले में शौच रोकना है। यह सरकार दूरदर्शी है। दूर की सोचती है। अब वह विचारों की खुराक ही बंद करेगी। इसके लिए उसने शिक्षा मुफ्त कर दी है। सरकारी स्कूलों में ऐसी पढ़ाई कराएगी, जिससे बच्चा बिना पढ़े ही सारी कक्षाएँ पास कर लेगा। नहीं पास करता है तो शिक्षक को दंडित करेगी। सारी समस्या की जड़ ये शिक्षक ही हैं। पास ही नहीं करना चाहते किसी बच्चे को। जब ये नपना शुरू होंगे तो बच्चे को पढ़ाएँ या न पढ़ाएँ, पास जरूर करेंगे। कॉपी-किताब, पेंसिल, कपड़ा और नशे के लिए आर्थिक अवदान सरकार देगी। ससुरे, अब तुम बताओ दस साल बाद विचार कहाँ से लाओगे? न विचार लाओगे, न खुले में वैचारिक शौच करोगे।

इधर राजनीतिक शौचालयों का हाल बुरा हो गया है। उस पर किसी का ध्यान ही नहीं। जिन्हें इन पर ध्यान देना था, वे खुद शौचालयों में घुसे पड़े हैं। बाहर लंबी लाइन है। अपने अपने दल का झंडा लपेटे, डिब्बा लिए लोग इंतजार कर रहे हैं कि सत्ता के शौचालय में जिन्हें पाँच साल हो गया है, वे जल्दी निकलें तो हम अंदर घुसें। लेकिन वे हैं कि अंदर से सिटकिनी लगाकर मानो आराम फरमा रहे हैं। क्या पता, अंदर कोई बीड़ी जला ली हो या मुफ्त की कोई खैनी मल रहे हों। आजकल के लोग तो मोबाइल लेकर जाते है। वहीं गेम खेलते हैं या फिर जानू को मैसेज करते रहते हैं।

सुना है कि विकसित देशों में लोग खुले मे शौच नहीं करते। वहाँ ढाबे और होटल से ज्यादा शौचालय होते हैं। एक से एक, चमकते-दमकते और गमकते। बुद्धिराम जी कई देशों के शौचालय से हो आए हैं। वे बताते हैं कि वहाँ के शौचालय इतने स्वच्छ और सुंदर होते हैं कि यहाँ के आदमी की आत्मा ही नहीं कहेगी कि उसमें शौच की जाए। अपने यहाँ की जनता इस मामले में न्यायप्रिय है। जैसा पशु, वैसा बंधन। शौचालय हो तो शौचालय की तरह रहो। देखकर लगे कि यहाँ शौच की जाती है।

सदियों से उसके लिए तो अपने यहाँ सड़क की पटरियाँ, चकरोड के किनारे, नदियों के तट और खाली प्लॉट ही ठीक रहे हैं। रहने के लिए ढंग की झोपड़ी मिल जाए तो शौचालय की सोचे। यानी सर्दी की रात और गरमी की दोपहरी तो खुले में काटे और शौच के लिए आधुनिक शौचालय में जाए। लेकिन सरकार है कि खुले में जाने नहीं देगी और प्रधान जी पक्का बनने नहीं देंगे। बेचारा जो आधा-अधूरा खा रहा है, उसे भी बंद करना पड़ेगा।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 9654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

## शव न ले जाने पर चौकी प्रभारी ने ऑटो चालक को पीटा

**मीरजापुर।** जनपद की पुलिस एक बार फिर से सुर्खियों में छा गई जब एक शव को लेकर ऑटो चालक से भिड़ने का मामला प्रकाश में आया। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने काफी लंबे समय से मंदिर में पूजा पाठ करने वाले सीता राम पुजारी की तबीयत खराब रहने लगी तो उनके स्थानीय लोगों व फतहां चौकी इंचार्ज की मदद से 5 जून को उपचार हेतु मंडली चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंचे फतहां चौकी इंचार्ज जय प्रकाश शर्मा ने उनके शव का पंचनामा भर कर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल से पोस्ट मार्टम हाऊस ले जाने के लिए एक आटो चालक से बात किया जिसपर आटो चालक तैयार हो गया। मगर कुछ देर बाद वापस आकर 300 रुपए भाड़े के रूप में मांगने लगा। जिस पर चौकी इंचार्ज उसको गाली देने लगे और आटो चालक की पिटाई कर दिया। आटो चालक ने बताया कि हम अपनी मजदूरी का 300 मांग रहे थे जिसपर चौकी इंचार्ज ने उसको पीट दिया। आटो चालक इस मामले की शिकायत भी करे तो किससे और रोने लगा।

# कांग्रेस के राहुल को लगा भारत विरोध का रोग

**बोले केशव मौर्या**

### कहा, देश की सीमा से निकलने पर होना चाहिए केवल भारत माता की जय

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने माता विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। इसके बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस को भारत विरोध का रोग लग गया है। राहुल गांधी देश छोड़कर जब लंदन या अमेरिका जहां जाते हैं। वह भारत का ही विरोध करते हैं। कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। सबको बोलने का अधिकार है। देश की सीमा से बाहर जाने पर केवल भारत माता की जय और अच्छे कार्यों के सिवा कुछ नहीं होना चाहिए। प्रदेश में कानून राज पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि समाजवादी पार्टी गुंडों माफियाओं की पार्टी है। उनके मुंह से इस प्रकार की बात शोभा नहीं देती। निश्चित तौर से पुलिस कस्टडी में या न्यायालय में चाहे कही पर भी कोई घटना होती है तो वह दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की मंशा गुंडों, अपराधियों और माफियाओं के भय से लोगों को मुक्त रखना है। इस प्रकार की घटना हम सबके लिए चिंता का विषय है। कहा कि प्रयागराज में अतीक और अरशद की हत्या की जांच आयोग एसआईटी कर रही है। लखनऊ में भी हुए घटना की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है। जो सच्चाई होगी वह सामने आएगी। लेकिन सरकार की मंशा है कि जो अपराध करता है उसे फांसी के फंदे तक पहुंचना चाहिए। ठोस पैरवी करते हुए उसे फांसी, आजीवन कारावास दिलवाए। उसकी जिंदगी जनता, समाज और परिवार के बीच नहीं जेल में होनी चाहिए। सरकार उसी मंशा से कार्य कर रही हैं। विंध्य कारीडोर निर्माण कार्य को देखकर कहा कि एक भक्त के रूप में परम संतोष हो रहा है। सरकार माता जी और जनता के आशीर्वाद से बनी हैं। सरकार का जो संकल्प था कि अयोध्या में राम लला की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बने। काशी में बाबा विश्वनाथ जी का धाम बने, तो विंध्याचल धाम भी भव्य और दिव्य बने। उसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। काम तेजी से प्रगति पर है। इस पर संतोष जताते हुए कहा कि भक्तों के लिए जो भी सुविधाएं होंगी किया जाएगा। उड़नखटोले से पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का स्वागत गार्द ने सलामी देकर किया। इस दौरान कमिश्नर डॉक्टर मुथु कुमार स्वामी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एडीएम शिव प्रताप शुक्ल, एसपी संतोष मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट विनय सिंह आदि मौजूद रहे।


कॉरिडोर का निरीक्षण करते डिप्टी सीएम

# चौपाल में छाई रही पानी और बिजली की समस्या


चौपाल में समस्या का समाधान करते अधिकारी

**जिगना।** क्षेत्र के विजयपुर एवं जिगना में पंचायत भवन पर चौपाल संपन्न हुई। चौपाल में पानी, राशन पेंशन की समस्या छाया रहा। विजयपुर गांव में सुबह-शाम मात्र पंद्रह मिनट जलापूर्ति की समस्या उठाई गई। जलनिगम चिकित्सा स्वास्थ्य पशुपालन विद्युत के अधिकारी नदारत रहे।

प्रधान शहीदा बानो ने बताया कि पड़ैनिया मुसहर बस्ती में छः सौ फीट गहराई में बोरिंग कार्य कराया गया है। शीघ्र ही पानी की आपूर्ति शुरू करा दिया जाएगा। एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद पटेल ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाओं की योजनाओं की जानकारी दी। जिगना में एडीओ कृषि दयाराम चौकसे ने किसानों को गैपुरा स्थित बीज गोदाम से कागजात दुरुस्त करने की सलाह दी। जिगना में दलित बस्ती की महिलाओं ने सड़क तक पहुंचने के लिए रास्ता बनवाने की मांग की। प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल सेक्रेटरी सौम्या सिंह आदि उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डांगरखेरी गांव में शुक्रवार को भैंस हाकते समय बिजली केबिल टूटने से केबिल में उतरे करंट की जद में आने भैंस तो बच गई लेकिन 40 वर्षीय राजकुमारी पत्नी उमेश पटेल अचेत होकर गिर गई। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिए। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। लालगंज थाना क्षेत्र के डांगरखेरी गांव की राजकुमारी पत्नी उमेश पटेल भैंस लेकर जा रही थी उसी समय सबमर्सिबल बिजली तार में भैंस को फंसने से तार टूट गया भैंस तो बच गई, लेकिन चपेट में आने से राजकुमारी के शरीर में करंट दौड़ पड़ा। करंट लगने से महिला की चीख निकल गई।

चीखें सुन परिवार के लोग आ गए और तार से अलग कर आनन फानन में स्वजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिए। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानु प्रिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सुपुर्द कर दिया गया। मौत से घर में कोहराम मच गया।

# बंदरों की धमाचौकड़ी से ट्रांसफार्मर में लगी आग

**भगदड़**

### आबादी में भड़की आग से सहमें लोग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

### ब्लास्ट होने की आशंका में सड़क पर पसरा सन्नाटा

**मीरजापुर।** नगर के लालडिग्गी मार्ग स्थित रानी कर्णावती विद्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। बताया गया कि बंदरों की टोली बिजली के तारों पर झूला झूलते हुए खेल रही थी। इसी दौरान एक बन्दर ट्रांसफार्मर पर गिर गया। शार्ट सर्किट होने से ट्रांसफार्मर में आग लग गई। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर काबू पाया। बगल में रखा दूसरा ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुआ है। जिसके चलते करीब आधा दर्जन मोहल्ला में बिजली आपूर्ति बंद हैं। बंदरों के उछलकूद से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची लपटें और काले धुँआ का गुबार देख लोग सहम उठे। ट्रांसफार्मर में आग लगा देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लेकिन सब असहाय बने रहे। गणेशगंज वार्ड के सभासद शिव कुमार सोनी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही फायर ब्रिगेड को भी आग की सूचना दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती ट्रांसफार्मर में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची ऊंची लगते लपटें उठती देख सड़क पर आवाजाही बंद हो गई। लोग ट्रांसफार्मर से काफी दूर बनाकर खड़े हो गए। लोगों को इस बात की भी चिंता सता रही थी कि कहीं बगल में रखे दूसरे ट्रांसफार्मर में भी आग ना पकड़ ले। अगर ब्लास्ट हुआ तो काफी नुकसान होगा। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। तब तक एक ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। वार्ड के सभासद शिव कुमार सोनी ने बताया कि बंदरों की धमाचौकड़ी विद्युत पोल पर चल रही थी । इसी बीच एक बंदर ट्रांसफार्मर पर गिरा । जिसके चलते शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है । क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप्प है।


जलता ट्रांसफार्मर

# ईंट भट्ठा के मुनीब की हत्या में पुलिस के हाथ हैं खाली

**मीरजापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर दयालपुर नउआबारी निवासी मजीद पुत्र शरीफ 62 वर्ष का बुधवार को सिर मुंह आंख कूच कर हत्या कर शव खेत में फेक दिया गया था। मृतक का पुत्र अजहर ने नामजद तहरीर देकर बताया कि ममोलापुर गांव में संचालित किए जा रहे ईट भट्ठे के पार्टनर कृपा शंकर व चंद्रजीत यादव के द्वारा हत्या किया गया है। बताया की पार्टनर द्वारा ईट भट्ठे पर गड़बड़ी किया जाता था। जिसे मृतक मुनीब भट्ठा मालिक को सारी जानकारी दे देता था जो पार्टनर को नागवार लगता था।

**फॉलोअप**

### पुलिस की पकड़ से दूर हैं हत्यारे

अजहर ने यह भी कहा की रात 8/30 बजे तक पिता खाना खाने आ जाते थे। देर होने पर रात 9/30 बजे कई बार फोन किया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। रात में उनको देखने गया तो सड़क पर साइकिल और खेत में सिर मुंह कूचा हुआ शव पड़ा था। इसकी सूचना परिजन और पुलिस को दिया। मुनीब का ईट पत्थर से उसका सिर मुंह आंख कूच कर उसकी हत्या कर दिया गया था। हत्यारे पुलिस के पकड़ से दूर है।

## महिला ने जेठ के विरुद्ध मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहा गांव निवासी श्याम कुमारी ने शुक्रवार को जेठ के विरुद्ध अनायास मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह उपले का कंडा बीनने के लिए गई थी। घर पहुंचने पर जेठ नारायण पाल अनायास मारने पीटने लगे जिससे मुझे चोटें आई हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने जेठ के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# भगवान ने छीन लिया बुढ़ापे का सहारा

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** संत नगर थाना क्षेत्र के कलवारी लालगंज संपर्क मार्ग पर गोहीया कला गांव के सामने गुरुवार की भोर करीब 4 बजे मौत ने चार यार को छीन लिया। एक गाड़ी चार सवारी के बीच अनियंत्रित बाइक ट्राली के पीछे घुस गई। मौके पर ही बाइक सवार 4 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जवानी की दहलीज पर खड़े होनहार बच्चों में पूरा परिवार भविष्य के ताने बुन रहा था। अब गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हैं। परिजनों के साथ ही गाँव की पगडंडी भी गमगीन हैं। मित्र की बहन की शादी में शरीक होने के लिए चारों एक साथ गये थे। अलग-अलग परिवार के होने के बावजूद भी क्षेत्र में इनकी दोस्ती की मिसाल लोग देते थे। अब यह समय के चक्र पर चलकर महज नजीर बन गया है। पटेहरा कला गांव निवासी मृतक अंकित मिश्रा उर्फ राम मिश्रा पुत्र बद्री नारायण मिश्रा दो भाइयों में छोटा था। जबकि बड़ा भाई अभिषेक मिश्रा ही बचा है। कोई भी बहन नहीं है। पुत्र की मौत के बाद मां सरोज मिश्रा का रो रो कर बुरा हाल है। वही अंकित मिश्रा के बड़े पिताजी लोकमणि उर्फ बबलू मिश्रा की मौत 23 मई को हुई थी। इसी 4 जून को बड़े पिता की तेरहवीं बीती है। तब तक एक और मौत ने परिवार को झकझोर कर रख दिया है। गांव निवासी पड़ोसी मृतक 16 वर्षीय सुमित पाल पुत्र रविशंकर पाल दो भाइयों में बड़ा था। पुत्र की मौत के बाद मां चंपा देवी का रो रो कर बुरा हाल है। कोई भी बहन नहीं थी। अब छोटा भाई शैलेश पाल ही बचा है। बहरछठ गांव निवासी हरिहर यादव के इकलौते पुत्र गणेश यादव की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। वही मां विद्या देवी व सात बहनों रूबी, बिंदु, नीतू, रितु, राखी, रिशु और रवीना का रो रोकर बुरा हाल है। सबसे छोटे भाई के चले जाने से उनकी आँखे नम है। आखिर सबका दुलारा छोटका भैया किसको बुलायेंगी। अब किस भाई के कलाई पर राखी बांधेंगी। रामपुर रिक्शा गांव निवासी राधेश्याम पांडेय के 17 वर्षीय पुत्र अर्पित पांडे की दर्दनाक मौत से गांव के लोग सदमें में हैं। मां इंदुमती रो-रो कर बदहवास हो जा रही हैं। घर के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है । दो भाइयों में अर्पित छोटा था। अब बड़ा भाई विनीत कुमार पांडेय मां बाप के बुढ़ापे का सहारा रह गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मिलते ही चारों दोस्तों की चिता मिजार्पुर के शास्त्री पुल के पास गंगा किनारे दाह संस्कार किया गया। चारों दोस्त एक साथ ही पंचतत्वो में विलीन हुए। संतनगर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि रविशंकर पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ट्रैक्टर को गुरुवार को ही कब्जे में ले लिया गया था।

**फॉलोअप**

### बड़ी मन्नत से पैदा हुआ था 7 बहनों का इकलौता भाई गणेश गांवों में पसरा सन्नाटा

### कई घरों में दूसरे दिन भी नहीं जला चूल्हा, आंखें रहीं नम


घर में पसरा सन्नाटा

## दो ग्राम पंचायतों में बीडीओ ने सुनी समस्या

**हलिया।** स्थानीय विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में खंड विकास अधिकारी ने जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी तथा निस्तारण हेतु उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराने का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने ग्राम पंचायत कोटार तथा बंजारी के पंचायत सचिवालय में जन चौपाल के माध्यम से एकत्रित ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जिनके निस्तारण हेतु उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराने की बात कहा है। ग्रामीणों ने राशन कार्ड पेयजल की समस्या आवास, विधवा, वृद्धा पेंशन आदि का मामला छाया रहा। ग्रामीणों ने बरसात के पूर्व नाली निर्माण कराने की मांग किया है। कुछ किसानों ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि खाते में नहीं पहुँचने की शिकायत किया जिस पर बीडीओ ने क्रम वार समस्या नोट कराते हुए सम्बंधित कर्मचारियों को समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया है। इस दौरान एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, सचिव प्रज्ञान शुक्ल, विनोद गौड, संजय सिंह, विनोद सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सलामी परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया, डॉग स्क्वाड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में आये पुलिस बल को दंगों से निपटनों हेतु दंगा निरोधक उपकरणों का अभ्यास कराया गया तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन के निरीक्षण के क्रम मे वर्दी स्टोर सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर साफ सफाई, रख-रखाव आदि हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिया। उक्त परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, निरीक्षक यातायात, प्रतिसार निरीक्षक सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहें।



## दो दर्जन पशुओं के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित छातो पुलिया के पास से पुलिस ने 2 दर्जन से अधिक गोवंश पकड़ा। वही गोवंश लेकर जा रहे पशु तस्कर को पुलिस ने सुख दरिया जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया। वही पकड़े गए पशु तस्कर के तीन साथी मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि गुरुवार देर शाम सूचना मिली की कुछ लोग जंगल के रास्ते 2 दर्जन से अधिक पशुओं को लेकर छातो से जंगल के रास्ते नौगढ़ होते हुए बिहार ले जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर वाराणसी शक्तिनगर रोड पर स्थित छातो पुलिया के पास से हांक कर ले जा रहे 28 गोवंश को अपने घेरे में ले लिया। वही गोवंश लेकर जा रहा जारे पशु तस्कर भागने में कामयाब रहे। जिसमें एक पशु तस्कर राजू यादव पुत्र छांगुर यादव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम तेडुवा आरारी थाना चांद भभुवा बिहार को सुखदरिया जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं उसके तीन साथी मौके से अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में कामयाब रहे, जिनकी तलाश की जा रही है।

# मार्च का वादा, जून में भी नहीं मिला नहर में पानी

जनसंदेश न्यूज

**कंचन सिंह फौजी**

### भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा नौ सूत्रीय ज्ञापन

**चुनार।** भारतीय किसान यूनियन ने कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व में शुक्रवार को विभिन्न मांगो लेकर उपजिलाधिकारी चुनार नवनीत सेहारा को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। बाणसागर परियोजना का पानी जरगो जलाशय में देने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसानों और अधिकारियों के बीच बैठक हुई थीं कि मार्च महीने में पानी दिया जाएगा, लेकिन जून महीने तक अभी पानी नहीं गिरा है यह अधिकारियों की घोर लापरवाही और किसानों के साथ नाइंसाफी है,अविलंब पानी को जरगो जलाशय में गिराया जाए। नारायणपुर से हाथीनाला के बीच मात्र तीन ही टोल प्लाजा बने थे, पांच साल बाद वनस्थली महाविद्यालय के पास बने अस्थाई अवैध टोल टोल प्लाजा को लगाया गया जो डीपीआर में नहीं है, जिसका संज्ञान सभी अधिकारियों को है, टोल के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हो गया है, किसानों के बार बार कहने पर अभी तक अवैध टोल नहीं हटा, अस्थाई टोल को हटा दिया जाए नहीं तो बड़े आंदोलन किए जायेंगे। गोरखपुर माफी चुनार मिजार्पुर में 26 मार्च 2023 को बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से किसानों की लगभग 20 बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया, राजस्व लेखपाल के द्वारा सर्वे का कार्य हो गया है लेकिन किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। हर घर नल जल योजना में जलाशय (डैम) से पानी लेने के लिए, अतिरिक्त पानी जलाशय में भरकर ही इस योजना के तहत जलाशय से पानी लिया जाए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, पूर्वांचल सदस्य राम सूरत सिंह अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने एक जेसीबी व 12 ट्रैक्टरों को किया सीज



चुनार। स्थानीय तहसील के भरेहठा गांव में बिना परमिट के अवैध खनन पर एक जेसीबी और 12 ट्रैक्टर को उप जिला अधिकारी चुनार ने अवैध मिट्टी खनन करने के आरोप में सीज कर दिया जिससे अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। यह जानकारी देते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चुनार नवनीत सेहरा ने बताया कि अवैध मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा किया जा रहा था। जिसको देखते हुए ग्राम सभा बरेहठा में एक जेसीबी 12 ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया। एसडीएम की कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। साथ ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि अवैध खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों को इस तरह का कार्य करना है वह परमिशन करा कर ही खनन करें।

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

मीरजापुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं मॉनीटरिंग करते हुए प्राथमिकता के आधार पर लगातार प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराई जा रही है। थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत महिला सम्बंधी अपराध में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं मॉनीटरिंग तथा प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराने के परिणाम स्वरूप आज शुक्रवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास व 45 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई।

### अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास

मीरजापुर। डीआईजी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसपी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में प्राथमिकता के आधार पर लगातार प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराई जा रही थी। जहां 10 नवम्बर 2018 को थाना लालगंज पर एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरुद्ध अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म के करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। जहां कार्यवाही के क्रम में न्यायालय द्वारा महिला सम्बन्धित उपरोक्त अपराध में अभियुक्त कमलेश पुत्र फूलचन्द निवासी बहुती बनवारीपुर थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

### दिवंगत शिक्षिका के घर पहुंचे टीएससीटी टीम के पदाधिकारी

जमालपुर। टीएससीटी के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य के निर्देशानुसार जनपद के टीएससीटी पदाधिकारी दिवंगत शिक्षिका प्रीति सिंह के घर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। प्रीति सिंह टीएससीटी की वैधानिक सदस्या थीं। जिनकी असामयिक मृत्यु बीते 15 फरवरी को हो गई थी। वर्तमान में सीटी के प्रत्येक सदस्य केवल 50 रुपये के सहयोग दिवंगत परिवार को 35 से 40 लाख रुपये का सहयोग करते हैं। अब तक संस्था द्वारा 112 परिवारों को लगभग 24 करोड़ की सहायता राशि पहुंचाई जा चुकी है। जिला संयोजक रविंद्र कुमार यादव, राकेश पटेल, प्रियदर्शी, पार्थसारथी, शशिप्रकाश पांडेय, विकास सिंह, आलोक मिश्रा, दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना सन्तनगर, जनपद मीरजापुर पर बीते 08 जून को वादी रविशंकर पुत्र चन्द्रिका निवासी पटेहरा कला थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्त के विरुद्ध एक लिखित तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना सन्तनगर पर धारा 304ए, 338, 279, 427 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु थानाध्यक्ष सन्तनगर को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उ0नि0 योगेन्द्र नाथ यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त मोने कुमार पुत्र राधेश्याम मौर्या ग्राम बरकछ थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### मिट्टी की दीवार गिरने से बालक घायल

अदलहाट। क्षेत्र के जफराबाद गांव में शुक्रवार को मकान के नींव की खुदाई करते समय बगल का कच्चा दीवाल ढहने से बालक मिट्टी में दब गया। जिसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के जफरा बाद निवासी गब्बर पटेल मकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई करा रहे थे कि अभिषेक उम्र 8 वर्ष पुत्र रामेश्वर खेलते हुए वहां चला गया। खुदाई के बगल में खड़ा कच्चा मिट्टी का दीवाल उसके ऊपर गिर गया जिससे वह मिट्टी में पूरी तरह दब गया। जिसे वहां मौजूद ग्रामीण और परिवार के लोगों ने मिट्टी को हटाकर बाहर निकाला जिसे गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### हत्या करने का नौवां आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। वाराणसी –चुनार मार्ग पर बीते 14 मार्च 2021 को रात्रि में किसी समय ग्राम नन्दूपुर अदलपुरा थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत सड़क के किनारे 03 व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या करके शव छिपाने की नियत से फेंक दिया गया था। जिन्हे चुनार पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया गया। बिहार प्रान्त, रोहतास जिले के थाना काराकाट (गोडारी) अन्तर्गत ग्राम गोडारी निवासी मृतक राजकुमार के पिता घुघली सिंह की लिखित तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 302,201 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिये गये थे। जिसमें पूर्व में 08 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शुक्रवार को उ0नि0 सुखबीर सिंह मय पुलिस टीम मय टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना चुनार पर पंजीकृत धारा 302,201,34,120बी भादवि से सम्बंधित नौवां अभियुक्त लालबहादुर महतो उर्फ लाल बाबू सिंह पुत्र रामआशीष सिंह निवासी खिचडिया बिगहा थाना अकोढी गोला जिला रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

### धनुष यज्ञ की कथा सुनकर भक्त हो गए भाव विभोर

हलिया। क्षेत्र के सेवटी नदी के तट पर स्थित गड़बड़ा धाम में आयोजित श्री सतचंडी महायज्ञ व संगीतमयी श्री राम कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को प्रयागराज से पधारे कथा वाचक पंडित धीरज द्विवेदी ने श्रीराम और जानकी के मिलन के अद्भुत प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि धनुष यज्ञ के लिए रखे गए भगवान शिव के पिनाक धनुष के भार और बल को देखते हुए जानकी द्वारा माता पार्वती से प्रार्थना करना, बिरह और मिलन की उत्कंठा, प्रेम और आदर्श का स्वरूप है। भगवान परशुराम अखाड़ा प्रयागराज के संस्थापक ब्रह्मर्षि परशुरामाचार्य सुदर्शन शरण जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री राम कथा में कथा वाचक ने बताया कि देश देशांतर के कोने–कोने से आए हुए बलशाली राजाओं द्वारा धनुष को नहीं उठा पाने पर राजा जनक दुखी हो गए। इसी बीच भगवान राम ने धनुष को तोड़कर जनक के दुख का निवारण किया। धनुष टूटते ही भगवान श्रीराम व जगत जननी जानकी का विवाह निश्चित हो गया था, क्योंकि विवाह की यही शर्त थी। वही राजा जनक ने विधि–विधान से लोक रीति, तथा वेद रीति को ध्यान में रखते हुए अपने एक प्रबुद्ध दूत को अयोध्या भेजकर महाराज दशरथ को आमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर कृपा शंकर कृपा चार्य, ज्ञानेश्वर दूबे, दिनेश तिवारी, डा0 दयानंद मिश्र, अरुण मिश्रा, विजेंद्र पांडेय, कृष्णा प्रसाद दुबे सहित आदि लोग शामिल रहे।

### सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े का लगा ढेर

**लालगंज।** विकास खंड क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा कचड़ा का ढेर लगे होने से बीमारी का इजाफा बढ़ गया है। वही मोटी रकम लेने वाले सफाईकर्मी अपने दायित्व को दरकिनार करते हुए स्वच्छता अभियान पर सवाल पैदा कर रहे है। सरकार की मंशा थी कि सफाई कर्मियों कि नियुक्ति कर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में पैदा हो रही गंदगी को दूर किया जाएगा। गंदगी एवं कूड़ा कचरा के वजह से नई–नई बीमारियों का जन्म होने की संभावना रहती है यदि कूड़ा कचरा एवं गंदगी ही नहीं रहेगा तो बीमारियों में कमी होगी। सफाई कर्मियों की नियुक्ति के बाद कहीं न कहीं संबंधित अधिकारियों के लापरवाही की वजह से सफाई कर्मी अपने दायित्व की पूर्ति नहीं कर रहे हैं सफाई कर्मी केवल अपनी हाजिरी रजिस्टर पर लगाकर अपने दायित्व की पूर्ति कर ले रहे हैं। बाजार से लेकर ग्रामीण अंचलों में कूड़ा कचरा गंदगी का अंबार लगा हुआ है। संबंधित सफाई कर्मी का पता ही नहीं है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि सफाई कर्मी यदि अपने दायित्व की पूर्ति करना शुरू कर दे तो जगह–जगह कूड़ा कचरा भी नहीं होगा और नई बीमारी का जन्म भी नहीं होगा। साथ ही साथ मच्छरों के आतंक से भी बचा जा सकेगा।

# स्पोर्ट्स



सिंगापुर में बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भाग लेती हुई चीन और थाईलैंड की यूगल खिलाड़ी।

# अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर ने की शतकीय साझेदारी, टीम इंडिया की हुई जबरदस्त वापसी

## ताने सहे-अपमान झेला और टीम से किए गए बाहर, 512 दिन बाद वापसी और बचाई भारत की इज्जत, 469 के जवाब में भारत के 296 रन



**लंदन।** टेस्ट क्रिकेट में लंबे वक्त तक बैटिंग करने में एकाग्रता की जरूरत होती है, यह एक स्किल है। पिछली गेंद के बाद अगली बॉल का सामना करने के लिए आप खुद को कैसे तैयार करते हैं यह चैलेंज है। विपरित हालातों में खुद को ढालना होता है। हालातों से समझौता न कर लड़ना होता है और अजिंक्य रहाणे ऐसे ही किसी योद्धा की तरह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में किला बचाते नजर आए। ओवल ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के जिन तेज गेंदबाजों के सामने हमारे टॉप-4 स्टार बल्लेबाजों ने सरेंडर कर दिया, वहीं दो साल से टीम से बाहर चल रहे रहाणे अकेले डटे रहे। भले ही 89 रन बनाकर शतक से चूक गए, लेकिन भारत की मैच में वापसी जरूर करवा दी। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दो दिन ऑस्ट्रेलिया टीम का दबदबा टीम इंडिया के खिलाफ बना रहा लेकिन तीसरे दिन के पहले सत्र में भारतीय टीम ने वापसी का बिगुल बजा दिया है। अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर ने 100 से अधिक की साझेदारी कर भारतीय टीम को मैच में वापसी करवा दी है। हालांकि पहले सत्र के अंत तक टीम इंडिया अभी भी 209 रन पीछे है लेकिन केवल एक विकेट खोकर टीम इंडिया ने पहले सेशन में 109 रन बना दिए। लंच तक टीम इंडिया का स्कोर 6 विकेट पर 260 रन है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर टीम इंडिया का स्कोर 151/5 था। तीसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरे अजिंक्य रहाणे को श्रीकर भारत का साथ नहीं मिल पाया। स्कॉट बोलैंड ने श्रीकर को 5 रनों पर ही क्लीन बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को जल्दी सफलता दिलाई।

लेकिन इसके बाद बल्लेबाजी करने आये शार्दुल ठाकुर ने रहाणे का अच्छा साथ निभाया और टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया टीम ने कई कैच ड्रॉप किये तो नो बॉल के चलते भारतीय बल्लेबाजों को जीवनदान भी मिले। दूसरे दिन अजिंक्य रहाणे 29 रनों पर नाबाद पवेलियन लौटे थे लेकिन तीसरे दिन आते ही उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी दिखाई और लंच तक उनका स्कोर 89 रन हो गया है, जिसमें 11 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। रहाणे के साथ शार्दुल ठाकुर ने बखूबी निभाया। ठाकुर ने 83 गेंदों पर 36 रन बना लिए हैं, जिसमें 4 चौके शामिल रहे हैं। रहाणे और ठाकुर के बीच 133 गेंदों पर 108 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई है और भारतीय टीम की भी शानदार वापसी हो गई है। एक समय पर टीम इंडिया फॉलो-ऑन ने खेलने की स्थिति में थे लेकिन अब इन दोनों बल्लेबाजों ने जबरदस्त पारियां खेलते हुए टीम के लिए अपना अहम योगदान दिया है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को भारत की पहली पारी 296 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 469 रन बनाए थे, जिससे उसके पास 173 रन की बढ़त है। भारत के लिए अजिंक्य रहाणे ने 89 जबकि शार्दुल ठाकुर ने 51 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस ने तीन जबकि स्कॉट बोलैंड और मिशेल स्टार्क ने दो-दो विकेट लिए। *एजेंसी*



पेरिस के रोला गैरा में पोलैंड की इगा स्वाटेक ब्राजील की ब्रीटिज हैडिज के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद उत्साहित नजर आयीं।

# मिचेल स्टार्क की गेंद पर विराट कोहली के आउट होने को लेकर सुनील गावस्कर ने दी बड़ी प्रतिक्रिया

## कोहली ने बैकफुट पर खेला होता तो फिर वो हैरान नहीं होते



**लंदन।** भारतीय टीम ( के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में विराट कोहली के मिचेल स्टार्क की गेंद पर आउट होने को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर विराट कोहली ने बैकफुट पर खेला होता तो फिर वो मिचेल स्टार्क के इस बाउंसर से हैरान ना हुए होते और इस गेंद को हैंडल कर ले जाते।

भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ज्यादा रन नहीं बना पाए और सस्ते में आउट हो गए। विराट कोहली सिर्फ 14 रन बनाकर मिचेल स्टार्क की गेंद पर स्टीव स्मिथ को स्लिप में कैच थमा बैठे। भारतीय टीम को उनसे रनों की उम्मीद थी लेकिन वो बिल्कुल भी इस पर खरा नहीं उतर पाए और सस्ते में आउट हो गए।

***विराट कोहली को बैकफुट पर जाकर खेलना चाहिए था - मिचेल स्टार्क***

स्टार्क ने जिस तरह की गेंद डाली उसको लेकर कई लोगों का कहना था कि उस गेंद पर बचना काफी मुश्किल था, क्योंकि वो एक बहुत ही जबरदस्त गेंद थी। वहीं सुनील गावस्कर ने बताया कि विराट कोहली कैसे इस गेंद को अच्छी तरह से खेल सकते थे। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान कहा।

## भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन का कारण कहीं आईपीएल तो नहीं !



**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पयनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में भारतीय टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों के कमजोर प्रदर्शन से एक बार फिर ये सवाल उठने लगा है कि क्या इसका कारण आईपीएल तो नहीं है। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी करीब दो माह तक आईपीएल खेलने के बाद अब टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। इसमें भारतीय टीम 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। पिच पर मौजूद घास और ओवरकास्ट कंडीशन भी भारत के पक्ष में थी। इसके बाद भी भारतीय गेंदबाज नाकाम रहे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। सबसे हैरानी की बात ये रही कि अतिरिक्त उछाल वाले विकेट का भी भारतीय तेज गेंदबाज लाभ नहीं उठा पाये। वहीं इसके बाद जब भारतीय टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी तो उसका शीर्ष क्रम विफल रहा। रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे खिलाड़ी रन नहीं बना पाये। आईपीएल में बल्लेबाज को पहली गेंद पर से ही शॉट लगाने पड़ते हैं पर टेस्ट में उसे गेंद को देखकर खेलना पड़ता है। यहीं भारतीय बल्लेबाज गलती कर गये। इससे ये माना जा रहा है लगातार दो माह से खेलने के कारण खिलाड़ी थके हुए थे। इसके अलावा वह टी20 से टेस्ट प्रारुप के लिए मानसिक रुप से तैयार नहीं हुए। गेंदबाजों के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट बहुत अहम होता है। दो महीने नॉन टी20 क्रिकेट खेलने के तत्काल बाद भारतीय गेंदबाजों को टेस्ट क्रिकेट खेलना पड़ा और सीधे 4 ओवर से लंबे-लंबे स्पैल में गेंदबाजी करनी पड़ी और यही कारण है कि एक समय के बाद भारतीय गेंदबाजों पर थकान हावी होती दिखी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने इसका पूरा लाभ उठाया। उठाया.

भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर आईपीएल 2023 में अपनी टीम के गेंदबाजी आक्रमण में भी शामिल थे। शमी ने आईपीएल 2023 में 17, सिराज ने 14, शार्दुल ने 11 मुकाबले खेले थे। उमेश यादव और शार्दुल ने तो चोटिल होने के कारण कुछ मैच भी नहीं खेले थे। वहीं मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर फाइनल से करीब 2 हफ्ते पहले लंदन पहुंच गए थे पर शमी आईपीएल फाइनल के कारण 1 जून को इंग्लैंड पहुंचे थे। इस बीच कोई अभ्यास मैच नहीं खेला गया। आईपीएल में 4 ओवर के स्पैल से अचानक टेस्ट में बदले हुए हालात में लगातार गेंदबाजी करने का असर पहले दिन भारतीय गेंदबाजों पर साफ दिखा था। दूसरे सत्र के बाद ही भारतीय तेज गेंदबाजों के घुटने मुड़ने लगे थे। वहीं तीसरे सेशन तक भारतीय तेज गेंदबाज थके हुए नजर आने लगे थे और इसका फायदा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने उठाया और आखिरी 10 ओवर में स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने 5 के रन रेट से रन कूटे थे। पहले दिन पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी इसी को लेकर एक ट्वीट किया था. उन्होंने लिखा था, नियमित रूप से 4 ओवर गेंदबाजी करने से लेकर एक दिन में 15-20 ओवर गेंदबाजी करना बड़ी छलांग है। इस प्रकार उनके संकेत भी आईपीएल की ओर ही थे।

# अश्विन हरी घास वाली पिच पर भी प्रभावी रहते : गांगुली

***अंतिम ग्यारह में शामिल न कर भारतीय टीम ने गलती की***



**मुम्बई।** भारतीय टीम के आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को शामिल नहीं किये जाने पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने नाराजगी जतायी। इस मैच में भारतीय गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे। ऐसे में टीम को ऑफ स्पिनर अश्विन की कमी खली। गांगुली ने कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के इस फैसले पर सवाल उठाये हैं। गांगुली ने कहा कि कौन कहता है कि ऑफ स्पिनर हरी पिच पर नहीं खेल सकता है?

ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट ले चुके हैं। गांगुली ने कहा, अश्विन जैसे मैच विजेता को अंतिम ग्यारह में शामिल ना कर भारत ने गलती कर दी है। ऐसा लग रहा है कि उनका अंतिम ग्याह में शामिल होना बेहतर होता क्योंकि जडेजा को दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। जडेजा एक छोर से दबाव बनाते हैं पर दूसरे छोर से रन बनते ही ये हट जाता है।

गांगुली ने साथ ही कहा, अश्विन ने विकेट केवल उपमहाद्वीप के मैदानों पर नहीं लिए हैं, वह ऑस्ट्रेलिया में भी विकेट ले चुके हैं। मेरे अनुसार हरी घास वाली पिच पर भी वह प्रभावी होते। मेरे अनुसार वह ऑल टाइम ग्रेट खिलाड़ी है। गौरतब है कि गांगुली से पहले लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने भी आर अश्विन को टीम में शामिल नहीं किये जाने पर कड़ी नाराजगी जतायी थी।

## पाकिस्तानी बच्चे को हरभजन ने दिया आटोग्राफ

**लंदन** । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां ओवल मैदान में जारी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 (डब्लयूटीसी) फाइनल को देखने पाकिस्तानी क्रिकेट प्रशंसक भी पहुंचे हैं। उन्हीं में से एक छोटे से पाक प्रशंसक ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह से ऑटोग्राफ मांगा, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। वैसे तो भारत-पाक के बीच जबरदस्त तनाव है पर क्रिकेट प्रशंसक दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हैं। वही बात एक बार फिर साबित हुई है।

यह छोटा सा बच्च व्हीलचेयर पर बैठा था और हरभजन उसे अपना ऑटोग्राफ दे रहे हैं। इस पूरी घटना का एक भावुक वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशाल स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्पिथ और ट्रेविस हेड शतकीय पारियां खेलीं। हेड ने 163 बनाए, जबकि स्मिथ ने 121 रनों की पारी खेली।

## मैं खेल सकता हूं बड़ी पारी : जडेजा



**लंदन।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में 48 रनों की पारी खेलने के बाद कहा कि मैं बड़ी पारियां खेल सकता हूं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में जब भारतीय शीर्ष क्रम ढ़ह रहा था तब जडेजा ने अपनी बल्लेबाजी से भारतीय टीम को कुछ हद तक संभाला। इसी से उत्साहित इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनके पास अधिक रन बनाने की प्रकृति है। आईसीसी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में जडेजा ने कहा, मुझे पता है कि मेरे पास बड़े रन बनाने की क्षमता है। उन्होंने यह भी कहा कि चोट से उबरने और वापसी करने के बाद अब वह अच्छी लय में पहुंच गये हैं। इस भारतीय ऑलराउंडर ने कहा, मैं कहूंगा कि मैं अच्छी लय में हूं। जब मैं चोटिल हुआ तो मैंने पांच महीने बाद टीम में वापसी की। मैंने भारत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेले। मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, मैंने विकेट लिए और कुछ रन भी बनाए। उन्होंने कहा, अंडर-19 दिनों में मैं नंबर चार पर बल्लेबाजी करता था पर जब मैंने पदार्पण किया, तो हमारा मध्य क्रम इतना मजबूत था कि मुझे नंबर पांच-छह का स्थान तक नहीं मिल पाता था। इसलिए मुझे सातवें या आठवें नंबर पर ही बल्लेबाजी का अवसर मिलता था।



पेरिस के रोला गैरा में फ्रैंच ओपन टेनिस सेमीफाइनल में खेलती हुई चेक गणराज्य की कैरोलीना कुखोवा।

## एकदिवसीय विश्वकप कप में खेल सकते हैं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट : कोच

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टेड ने कहा है कि तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट इस साल के अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेल सकते हैं। स्टेड के अनुसार बोल्ट ने टी20 लीग खेलने के लिए बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया है पर उन्होंने आकस्मिक खेल समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इसी के आधार पर उन्हें टीम में जगह मिल सकती है। स्टेड को उम्मीद है कि भारत में अक्टूबर में शुरू होने वाले विश्व कप में बोल्ट और औरी टिम साउदी साथ मिलकर गेंदबाजी करेंगे। स्टेड ने कहा, बोल्ट के साथ हमारी सकारात्मक बातचीत हो रही है, उसने संकेत दिया है कि वह विश्व कप के लिये उपलब्ध है। उन्होंने कहा, हमारे दृष्टिकोण से, वह विश्व के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय गेंदबाजों में से एक है, इसलिए चोट के अलावा मुझे नहीं लगता कि कोई चीज उसे टीम से बाहर रखेगी। बोल्ट ने भी आईपीएल के दौरान कहा था कि वह एकदिवसीय विश्वकप में अपनी टीम की ओर से खेलना चाहते हैं।




सिडनी में फीफा महिला विश्व कप ट्रॉफी लांच किये जाने के समारोह में ट्रॉफी उठाये हुए पूर्व गोलकीपर ब्रियाना स्करी और अन्य खिलाड़ी।

# 'बीजेपी के खिलाफ तार जोड़ने की कोशिश'

## भाजपा अध्यक्ष ने विपक्ष को बताया अवसरवादी, वोट बैंक की राजनीति का आरोप



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा के खिलाफ तार जोड़ने में लगे विपक्षी दलों को अवसरवादी करार दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल सत्ता के लिए विचार के मामले में शून्य की ओर जा रहे हैं। यह वैचारिक दल नहीं है, मगर भाजपा अपनी विचारधारा पर सतत आगे बढ़ रही है। लिहाजा विपक्षी दल वोट बैंक की राजनीति कर रहे और भाजपा रिपोर्ट कार्ड की राजनीति पर काम करती है। इस कारण विपक्षी दल भी अपना रिपोर्ट कार्ड देने पर मजबूर हो रहे हैं।

जेपी नड्डा शुक्रवार को प्रदेश भाजपा के नए कार्यालय का शिलान्यास करने के सिलसिले में भूमिपूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल लोकपाल को छोड़कर लोभ यात्रा पर चल पड़े है और वह एक ब्लैक स्पॉट बन गए है। लिहाजा इस तस्वीर को बदलने की जरुरत है। आज दिल्ली के हर विभाग में घोटाला हो रहा है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति में आकर सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि संस्कार के साथ संस्कृति भी बदलने का काम किया है। उन्होंने परिवारवाद को खत्म किया और बताया कि एक सामान्य परिवार से निकला हुआ व्यक्ति भी प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष या फिर प्रदेश अध्यक्ष बन सकता है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के तहत समाज के हर शोषित, वंचित, पीड़ित, गरीब, महिला, युवा के लिए काम किया।

इस मौके पर उन्होंने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अजमेरी गेट से शुरू हुई यह यात्रा पंडित पंत मार्ग से होती हुई आज दीनदयाल उपाध्याय मार्ग तक आ गई है। यह सफर काफी संघर्ष पूर्ण लेकिन शानदार रहा। उन्होंने प्रदेश भाजपा के स्तंभ रहे केदारनाथ साहनी, अरुण जेटली, ओमप्रकाश कोहली, मांगेराम गर्ग के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज, मदन लाल खुराना और साहिब सिंह वर्मा को याद करते हुए कहा कि इन सभी एवं प्रो. विजय कुमार मलहोत्रा का भाजपा को एक छोटी पार्टी से बड़ी पार्टी बनने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस मौके पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएल संतोष, बैजयंत जय पांडा, कैलाश विजयवर्गीय, दुष्यंत गौतम, डॉ. अल्का गूजर, विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष अलोक कुमार, प्रदेश भाजपा के नेता पवन राणा, रामवीर सिंह बिधूड़ी, मीनाक्षी लेखी, प्रो. जगदीश मुखी, मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा, विजय गोयल, विजेन्द्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय आदि भी उपस्थित थे।

*डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक सुविधाओं से लैस होगा कार्यालय*

भाजपा ने 887 कार्यालय बनाने का निर्णय लिया गया था जिसमें 500 से अधिक कार्यालय बनाकर समर्पित कर दिए गए, 166 कार्यालयों पर निर्माण कार्य चल रहा है और यह 167वां निर्माणाधीन कार्यालय है। यह 4 मंजिला कार्यालय होगा जिसमें एक बड़ा ऑडिटोरियम, प्रेस के लिए अलग हॉल और छोटी बड़ी कॉन्फ्रेंस करने के लिए भी व्यवस्था होगी। साथ ही डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक सुविधाओं से लैस होगा।

### पहलवानों के खिलाफ हेट स्पीच का कोई मामला नहीं बनाता: दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कहा कि पहलवानों के खिलाफ हेट स्पीच का कोई मामला नहीं बनता है, जैसा कि उनके पास दायर एक शिकायत में कहा गया है। पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की हैं, इस कोर्ट ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में ले लिया है। दिल्ली पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान पहलवानों ने किसी अभद्र भाषा का प्रयोग किया था, इसतरह के सबूत नहीं है। पुलिस ने शिकायतकर्ता बम बम महाराज द्वारा प्रस्तुत वीडियो क्लिप का हवाला देकर अपनी स्टेटस रिपोर्ट में कहा है, ह्यप्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विवादित नारा कुछ सिख प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाया गया था। अपनी स्टेटस रिपोर्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा है, शिकायतकर्ता ने एक पेन ड्राइव भी मुहैया कराया है, जिसमें इस खबर और प्रोटेस्ट का वीडियो क्लिप है, जिसमें कुछ अज्ञात सिख प्रदर्शनकारियों को पीएम मोदी के खिलाफ विवादित नारे लगाते हुए देखा जा सकता है। शिकायत की ओर से उपलब्ध हुई सामग्री और वीडियो क्लिप के अवलोकन से पता चलता है कि पहलवानों द्वारा अभद्र भाषा के प्रयोग का कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता है।

### साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं कृति सेनन, फैन्स कर रहे जमकर तारीफ



**मुंबई।** कृति सेनन अपनी शानदार एक्टिंग के दम पर दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं. कृति सेनन प्रभास के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'आदिपुरुष' के प्रमोशन में बिजी हैं, जो 16 जून, 2023 को रिलीज होने वाली है। पूरे प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है. प्री-रिलीज इवेंट के लिए, दिवा ने डिजाइनर लेबल अर्पिता मेहता से चॉकलेट ब्राउन ड्रेप चुना. एक्ट्रेस इस लुक में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। कृति ने ट्रेडिशनल लुक के साथ जाने वाली स्टेटमेंट एक्सेसरीज के तौर पर चंदबली इयररिंग्स को चुना. उनके मिनिमल ग्लैम मेकअप में काजल से लदी आंखें, एम्पल मस्कारा, वेल-कॉन्टूर्ड चीक्स और न्यूड-टोंड लिप शामिल थे। खुले बाल उनकी ड्रेस के साथ परफेक्ट लग रहे थे। अगर आप भी किसी वेडिंग पार्टी में जाने की प्लानिंग कर रही हैं तो आप कृति सेनन के इस लुक से टिप्स ले सकती हैं।

### खास खबर

#### अब अमेरिका से लौटते समय पीएम मोदी खुद जाएंगे ईजिप्ट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने इजिप्ट जाएंगे। मोदी के 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी किसी अफ्रीकी देश की पहली यात्रा होगी। इस यात्रा से व्यापार, निवेश, खेती, रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग मजबूत होने की उम्मीद है। इस मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि सुरक्षा से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा तक के क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा से वापस लौटते समय इस महीने मिस्र की यात्रा कर सकते हैं। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी 26 जनवरी, 2023 को भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर दिल्ली आए थे। यात्रा, तारीखें और एजेंडा पर अभी चर्चा जारी है। इस मामले से जुड़े लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री के 24 जून को अमेरिका की अपनी राजकीय यात्रा के समापन के तुरंत बाद मिस्र की यात्रा करने की उम्मीद है। सिसी गणतंत्र दिवस समारोह के लिए भारत द्वारा मेजबानी करने वाले पहले मिस्र के नेता थे। बता दें कि दोनों देश इस साल राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

#### अध्यादेश के खिलाफ 'आप' की हुंकार: महारैली की तैयारियां लगभग पूरी

आम आदमी पार्टी ने रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली अपनी महारैली की तैयारियां अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने रामलीला मैदान पहुंच कर महारैली की तैयारियों का जायजा लिया। आप केंद्र सरकार के खिलाफ महारैली की कर रही है। महारैली को आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री व आप के अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। गोपाल राय ने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार ने पिछले दरवाजे से अध्यादेश लाकर उसे दिल्ली की जनता पर जबरदस्ती थोपा है।

## मैं भाजपा का नौकर नहीं हूं

### जब चाहे ईडी के सामने पेश हो जाऊं : अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद शिक्षक भर्ती घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हूंगा। पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होना है। उन्हें 13 जून को सुबह 11:30 बजे कोलकाता में सीजीओ कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

अभिषेक ने अभी पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश होने में असमर्थता जाहिर की हैं, क्योंकि वह समय बर्बाद नहीं करना चाहते थे, क्योंकि वह पंचायत चुनावों के प्रचार में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि वह 9 जुलाई के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं, जब पंचायत चुनाव खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं 13 जून को ईडी के सामने पेश नहीं होऊंगा। मेरे पास महत्वपूर्ण पंचायत चुनावों से पहले बर्बाद करने का समय नहीं है। पंचायत चुनाव 9 जुलाई को खत्म हो जाएंगे और मैं उसके बाद कभी भी पेश होऊंगा। उन्होंने कहा आज मेरी पत्नी से पूछताछ की गई ईडी ने फिर मुझे 13 जून को पेश होने के लिए नोटिस भेजा। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि मैं भाजपा का नौकर नहीं हूं, जब भी वे चाहें मुझे केंद्रीय एजेंसियों के सामने पेश होना होगा। अभिषेक ने आरोप लगाया कि ईडी का समन उन्हें पंचायत चुनाव के प्रचार से दूर रखने के लिए भाजपा की एक सोची समझी चाल है। उन्होंने कहा कि यह मुझे अभियान से दूर रखने की सोची समझी चाल है, क्योंकि भाजपा अच्छी तरह जानती है कि वे हमसे राजनीतिक रूप से नहीं लड़ सकते।

### केरल में 52 दिन मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तटीय क्षेत्रों में मछली पकड़ने पर 52 दिन का प्रतिबंध लगाया जाएगा जो शुक्रवार की मध्यरात्रि से लागू होगा। राज्य सरकार ने हाल में मछली पकड़ने पर वार्षिक प्रतिबंध लगाने का फैसला किया जो मछुआरों की आजीविका का साधन है। प्रतिबंध 9 जून की मध्यरात्रि से 31 जुलाई तक रहेगा। इस संबंध में हाल में एक अधिसूचना जारी की गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मछली पकड़ने पर प्रतिबंध 3800 से अधिक ट्रॉलर नौकाओं, 500 से अधिक गिलनेट नौकाओं और राज्य के जल क्षेत्रों में मछली पकड़ने में इस्तेमाल होने वाली नौकाओं पर लागू होगा। राज्य के मत्स्य पालन मंत्री द्वारा आयोजित अधिकारियों और ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों की 18 मई को हुई बैठक में प्रतिबंध लगाने और अन्य संबंधित मामलों पर अंतिम फैसला किया गया। मछुआरा संघ के सूत्रों ने बताया कि मछुआरों की बस्ती में मुफ्त राशन वितरण का भी फैसला किया गया जो प्रतिबंध से प्रभावित होते हैं। इस बीच केरल स्वतंत्र मत्स्याथोजिलाली ऐक्यावेदी के राज्य अध्यक्ष चार्ल्स जॉर्ज ने कहा कि ट्रॉलर नौकाओं, अन्य नौकाओं तथा पोतों पर रोक के साथ साथ पड़ोसी राज्यों से आने वाली फाइबर नौकाओं पर भी प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

## लालू ने रोका था आडवाणी का रथ, अब नीतीश रोकेंगे मोदी का रथ: तेजस्वी

### राजद के युवा नेता ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा को हराने के लिए साथ आ रहे हैं



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य का सत्तारूढ़ महागठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रथ को वैसे ही रोकेगा जैसे उनके पिता लालू प्रसाद ने लाल कृष्ण आडवाणी की रथयात्रा को रोक दिया था। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के युवा नेता ने कहा कि विपक्षी दल केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए साथ आ रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर अतीत में किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब भी भाजपा की कमियों को इंगित किया गया तो उसने हिंदू बनाम मुस्लिम को बढ़ावा दिया। यादव ने राज्य के हथकरघा बुनकर सहकारी संघ द्वारा आयोजित एक समारोह में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि देश सभी समुदायों का है और किसी भी सामाजिक समूह को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों या कोई अन्य धार्मिक समुदाय, सभी ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि हम कुछ लोगों से ऐसी अपमानजनक टिप्पणी सुनते हैं, जिनमें सुझाव दिया जाता है कि मुसलमानों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित किया जाना चाहिए। यादव ने कहा कि लेकिन निश्चित रहें, जब तक लालू प्रसाद और नीतीश कुमार जैसे नेता हैं, कोई भी ऐसा कुछ करने की हिम्मत नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि लालू ने लालकृष्ण आडवाणी के रथ को रोक दिया था। अब नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला महागठबंधन (मोदी का) रथ रोकेगा। उपमुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने से डरी हुई है, क्योंकि उसे वहां एकजुट विपक्ष का सामना करना पड़ सकता है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता यादव कुछ भाजपा नेताओं के बयान के बारे में पूछे गये सवाल का जवाब दे रहे थे। कुछ भाजपा नेताओं ने 23 जून को पटना में आयोजित विपक्षी दलों के सम्मेलन को कमतर पेश करने की कोशिश की है। भाजपा को राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में एक के बाद एक हार दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख एवं सीएम नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव में भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए एकजुट विपक्ष की तरफदारी करते आ रहे हैं। यादव ने पिछले साल भाजपा से नाता तोड़ लिया था। यादव और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह लल्लन ने बुधवार को घोषणा की थी कि विपक्षी दलों का सम्मेलन 23 जून को होगा, जिसमें राहुल गांधी, ममता बनर्जी और सीताराम येचुरी जैसे विभिन्न नेता भाग लेने को राजी हो गये हैं। यादव ने कहा कि 23 जून की बैठक में करीब 15 राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व होगा। हालांकि, जब उनसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के संस्थापक और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमने उनसे अब तक बात नहीं की है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल राजग से नीतीश के बाहर आने के कुछ ही समय बाद राव पटना आये थे और उन्होंने राष्ट्रीय एकता की कुमार की पैरोकारी पर मुहर लगायी थी। हालांकि इस बात की आशंका है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री किसी ऐसे गठबंधन का हिस्सा होंगे, जिसमें कांग्रेस होगी। तेलंगाना में कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। हालांकि, हाल में बीआरएस ने इस बात का पर्याप्त संकेत दिया कि एकजुट विपक्ष का हिस्सा बनने के बजाय वह तेलंगाना मॉडल पर चलेगी।

## फूड सेफ्टी के मामले में केरल शीर्ष पर

### दूसरे नंबर पर पंजाब



**नई दिल्ली।** फूड सेफ्टी के मामले में दक्षिण भारत के दो राज्यों ने टॉप 10 में अपनी जगह बनाई। केरल सबसे सुरक्षति, वहीं तमलिनाडु खाने के मामले में तीसरे नंबर का सबसे सुरक्षित राज्य है। वहीं दूसरे नंबर के सुरक्षति राज्य में पंजाब का नाम शामिल है। केरल और पंजाब दोनों ही राज्यों ने फूड सेफ्टी इंडेक्स में इस बार बड़ा सुधार किया हैं। केंद्र की ओर से 5वां फूड सेफ्टी इंडेक्स जारी किया गया। केरल और पंजाब बड़े राज्यों की सूची में पहले और दूसरे नंबर हैं, तब तमलिनाडु ने तीसरे नंबर पर अपनी जगह बनाई है। बात दें कि बीते वर्ष में फूड सेफ्टी इंडेक्स में केरल छठे और पंजाब 11वें स्थान पर रहा था। वहीं, इस बार राजस्थान ने भी खाने के मामले में अपनी स्थिति को सुधारा है, और दो अंक के सुधार के साथ 10वें से 8वें नंबर पर आ गया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश ने भी एक अंक के सुधार के साथ बीते साल की तुलना में 5वें से चौथे नंबर पर अपनी जगह बनाई है। फूड सेफ्टी इंडेक्स में 8 छोटे राज्यों की बात करें तब गोवा लगातार चौथी बार शीर्ष पर रहा। दूसरे व तीसरे पर क्रमशः मणिपुर और सिक्किम रहे हैं। केंद्रशासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर तीसरे साल टॉप लेवल पर रहा है। दिल्ली दूसरे व चंडीगढ़ तीसरे नंबर पर रहा। खान पान के मामले में बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, असम, बिहार व झारखंड का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा है। इसके अलावा फूड सेफ्टी इंडेक्स में देश के 260 जिलों को शामलि कयिा गया था। जसिमें शीर्ष 6 जिलों में कोयम्बटूर, भोपाल, वाराणसी, मालदा, ग्वालियर व लखनऊ रहे हैं।

## पीओके में दी जा रही फिदायीन हमले की ट्रेनिंग

### अमरनाथ यात्रा पर पुलवामा जैसे हमले की आतंवादियों ने रची साजिश



**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा जुलाई से शुरू हो रही है। अमरनाथ यात्रा पर खतरा मंडराने लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीमा पार बैठे आतंकवादियों के आकाओं ने अमरनाथ यात्रा के काफिले पर पुलवामा जैसा आतंकी हमले को दोहराने की साजिश रची है। अमरनाथ यात्रा पर फिदायीन हमले की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए पीओके में कुछ दिनों से लगातार बैठकें हो रही हैं। सीमा पार पीओके में बने आर्तंकियों के ट्रेनिंग कैंप में आतंकियों को फिदायीन हमले की ट्रेनिंग दी जा रही है।

इन आतंकियों को पुलवामा जैसे आतंकी हमले के लिए भी तैयार किया जा रहा है, क्योंकि पाकिस्तान ने अपने ट्रेनिंग कैंप एक्टिव कर लिए हैं और कुछ आंतकी ट्रेनिंग लेकर लांच पैड में पहुंच चुके हैं। इसके अलावा एक और खबर है कि इन आतंकियों को पाकिस्तानी सेना के कमांडो विशेष ट्रेनिंग दे रहे हैं और पाकिस्तानी सेना के कर्नल व ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी इस ट्रेनिंग कैंप को खुद मॉनिटर कर रहे हैं, जिसमें अलग-अलग आतंकी संगठनों के आतंकी ट्रेनिंग कैंप में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

*भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ाई*

वहीं सुरक्षा एजेंसियों की इंटरनल मीटिंग में यह फैसला किया गया है कि इस बार अमरनाथ यात्रियों का काफिला जब जम्मू-श्रीनगर हाइवे से गुजरेगा तो हाइवे पर किसी भी दूसरे वाहन को चलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि जुलाई की पहली तारीख से अमरनाथ यात्रा की शुरूआत हो जाएगी, इसके लिए तैयारियां पूरी जोर-शोर से चल रही हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का खास ख्याल रखा जा रहा है।

वार्षिक अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर पवित्र गुफा के ऊपरी इलाकों में नियमित उड़ानें और आपदा से बचाव के लिए श्वान दस्तों की तैनाती के साथ एनडीआरएफ ने सुरक्षा तैयारियां शुरू कर दी हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार एक जुलाई से होने वाली यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक दर्जन टीमों को तैनात किया जाएगा। आकस्मिक बाढ़ और ग्लेशियर झील के फटने से होने वाली बाढ़ (जीएलओएफ) से बचने के लिए एनडीआरएफ ने तीर्थयात्री शिविरों के निर्माण के लिए स्थानों की पहचान शुरू कर दी है।

## सरस्वती की हत्या नहीं की थी, उसने खुदकुशी की थी, मैं एचआईवी पॉजिटिव: आरोपी मनोज

*आरोपी के एचआईवी पॉजिटिव होने के दावे की होगी जांच*




**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में हुए सरस्वती हत्याकांड के आरोपी ने अहम खुलासा किया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी मनोज साने ने बताया कि उसने सरस्वती की हत्या नहीं की है। उल्लेखनीय हे कि मनोज साने और सरस्वती बीते पांच सालों से लिन-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। 56 वर्षीय मनोज साने अपनी लिव-इन पार्टनर 32 वर्षीय सरस्वती वैद्य के साथ मीरा रोड के नया नगर क्षेत्र में स्थित गीता आकाशदीप बिल्डिंग में रहते थे। आरोप है कि मनोज ने सरस्वती की पहले बेरहमी से हत्या की और फिर उसकी लाश के कई टुकड़े कर दिए। शव को ठिकाने लगाने के लिए उन टुकड़ों को कुकर में उबाला, फिर मिक्सी में पीसा।

इस जघन्य हत्याकांड का पता तब लगा जब मनोज पड़ोसियों को उसके फ्लैट से बदबू आने लगी। अजीब सी बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस मनोज साने के फ्लैट में घुसी तो दंग रह गई। कई बर्तनों में सरस्वती की लाश के टुकड़े रखे हुए थे। पुलिस ने फौरन मनोज को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा पूछताछ में मनोज ने बड़ा खुलासा किया। मनोज ने बताया कि उसने सरस्वती की हत्या नहीं की, बल्कि सरस्वती ने 3 जून को खुदकुशी कर ली थी। सरस्वती की मौत के बाद वह डर गया था कि उस पर उसकी हत्या का आरोप लगाया जाएगा, इसलिए उसने उसके शरीर को ठिकाने लगाने का फैसला किया। मनोज ने पुलिस को बताया कि उसने उसके शरीर के टुकड़े किए और बदबू से बचने के लिए उन्हें प्रेशर कुकर में उबाला। उसने पुलिस को यह भी बताया कि इस घटना के बाद उसने भी खुदकुशी करने का फैसला लिया था।

## कांग्रेस में बड़े फेरबदल की तैयारी में खरगे प्रियंका गांधी वाड्रा को मिल सकती बड़ी जिम्मेदारी

### कर्नाटक में मिली जीत ने कांग्रेस और उसके कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में मिली जीत ने कांग्रेस और उसके कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया है। इसके बाद कांग्रेस अब 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। सबसे पहले संगठनात्मक फेरबदल की योजना है। इस क्रम में कांग्रेस राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और झारखंड में जल्द नए अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। साथ ही पार्टी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि ओडिशा, हरियाणा और बिहार में कांग्रेस जल्द नए प्रभारी नियुक्त करेगी। इसके साथ ही महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भी प्रभारी बदले जाएंगे। दरअसल, इन दोनों राज्यों के मौजूदा प्रभारी दिनेश गुंडो राव और एचके पाटिल को हाल ही में सिद्धारमैया सरकार में मंत्री बनाया गया है। खास बात यह हैं कि राजस्थान में भी जल्द नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर मुहर लग सकती है। क्योंकि राज्य में सीएम गहलोत और सचिन पायलट के बीच मनमुटाव खुलकर सामने आ गया है। इसके अलावा युवा चेहरों को मौका देने के उद्देश्य से जल्द ही एक नई कांग्रेस वर्किंग कमेटी चुनी जाएगी। रायपुर के अधिवेशन में इसबात को लेकर प्रस्ताव भी पारित हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, पूरे सांगठनिक फेरबदल की प्रक्रिया अगले एक से तीन सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पास इन पदों के लिए उम्मीदवारों के नाम पहुंच चुके हैं। राजस्थान में लंबे वक्त से गहलोत और पायलट के बीच विवाद चल रहा है। पिछले कुछ दिनों से दोनों नेताओं ने खुले तौर पर एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। वहीं, कांग्रेस कई महीनों से राजस्थान का संकट टाल रही है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दोनों नेताओं को साथ लाने की कोशिश की थी। कर्नाटक चुनाव के बाद दोनों नेताओं से बातचीत भी की गई। अमेरिका दौरे पर जाने से ठीक पहले राहुल गांधी ने दोनों से मुलाकात की थी। इस दौरान पायलट और गहलोत को समझाने की कोशिश भी की गई। ताकि राजस्थान चुनाव से पहले एकजुटता का संदेश दिया जा सके। हालांकि अभी तक कोई फॉमूर्ला नहीं निकल सका है, क्योंकि दोनों नेता अपने-अपने स्टैंड पर अड़े हैं। हिमाचल और कर्नाटक में प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव प्रचार का नेतृत्व किया था, दोनों ही राज्यों में कांग्रेस को जीत मिली। *एजेंसी*

### 71वें मिस वर्ल्ड 2023 सौंदर्य प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ने 71वें मिस वर्ल्ड 2023 सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए भारत को मेजबान देश के रूप में चयन करने की शुक्रवार को घोषणा की। संगठन ने कहा कि भारत को यह प्रतिष्ठित सम्मान देने का फैसला इसकी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, विविधता को बढ़ावा देने के लिए इसकी प्रतिबद्धता और महिला सशक्तिकरण के लिए इसके जुनून को देखकर लिया गया है। आकर्षक परिदृश्य, प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल और शानदार आतिथ्य-सत्कार के साथ भारत की जीवंत परंपराएं, संस्कृति और इतिहास इस सौंदर्य एवं फैशन का एक वैश्विक पावरहाउस बनाते हैं। भारत में 71वीं मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता परोपकारी गतिविधियों के माध्यम से लोकोपकारी कार्यों को बढ़ावा देगी और प्रतियोगियों को अपने समुदायों पर सकारात्मक असर डालने और समाज में योगदान देने के लिये प्रेरित करेगी।



**उत्तराखंड में पिछले 22 वर्षों के दौरान 37254 अग्निकांड में 545 करोड़ रुपये की संपत्ति स्वाह हो गई। अग्निशमन विभाग इन घटनाओं में 2626 करोड़ 68 लाख से अधिक संपत्ति राख होने से बचाई। यह खुलासा सूचना के अधिकार कानून के तहत मांगी गई सूचना से हुआ।**


**सेंसेक्स**
223.01 अंक करीब 0.35 फीसदी नीचे आकर 62,625.63 अंक पर बंद हुआ


**सोना**
बढ़त के साथ ही 59,509 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 223 अंक व निफ्टी 71 अंक गिरा

**मुंबई।** शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुए। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। गत दिवस भी बाजार नीचे आया था। इस प्रकार लगातार दूसरे दिन बाजार लाल निशान पर बंद हुआ।
दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 223.01 अंक करीब 0.35 फीसदी नीचे आकर 62,625.63 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 62,992.16 तक ऊपर जाने के बाद 62,594.74 तक नीचे आया था। दूसरी ओर पचास शेयरों वाले नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी में भी 71.15 अंक तकरीबन 0.38 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और निफ्टी अंत में



18,563.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 18,676.65 की उंचाई तक जाने के बाद 18,555.40 तक फिसला। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में 11 शेयर लाभ के साथ हरे निशान पर बंद हुए। इंडसइंड बैंक के शेयर सबसे अधिक करीब 2.12 फीसदी तक उछले। इसके अलावा एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टूब्रो और अल्ट्राटेक सीमेंट सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में से 19 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक करीब 1.98 फीसदी तक गिरे। एसबीआई, एचयूएल, एचसीएल टेक और इंफोसिस सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले सुबह सेंसेक्स 48 अंक 62896 पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 29 अंक ऊपर 18664 पर कारोबार कर रहा था। नीतिगत ब्याज दर को यथावत रखने के रिजर्व बैंक के फैसले के बीच गुरुवार को वाहन, बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजारों में चार कारोबारी दिन से जारी तेजी थम गई थी। वै?श्विक बाजार से ?मिले अच्छे संकेतों की वजह से शेयर बाजार में सप्ताह के आ?खिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार हल्की तेजी के साथ खुले। सुबह सेंसेक्स 48 अंक 62896 पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 29 अंक ऊपर 18664 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी 50 में 37 शेयर में एडवांसेस दिख रहा है जबकि 11 शेयरों में डिक्लाइन दिख रहा है। जिन शेयरों में यहां तेजी दिख रही है उनमें हीरो मोटोकॉर्प, एडे?निएंट, ?ब्रिटे?निया, डॉ रेडी, जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर शामिल हैं। वहीं एचडीएफसी लाइफ, ?हिंदुस्तान लीवर, इंडसइंड बैंक के शेयरों में गिरावट दिख रही है। वहीं बीएसई में 2995 शेयरों में कारोबार हो रहा है। 1575 शेयरों में एडवांसेस दिख रहा है जबकि 1307 में डिक्लाइन दिख रहा है। 97 शेयरों में 52 हफ्तों की ऊंचाई छुई है जबकि 17 शेयरों ने 52 हफ्तों के निचले स्तर को छुआ है। 93 शेयरों में अपर सर्किट लग गया है 47 शेयरों में लोवर सर्किट लग चुका है। बता दें कि नीतिगत ब्याज दर को यथावत रखने के रिजर्व बैंक के फैसले के बीच गुरुवार को वाहन, बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजारों में चार कारोबारी दिन से जारी तेजी थम गई थी।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटों के दौरान खास बदलाव नहीं आया है और ब्रेंट क्रूड डब्ल्यूटीआई के भाव स्थिर हैं। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार सुबह पेट्रोल और डीजल के खुदरा रेट भी जारी कर दिए हैं। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी ताजा रेट के अनुसार दिल्ली, मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। अगर कच्चे तेल की बात करें तो इसकी कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान मामूली गिरावट आई है। वहीं ब्रेंट क्रूड 0.08 डॉलर की गिरावट के साथ 76.87 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है।
दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की वायदा भाव शुक्रवार के कारोबारी दिन तेजी के साथ खुले। लेकिन यह तेजी बरकरार नहीं रह सकी। चांदी के वायदा भाव 73 हजार रुपए के पार और सोना के वायदा भाव 60 हजार रुपए के करीब पहुंच गए है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर शुक्रवार को चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 190 रुपए की तेजी के साथ 73,860 रुपए के भाव पर खुला। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 61 रुपए की गिरावट के साथ 73,609 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 73,860 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 73,690 रुपए किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव 78 हजार रुपए किलो को पार कर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए थे। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 43 रुपए की तेजी के साथ 59,934 रुपए के भाव पर खुला। ?फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 31 रुपए की गिरावट के साथ 59,860 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 59,943 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 59,870 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया।

## निसान केवल निसान मैग्नाइट का कर रही प्रोडक्शन

*3 साल में बेच दीं इसी की 1 लाख यूनिट्स*

**नई दिल्ली।** जानी-मानी ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी निसान कुछ समय से केवल निसान मैग्नाइट का प्रोडक्शन कर रही है। एसयूवी सेगमेंट में आने वाली मैग्नाइट की डिमांड भी काफी ज्यादा है। बेहतरीन परफॉर्मेंस और फीचर्स से लैस मैग्नाइट इंडिया ही नहीं विदेश में भी काफी पॉपुलर एसयूवी है। इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2020 में लॉन्च हुई निसान मैग्नाइट ने तीन साल के अंदर ही 1 लाख कारों के प्रोडक्शन का आंकड़ा पार कर लिया है। गौरतलब है कि निसान को सबसे पहले जापान में डिजाइन किया गया था। लेकिन इसका प्रोडक्शन इंडिया में ही किया गया। दिसंबर 2020 में निसान मैग्नाइट को पहली बार इंडिया में लॉन्च किया गया। इसके बाद से ही इसका प्रोडक्शन चेन्नई स्थित कंपनी के प्लांट में किया जाता है। यहीं से इसे एक्सपोर्ट भी किया जाता है। निसान की सबसे ज्यादा बिकने वाली गाडडियों में से एक मैग्नाइट ही है।निसान मोटर इंडिया में



मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव के अनुसार मैग्नाइट इंडियन मार्केट में कंपनी के लिए गेम चेंजर साबित हुई है। गौरतलब है कि निसान की सीधी टक्कर इंडिया में वैन्यू, ब्रेजा और सोनेट जैसे कारों से है। निसान मैग्नाइट की खासियत इसका माइलेज है। कार 20 किलोमीटर प्रति लीटर से भी ज्यादा का माइलेज देती है। कंपनी इसमें 1.0 लीटर का 3 सिलेंडर पेट्रोल इंजन देती है जो 70 बीएचपी की पावर जनरेट करता है। मैग्नाइट मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ ऑफर की जाती है। कार की एक्स शोरूम कीमत 7.39 लाख रुपये से शुरू होती है। हाल ही में कंपनी ने मेग्नाइट का गीजा वेरिएंट लॉन्च किया था। कार में वायरलैस कनेक्टिविटी के साथ जेबीएल का साउंड सिस्टम दिया गया है। वहीं 9 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम भी इसमें एड किया गया है। मैग्नाइट को आप 5 कलर ऑप्शंस में ले सकते हैं। बता दें कि इंडिया के अलावा निसान मैग्नाइट को बांग्लादेश, सेशेल्स, ब्रुनेई और युगांडा सहित 15 देशों में एक्सपोर्ट किया जाता है जहां इस जापानी एसयूवी की भारी डिमांड है। ***एजेंसी***

## स्टील पर शुल्क छूट को लेकर अमेरिका से हो रही बातचीत

**मुंबई।** भारत की अमेरिका से स्टील और एल्युमीनियम पर शुल्क छूट के बारे में बातचीत जारी है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ये शुल्क लगाए थे। भारत ने अमेरिका के इन शुल्कों के जवाब में कुछ उत्पादों पर लगाए गए शुल्कों को हटाने की पेशकश की है। इस महीने के अंत में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा करेंगे।

इस मामले के जानकार दो भारतीय अधिकारियों और उद्योग के एक सूत्र ने बताया कि मोदी की इस यात्रा दौरे के दौरान दोनों देशों के समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है। दोनों सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारत ने स्टील पर शुल्क छूट के बदले अमेरिका के कृषि उत्पादों जैसे बादाम और अखरोट पर लगाए गए शुल्क में छूट देने की पेशकश की है।

एक सूत्र ने बताया कि अमेरिका का बातचीत को लेकर लचीला रुख नहीं हैं। इससे स्टील पर शुल्क छूट मिलने पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले ओपनएआई के सीईओ



**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भारत दौरे पर हैं।

वह बीते बुधवार को भारत पहुंचे हैं। वहीं ऑल्टमैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ये बैठक बहुत अच्छी थी और मोदी एआई को लेकर उत्साहित थे। यह बैठक एक ऐसे दिलचस्प समय पर हो रही है, जब भारत सरकार एक डिजिटल इंडिया बिल में एआई को रेगुलेट करना चाहती है। इस विधेयक को आईटी एक्ट से बदल दिया जाएगा। ऑल्टमैन ने कहा कि ये काफी अच्छा था। वास्तव में एआई और इसके फायदे को लेकर विचारशील थे। हमने पूछा कि भारत ने चेटजीपीटी को इतनी जल्दी और इतनी तेजी से क्यों अपना लिया है। ये देखना वाकई हमारे लिए मजेदार रहा। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस बारे में भी बात की कि भारत एआई के लिए कैसे अवसर पेश कर सकता है और इसके रेगुलेशन के बारे में क्या सोचता है। ऑल्टमैन ने कहा कि हमने देश के सामने अवसरों के बारे में बात की, देश को क्या करना चाहिए, यह सुनिश्चित करने के लिए ग्लोबल रेगुलेशन के बारे में सोचने की जरूरत है कि हम कुछ डाउनसाइड्स होने से रोकें।

## बायजू फिर करेगी कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एडटेक कंपनी बायजू एक बार फिर छंटनी करने की योजना बना रही है। कॉस्ट कटिंग करने के लिए और बेहतर ऑपरेशन के लिए कंपनी कर्मचारियों की स्ट्रेंथ में कटौती कर सकती है। इस बार कंपनी करीब 1000 कर्मचारियों को निकाल सकती है। बता दें कि इससे पहले भी कंपनी ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था। ये दूसरी बार है जब कंपनी अपने यहां छंटनी की योजना बना रही है। देश में छंटनी का सिलसिला जैसे थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक के बाद एक कंपनियां अपने कर्मचारियों को निकाल रही हैं। इस बार छंटनी की तलवार देश की सबसे बड़ी एडटेक कंपनी पर लटक रही है। जानकारी के मुताबिक जिन लोगों को निकाला जाएगा उनमें से ज्यादातर ऑन-ग्राउंड सेल्स के लोग शामिल हो सकते हैं। कंपनी इन लोगों को कॉन्ट्रैक्ट पर हायर करती है। थर्ड पार्टी के जरिए इन कर्मचारियों की हायरिंग होती है। 2023 की शुरूआत में बायजू ने पहली बार करीब 1000 लोगों को नौकरी से निकाल दिया था।

## एसबीआई लाइफ ने प्लेज फॉर पैशन कैंपेन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब जीता



**नई दिल्ली।** देश की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकताओं में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने #IndiaKaPassionPledge कैंपेन शुरू करने के लिए नई एआई तकनीक, चैट जीपीटी का इस्तेमाल किया है, और 24 घंटे में एक पैशन कैंपेन के लिए सबसे अधिक प्लेज प्राप्त टाइटल के तहत गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्सट्ठ का खिताब अपने नाम किया है। इस कैंपेन में देशभर के लोगों ने हिस्सा लिया, जहां यूजर्स ने अपने परिवार की फाइनेंसियल जरूरतों का ख्याल रखने के साथ-साथ, अपने पैशन को आगे बढ़ाने का वादा करने के लिए ऑनलाइन शपथ ली। यूजर्स को अपने पैशन को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए, एसबीआई लाइफ ने एआई-प्रॉम्प्ट प्लेज-ऑन माइक्रोसाइट लॉन्च की है, जिसे फाइनेंसियल सर्विस सेक्टर में अपने आप में पहली पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिसने व्यक्तिगत प्रतिज्ञा जाहिर करने के लिए चैट जीपीटी की मदद ली है। माइक्रोसाइट ने यूजर्स को उनके नाम, जेंडर, कांटेक्ट नंबर और व्यक्तिगत पैशन जैसी बेसिक जानकारियां भरने के बाद, अपनी व्यक्तिगत प्रतिज्ञा लेने के लिए स्वतंत्र किया है। इसके जरिये यूजर्स को एक कस्टमाइज्ड प्लेज प्राप्त होता है, जिसे बाद में एक ऑडियो फाइल में परिवर्तित कर दिया जाता है। टेक्स्ट को टेक्स्ट-टू-स्पीच फीचर और ब्रांड के म्यूजिकल लोगो (एमओजीओ) के इस्तेमाल से तैयार किया गया है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर हेड, रवींद्र शर्मा ने कहा, नई टेक्नोलॉजी के आने से, मौजूदा यूजर्स के नजरिये और व्यवहार को एक नया रूप मिला है।

## बीएसएनएल नकदी निवेश बढ़ा हिस्सेदारी घटी



**मुंबई।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने वित्त वर्ष 23 के दौरान राजस्व और बैलेंस शीट में सुधार तो दर्ज किया है, लेकिन कंपनी अपनी प्रतिस्पर्धियों के हाथों लगातार बाजार हिस्सेदारी गंवा रही है और वर्ष के दौरान इसके शुद्ध और नकदी के नुकसान में और इजाफा हुआ है। वास्तव में वर्ष के दौरान अपने परिचालन लाभ में सुधार के बावजूद वित्त वर्ष 23 में कंपनी का शुद्ध और नकदी घाटा बढ़ा है। सरकार के स्वामित्व वाली इस दूरसंचार परिचालक की बिक्री वित्त वर्ष 2023 के दौरान पिछले साल के मुकाबले 13.8 प्रतिशत बढ़कर 19,128 करोड़ रुपये हो गई, लेकिन वर्ष के दौरान इसका घाटा भी पिछले साल के मुकाबले 17 प्रतिशत बढ़कर 8,162 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह इसका नकदी का नुकसान वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 2,503 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले यह 1,674 करोड़ रुपये था। इसकी वजह से कंपनी ने लगातार छह साल में वित्त वर्ष 2018 से नकदी का नुकसान और लगातार 14 साल में वित्त वर्ष 2010 से घाटा दर्ज किया है। परिणामस्वरूप इसने पिछले 14 साल में कुल 1.11 लाख करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया है। बीएसएनएल के शुद्ध घाटे में इस बढ़ोतरी की एक वजह एकमुश्त व्यय भी है। वित्त वर्ष 23 में एकमुश्त शुद्ध व्यय 1,500 करोड़ रुपये था। बीएसएनएल को वित्त वर्ष 23 में 16,200 करोड़ रुपये की फंडिंग के व्याहारिक अंतर का भी सामना करना पड़ा। वित्त वर्ष 23 में घरेलू दूरसंचार बाजार में बीएसएनएल की राजस्व हिस्सेदारी भी लुढ़ककर 8.25 प्रतिशत के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गई, जबकि एक साल पहले यह 8.42 प्रतिशत थी। दूरसंचार परिचालकों (जियो, एयरटेल (घरेलू), वोडाफोन, बीएसएनएल, एमटीएनएल) के परिचालन संयुक्त बिक्री या आय वित्त वर्ष 23 के दौरान पिछले साल के मुकाबले 16.2 प्रतिशत बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले करीब दो लाख करोड़ रुपये थी।

## टाटा मोटर्स ने अल्ट्रोज आईसीएनजी के साथ सीएनजी के बाजार में नई क्रांति का आगाज किया



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माता, टाटा मोटर्स ने आज अल्ट्रोज सीएनजी को लॉन्च किया, जिसे भारत की पहली ट्विन सिलिंडर टेक्नोलॉजी के साथ पेश किया गया है। कार को 7.55 लाख रुपये के शुरूआती (ऑलइंडिया-एक्स शोरूम प्राइज) दाम पर लॉन्च किया गया। टाटा मोटर्स ने इंडस्ट्री की पहली सीएनजी टेक्नोलॉजी विकसित की है। कंपनी की कार अल्ट्रोज आईसीएनजी में सामान रखने की जगह से कोई समझौता नहीं किया गया है। यह कार बेस्ट फीचर्स के साथ लैस होकर आती है, जिसमें उपभोक्ताओं को प्रीमियम हैचबैक की लक्जरी और पूरा आराम मिलना सुनिश्चित होता है। अल्ट्रोज आईसीएनजी को कई आधुनिक फीचर्स के साथ पेश किया गया है। इसमें वॉयस अस्सिटेड इलेक्ट्रिक सनरूफ, वायरलेस चार्जर और एयर प्यूरिफायर शामिल हैं। टियागो और टिगोर की सफलता के बाद अल्ट्रोज आईसीएनजी कंपनी की तीसरी ऐसी सीएनजी गाड़ी है, जो उपभोक्ताओं को केवल पर्सनल सेग्मेंट में ऑफर की जा रही है। युवा कार के खरीदारों के लिए सीएनजी को कूल विकल्प को अपनाते हुए कंपनी ने ओएमजी! इट्स सीएनजी अभियान लॉन्च किया है। कंपनी के इस कैंपेन में अल्ट्रोज आईसीएनजी की खूबियों के बारे में उपभोक्ताओं को बताया गया है। टाटा मोटर्स पैसेंजर्स व्हीकल लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिसिटी मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने लॉन्च के अवसर पर कहा, ज्यादातर उपभोक्ता अब वैकल्पिक ईंधन से चलने वाली गाड़ियों की तलाश कर रहे हैं। इसके साथ ही वह ऐसी कार चाहते हैं, जो ईंधन की खपत में किफायती हो और इसके साथ ही उसे चलाने से प्रदूषण भी नहीं हो। एक ईंधन के तौर पर सीएनजी की बड़े पैमाने पर उपलब्धता और सीएनजी तक लोगों की पहुंच से अब इसे काफी संख्या में उपभोक्ता अपनाने लगे है। हालांकि सीएनजी गाड़ियों की विकल्प अपनाने से कई बेहतरीन फीचर्स के मामले में समझौता करना पड़ता है और इन गाड़ियों में सामान रखने की ज्यादा जगह नहीं मिलती। जनवरी 2022 में उपभोक्ताओं की पहली मुश्किल को दूर करने के लिए टियागो और टिगोर में एडवांस्ड आईसीएनजी टेक्नोलॉजी लॉन्च की, जिसमें शानदार परफॉर्मेंस के साथ बेहतरीन फीचर्स का संयोजन किया गया था। आज हम नई अल्ट्रोज टाटा आईसीएनजी को लॉन्च कर काफी उत्साहित हैं। यह यात्रियों की सामान रखने की जगह की चिंता की मुश्किल को सुलझाते हुए सीएनजी मार्केट को फिर से पारिभाषित करेगी।

## संक्षेप

### अदाणी एंटरप्राइजेज अपनी ईएसजी प्रतिबद्धता के तहत 2030 तक 10 करोड़ पेड़ उगाएगा

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने वित्त वर्ष 23 में अपने ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कॉर्पोरेट प्रशासन) परफॉर्मेंस से संबंधित ब्यौरा जारी किया है। इसमें कहा गया है कि समूह की कंपनियां ह्यसस्टेनेबल ग्रोथ के लिए प्रतिबद्ध हैंह्व। अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) का कहना है कि उसने 2030 तक 10 करोड़ पेड़ उगाने का संकल्प लिया है, कंपनी का कहना है कि अदाणी एयरपोर्ट्स ने अपने ऑपरेशनल एमिशन में 44 फीसदी की कमी हासिल की है। अदाणी समूह ने एक बयान में कहा - अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड (एपीएसईजेड) बिजली की खपत में ह्य100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा मिक्सह्व को भी लक्षित कर रहा है- साथ ही वित्त वर्ष 25 तक ऊर्जा की तीव्रता में 50 प्रतिशत की कमी और उत्सर्जन की तीव्रता में 60 फीसदी की कमी लाने का प्रयास है। इसके अतिरिक्त, एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट में एपीजेईजेड को ह्यग्लोबल ट्रांसपोर्टेशन एंड ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रा सेक्टरह्व की 297 कंपनियों में 10वां स्थान मिला। कंपनी का कहना है कि समूह की हरित ऊर्जा इकाई एजीईएल को वित्त वर्ष 23 के लिए डीएनवी द्वारा ह्यवाटर पॉजिटिवह्व प्रमाणित किया गया था, जो कि उसके वित्त वर्ष 25 के लक्ष्य से बहुत आगे है, कंपनी का कहना है कि इसे ह्यग्रो केयर इंडिया द्वारा प्लेटिनम एनवायरनमेंट अवार्डह्व से भी सम्मानित किया गया था। कंपनी का कहना है कि भारत में सबसे बड़े निजी थर्मल पावर उत्पादक अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने एफटीएसई ईएसजी रेटिंग में 3.5/5 स्कोर किया है। यह विश्व उपयोगिताओं के औसत स्कोर 2.7/5 से बहुत अधिक है। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का कहना है कि उसने एटीजीएल की 58 साइटों में वाटर ऑडिट पूरा कर लिया है और आने वाले वर्षों में पानी की खपत, मीटर और वर्षा जल संचयन पर ध्यान देने के साथ वाटर पॉजिटिव बनने की राह पर है। इसके अलावा, अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) ने अपनी सहायक और प्रमुख वितरण कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड (एईएमएल) में 30.04 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा मिक्स भी हासिल किया है।

### बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2022-23 में उच्चतम औसतन प्रति शाखा एपीवाई खाते (129) खोले

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया को वित्त वर्ष 2022-23 में प्रति शाखा औसतन अधिकतम 129 अटल पेंशन योजना (एपीवाई) खाते खोलने के लिए वार्षिक एपीवाई एक्सेमप्लेरी अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस (वि.वर्ष 2022-23) के लिए नामांकित किया गया। उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया ने इस संबंध में वार्षिक लक्ष्य का 162 प्रतिशत प्राप्त किया है। बैंक ऑफ इंडिया को 'बीट द बेस्ट एंड बी द बेस्ट', 'शाइन एंड सक्सेस', 'ओल्ड एज फाइनेंशियल फ्रीडम', एपीवाई नेशनल चैंपियनशिप कप तथा 'सर्किल ऑफ एक्सीलेंस' में सर्वोत्कृष्ट का एक्सेमप्लेरी अवार्ड आदि अभियानों के लिए ₹पीएसबी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता बैंकर₹ के रूप में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अपने 3 आरआरबी सहित बैंक ऑफ इंडिया को 'एपीवाई नेशनल चैम्पियनशिप कप' अभियान हेतु सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंक के रूप में प्रथम पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। पूर्व में स्वावलंबन योजना के रूप में जानी जाने वाली अटल पेंशन योजना, एक पेंशन योजना है जो 2015-2016 के बजट में घोषणा के बाद, 2015 में भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई थी। एपीवाई का उद्देश्य सभी भारतीयों, विशेष रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक सर्वव्यापक सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करना है।अटल पेंशन योजना 18-40 वर्ष आयु वर्ग के लोगों के लिए है। चुनी गई पेंशन राशि और किए गए अंशदान के आधार पर एपीवाई, न्यूनतम पेंशन के रूप में रु.1,000/-, रु.2,000/-, रु.3,000/, रु.4,000/- या रु.5,000/- प्रति माह की गारंटी देती है। 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पेंशन आरंभ होती है।

### 12 जून, 2023 को 200 से अधिक जिलों में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा

**लखनऊ।** स्किल इंडिया मिशन के तहत भारत के युवाओं के लिए कैरियर के अवसरों को बढ़ावा देने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के हिस्से के रूप में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) 12 जून, 2023 को देश भर के 200+ जिलों में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) आयोजित कर रहा है। स्थानीय युवाओं को प्रासंगिक अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के अवसर प्रदान करने के लिए कई स्थानीय व्यवसायों और संगठनों को इस अप्रेंटिसशिप मेले का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली कई कंपनियों की भागीदारी का गवाह बनेगा। एक प्लेटफॉर्म के माध्यम से, भाग लेने वाले संगठन युवाओं के आजीविका के अवसरों को मजबूत करते हुए, संभावित अपरेंटिस के साथ जुड़ सकते हैं, मौके पर ही उनकी योग्यताओं में से चुन सकते हैं। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा, देश के जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करने के लिए, यह अनिवार्य है कि हमारे पास शिक्षा से आजीविका तक एक सुचारु परिवर्तन के लिए सबसे प्रभावी रणनीतियां हों और अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग प्रधानमंत्री के विजन का एक अभिन्न अंग है। इसके साथ, एमएसडीई ने पीएमएनएएम सहित कई पहलें शुरू की हैं जो अप्रेंटिसशिप इकोसिस्टम को मजबूत कर रही हैं, उद्योग को कुशल जनशक्ति प्रदान कर रही हैं जो न केवल संभावित कर्मचारी हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण की यात्रा का एक हिस्सा भी हैं। इंडियास्किल्स 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 22 लाख से अधिक सक्रिय अपरेंटिस को नियुक्त किया गया है और अप्रेंटिसशिप मेलों के माध्यम से हम जो सकारात्मक गति देख रहे हैं, उसके साथ ये संख्या तेजी से बढ़ेगी।

### गोफर्स्ट और इंडिगो के विलय की अभी कोई योजना नहीं

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन ने संकट में फंसी एयरलाइन गोफर्स्ट के साथ विलय की अफवाहों को लेकर प्रतिक्रिया दी हैं एयरलाइन ने कंपनी के स्टेक्स ने इन खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। इंडिगो ने कहा कि वह वह बाजार की अटकलों पर किसी तरह का कमेंट नहीं कर सकती। हालांकि, कंपनी गोफर्स्ट के साथ मर्जर की खबरों की न तो पुष्टि की है और न ही खंडन किया है। बता दें कि ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि इंडिगो कर्ज में डूबी गोफर्स्ट के साथ विलय करने पर विचार कर रहा है। साथ ही कंपनी ने इसको लेकर कई बैठक भी की हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इंडिगो ने गोफर्स्ट के साथ विलय को लेकर कहा है कि कंपनी बाजार की अटकलों पर कोई टिप्पणी नहीं करती। कंपनी ने कहा कि वह केवल अपनी ग्रोथ स्ट्रैटेजी पर ही अपना ध्यान केंद्रित करती है। रिपोर्ट के मुताबिक विलय और अधिग्रहण की डील में पांच साल तक का समय लग सकता है। इंडिगो वर्तमान में बाजार हिस्सेदारी और बेड़े के आकार के मामले में सबसे बड़ी एयरलाइन है और भारतीय बाजार के लगभग 70 फीसदी को नियंत्रित करती है। बता दें कि गोफर्स्ट ने 2 मई को आवेदन कर दिवालिया प्रक्रिया की शुरूआत की थी। इसके बाद कंपनी ने 12 मई तक की सभी उड़ानें रद्द कर दी और 13 से 22 मई तक की उड़ानों के लिए हवाई टिकट बुक करने भी बंद कर दी थी। हाल ही में गो फर्स्ट ने 12 जून, 2023 तक अपनी सेवाएं रद्द करने का फैसला किया है।

### डिजिटल उधारी में चूक नुकसान गारंटी पर दिशानिदेश जारी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल उधारी में चूक नुकसान गारंटी (डीएलजी) के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए। केंद्रीय बैंक का यह कदम ऋण प्रणाली में व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने के लिए है। डीएलजी एक विनियमित इकाई (आरई) और निर्धारित मानदंड पूरा करने वाली इकाई के बीच एक अनुबंध व्यवस्था है, जिसके अंतर्गत मानदंड पूरा करने वाली इकाई निर्दिष्ट ऋण के एक तय प्रतिशत तक चूक पर आरई को नुकसान की भरपाई करने की गारंटी देती है। आरई का आशय बैंकों के अलावा आरबीआई के नियमन में आने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं (एनबीएफसी) से है।

# चार करोड़ रुपये के बजट से होगा नगर का विकास

**सौगात**

### नगर पालिका परिषद की पहली बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

### बारह सड़कें, वार्डों में सबमर्सिबल, स्टेशन रोड के पानी निकासी के लिए पाइप लाइन व अन्य कार्य हैं शामिल



भाजपा सभासद अजय दुबे



नगर पालिका की बैठक मे शामिल विधायक जाहिद बेग, पालिकाध्यक्ष नरगिस अतहर, इओ और सभासदगण

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासदों के लिए बोर्ड की पहली बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष नरगिस अंसारी ने की। बैठक में एजेंडे को पढ़ा गया और सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से विकास कार्यों के उन प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे पूर्व पालिका के ईओ जी लाल ने विधायक जाहिद बेग व पालिकाध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किया। इसके साथ ही उनके द्वारा सभी सभासदों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक जाहिद बेग ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित नगर के सभी वार्डों से चुनकर आए सभासदों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड से आप चुनकर आए हैं। उन वार्डों के विकास की जिम्मेदारी आप के ऊपर है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष नर्गिस अतहर ने कहा कि नगर में जलनिकासी की सबसे बड़ी समस्या है। उस पर काम करने की आवश्यकता है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सभी सभासदों को साथ लेकर नगर की मूल भूत सुविधाओं पर काम किया जाएगा। बैठक में 15वें वित्त मद से कराएं जाने वाले 12 सड़कों, वार्डों में सबमर्सिबल पंप, जहां पर आवश्यकता होगी वहां पर पाइप लाइन का विस्तार, एक हजार एलईडी लाइट, सीवर ढक्कन, स्कूलों में टाइल्स व चौराहों के सुंदरीकरण सहित अन्य प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। लगभग चार करोड़ रुपए की बजट से यह सभी विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर डॉ.मो.अतहर अंसारी, गिरधारी जायसवाल, अशरफ अली, अरविंद मौर्य, नाजिश बानो, इसरार अंसारी, सुफियान अंसारी, संजय यादव, मो.अनस अंसारी, शबाना अलाउद्दीन, अजय दुबे, शबाना राईन, शीला बिंद, गुलाम संजरी, रमेश सरोज, गीता देवी, सुमन देवी, निशा देवी, विजया देवी, पूनम देवी, सत्ती देवी, हसीब खान, लोलारख, चंद्रेश यादव, अबरार अहमद, बेबी, पिंकी देवी व प्रदीप यादव आदि सभासद सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### भाजपा सभासदों ने विकास कार्य मे सहयोग का दिलाया भरोसा

नगर पालिका के चुनाव में बसपा प्रत्याशी नरगिस अतहर ने जीत का परचम लहराया। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के बोर्ड की पहली बैठक आयोजित की गयी थी। बोर्ड की बैठक में मौजूद वार्ड नम्बर 15 मरियादपट्टी पूर्वी के सभासद अजय दुबे ने कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष नरगिस अतहर अंसारी के नगर को चमकाने में भाजपा सभासद पूरा सहयोग करेंगे। इस दौरान गिरधारी जायसवाल, अरविंद मौर्या और प्रदीप यादव आदि सभासद मौजूद रहे।

## आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मोढ़ क्रिकेट एकेडमी को 14 रनों से हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद ग्राउंड मेढ़ी में आजाद स्पोर्ट्स क्लब व पीएसआरएस मोढ़ क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। जिसमें आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मोढ़ क्रिकेट एकेडमी को 14 रनों से मात दी। आजाद स्पोर्ट्स क्लब के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर के मैच में 7 विकेट पर 188 रन बनाए। जिसमें करण भारती ने शानदार 89 रन बनाए इसके अलावा धीरज बिंद ने 26 रन अवनीश मिश्रा ने 25 रनों का योगदान किया। जवाब में उतरी पीएसआरएस क्रिकेट एकेडमी मोढ़ ने 28 ओवरो में सभी विकेट खोकर 174 रन ही बना सकी। जिसमें आशीष सिंह ने 42 रन, आकाश ने 36 रन, सत्यप्रकाश 16 रन, प्रिंस ने 13 रन व मोनू सिंह ने 12 रनों का योगदान किया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में धीरज बिंद ने 4 विकेट रतन पाठक ने 2 विकेट, शिवम वर्मा, शिवम यादव व आदित्य यादव ने एक-एक विकेट लिए। मैच में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। कभी मोढ़ के पक्ष में तो कभी आजाद स्पोर्ट्स क्लब के पक्ष में रहा लेकिन अंत में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मैच को जीत लिया।

# सुरियावां के युवक की उड़ीसा में हुई हत्या जंगल में मिला शव

**जनसंदेश न्यूज**

सुरियावां। थाना क्षेत्र के पूरे तुलापुर बहादुरान निवासी एक 18 वर्षीय युवक की उड़ीसा में हत्या कर दी गई है। हत्यारों ने युवक के शव को जंगल में जला दिया था। शव के अवशेष के पास ही युवक की मोपेड़ वाहन खड़ी होने से उसकी शिनाख्त की गई। युवक के हत्या की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

इस प्रकरण में मिली जानकारी के अनुसार तुलापुर बहादुरान निवासी नवाब अली उम्र 18 वर्ष पुत्र हैदर अली बीते एक साल से उड़ीसा में गांव के ही मुन्ना और बेलाल के साथ रहता था। वहां पर नवाब अली कबाड़ी खरीदने का कार्य करता था। जिसके लिए उसे मुन्ना ने ही एक मोपेड़ गाड़ी दी थी। बीते दो जून को वह अचानक गायब हो गया। नवाब के अचानक गायब होने को लेकर परेशान मुन्ना ने स्थानीय सुंदरगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों की तहरीर के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और एक संदिग्ध युवक को उठाया। पूछताछ में हिरासत में लिए गए युवक ने बताया कि नवाब अली की हत्या कर जंगल में जला दिया गया है। युवक की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से युवक की जली मोपेड़ और अधजली शव को बरामद किया। युवक के साथियों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। घटना की जानकारी होते ही घर पर कोहराम मच गया। उसके पिता नवाब बेटे की मौत की सूचना मिलते ही उड़ीसा के लिए रवाना हो गए। इधर घर में उसकी मां नगीना और छोटे भाई सवाब अली सहित परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक की हत्या किन परिस्थितियों में की गई है। इसकी जानकारी अब तक नहीं हो सकी है ।नवाब की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई हैं।

## संक्षेप

### अतिरिक्त एसडीएम ने परखी टाउन की सफाई व्यवस्था

**केराकत।** डीएम के निर्देश पर नामित अधिकारी अतिरिक्त एसडीएम माज अख्तर शुक्रवार को पूर्वान्ह नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और खास तौर से नगर की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने टाउन कर्मियों के साथ नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा सड़कों, गलियों और नालियों की सफाई से संतुष्ट दिखे। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार, अमित साहनी, राजेश यादव मिश्रा और मुनिल यादव साथ रहे।

### खेलकूद सामग्री का वितरण आज

**जौनपुर।** जिला युवा कल्याण प्रा.वि.द. अधिकारी वैभव सिंह ने अवगत कराया है कि युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित प्रत्येक विकास खण्ड से युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल कुल (378) दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेलकूद सामाग्री का वितरण 10 जून को इन्दिरा गाँधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में पूर्वान्ह 9 बजे राज्यमन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ.प्र. गिरीश चन्द्र यादव द्वारा किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित मंगल दल 10 जून को पूर्वान्ह 9 बजे इन्दिरा गाँधी स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना खेलकूद सामाग्री प्राप्त करें।

### पुलिस इंस्पेक्टर की बेटी को दी गयी श्रद्धांजलि

**थानागद्दी।** शाहगंज कोतवाली प्रभारी तथा केराकत कोतवाली थाना के पूर्व प्रभारी आदेश त्यागी की बेटी के अल्प आयु में निधन हो जाने पर मुफ़्तीगंज और केराकत में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस बड़ी विपदा को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। मुफ़्तीगंज में हुई श्रद्धांजलि सभा में संजय शुक्ल, पंकज राय आदि ने दो मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की जब कि केराकत में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दीपनारायण सिंह, रामशरन यादव, पप्पू सरोज, केके वर्मा, पंकज सिंह, नवीन सिंह आदि रहे। विदित हो कि पुलिस इंस्पेक्टर आदेश त्यागी की सोलह साल की बेटी गौरी का पिछले 4 जून को लीवर की बीमारी के चलते दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था।

### आठ पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**मछलीशहर।** बिजली चेकिंग अभियान में निकली टीम ने नगर और ग्रामीण इलाकों के आठ उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। एसडीओ एसके सिंह के नेतृत्व में निकली टीम ने नगर में दो, सरायभोगी में तीन, खराड़ी और मुस्तफाबाद में तीन कुल आठ उपभोक्ताओं को कटिया लगाकर विद्युत का उपयोग करते पाया जिनमे मछलीशहर के गोविंद गुप्ता एवं योगेश कुमार, मुस्तफाबाद के दिनेश त्रिपाठी, खराड़ी के माताफेर पटेल, स्वामीनाथ श्रीवास्तव, विजय प्रताप तिवारी, रामकृपाल मौर्य, मिश्रमऊ के माताफेर यादव के विरुद्ध अवर अभियंता अभिषेक केसरवानी ने तहरीर देकर विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। एसडीओ एसके सिंह ने बताया कि सभी ऐसे उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि जिन्होंने अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं लिया है वे गावों में लगने वाले कैंप में अथवा आनलाइन आवेदन करके कनेक्शन ले लें।

### एक ही रात चोरों ने सोते समय चार मोबाइल किया पार

**खेतासराय।** जमदहां दूलीपुर गांव में चोरों ने गुरुवार की रात्रि चार लोगों की मोबाइल व पांच सौ रुपए पार कर दिया। सुबह बिस्तर से उठने पर जानकारी हुई। भुक्तभोगियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। गर्मी के इस मौसम में ग्रामीण प्रायः घर के बाहर सोते हैं। जमदहां दूलीपुर गांव के अवधेश, रेनू किरन, जयमूरत यादव और इनकी पत्नी पूनम घर के दरवाजे पर बाहर सोए थे। शुक्रवार की सुबह बिस्तर से उठे तो इनकी मोबाइल गायब मिली। अवधेश की मोबाइल कवर में पांच सौ रुपए थे। मोबाइल के साथ वह भी चोरी चला गया। इससे पहले बुधवार की रात लतीफपुर के प्रधान रमेश बिंद की जमदहां स्थित मिठाई की दुकान से इसी तरह चोरों ने मोबाइल व नकदी पर हाथ साफ कर दिया था।

### पत्नी ने कराया पति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पत्नी द्वारा पति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि गुरुवार रात उक्त गांव के शैलेंद्र सिंह और उसकी पत्नी सबेरा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें शैलेंद्र इतना आक्रोशित हो गया कि पत्नी समेत दोनों बच्चों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पत्नी ने पुलिस को पति के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। बहरहाल मामले में पुलिस स्थानीय सीएचसी पर मेडिकल मुआयना कराते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो कमरों का ताला चटकाकर लाखों की चोरी

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुंवरपुर गांव में बीती रात चोर अखिलेश सरोज पुत्र गौरीशंकर सरोज के दोनों कमरों का ताला तोड़कर अन्दर घुस गये और अन्दर सन्दूक का ताला तोड़कर उसमें रखा 35000 रुपये नकद, गहने व कपड़े व चेक लेकर फरार हो गये जबकि अखिलेश सरोज सपरिवार ससुराल निमंत्रण में गये हुए थे। सुबह जब उनके यहां ट्यूशन मास्टर पढ़ाने पहुंचे तो देखा कि दोनों कमरों का ताला टूटा हुआ। उसने तुरन्त इसकी सूचना दिलीप सरोज को दी। सूचना पाकर वह परिवार सहित घर पहुंचे और चोरी की सूचना थाने पर दी। पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गयी। पीड़ित ने बताया कि नकदी सहित कुल लाखों की चोरी हुई है। वहीं थानाध्यक्ष के न पहुंचने पर लोगों में काफी नाराजगी है।

### संदिग्ध परिस्थिति में जिला चिकित्सालय चेतसिंह के लैब टेक्नीशियन की मौत

**ज्ञानपुर।** संदिग्ध परिस्थिति में जिला चिकित्सालय चेतसिंह में संविदा पर कार्यरत लैब टेक्नीशियन कर्मी की हास्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी सुबह से ही तबीयत खराब थी। इसके बाद शाम 6 बजे अचानक बेहोश हो गए। एम्बुलेंस वाहन में उन्हें किराये के कमरे से जिला चिकित्सालय चेतसिंह लाया गया। जहां कुछ देर बाद उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। बताया जाता है ग्राम डैनी थाना लारटाउन जनपद देवरिया निवासी ओमप्रकाश के पुत्र 27 वर्षीय अंकित गौतम 6 माह पूर्व जिला चिकित्सालय में लैब टेक्नीशियन ग्रेड पर बतौर लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात हुए थे। अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# भदोही पुलिस लगातार बिछड़े दंपतियों के बीच करा रही सुलह

**नेक कार्य**

### वर्ष-2023 में अब तक भदोही पुलिस ने प्रभावी काउंसलिंग करते हुए 40 बिछड़े परिवारों के बीच कराया सुलह

**ज्ञानपुर।** भदोही पुलिस लगातार बिछड़े दम्पतियों के बीच सुलह समझौते कराकर पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को नया जीवन दे रही हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर किसी मासूम की जिंदगी में खुशियों से भरा नया सवेरा देने का लगातार सार्थक प्रयास किया जा रहा है। उक्त के क्रम में आवेदिका द्वारा विपक्षी अपने पति के विरुद्ध मारपीट व पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस, मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना, परिवार परामर्श केन्द्र ज्ञानपुर पर तलब करके दोनों पक्षों को काफी जद्दोजहद व अथक प्रयास करके समझाया जा रहा है। दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों व गलतियों को स्वीकार कर रहे हैं तथा नये सिरे से पुनः पति पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हो रहे है। शुक्रवार को महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र से पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति, पत्नी की विदायी करायी गयी।

वर्ष-2023 में अब तक भदोही पुलिस द्वारा प्रभावी काउंसलिंग करते हुए कुल-40 बिछड़े परिवारों को एक साथ रहने के लिए सहमत कराया गया है। महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र पर सुलह कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य, रमेश कुमार व अंजुम आरा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण कर डीएम ने जाना हाल

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देश के क्रम में खंड विकास अधिकारी करंजाकला आरडी यादव के द्वारा विकास खण्ड करंजाकला के ग्राम पंचायत परापट्टी, दुधौरा, पचेवारा तथा कुकुहां में निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत पारापट्टी के रोजगार सेवक, प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि मजदूरों की संख्या मात्र 16 होने पर अविलंब 10 जून से कम से कम 50 मजदूर लगाकर कार्य पूर्ण कराया जाये। ग्राम पंचायत पचेवरा में 30 मजदूर कार्य कर रहे थे, जिस पर जिलाधिकारी ने रोजगार सेवक, प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि 80 मजदूरों को लगाते हुए तालाब की गहराई बढ़ाई जाए। ग्राम पंचायत दुधौरा तथा कुकुहा में क्रमशः 18 व 20 मजदूर कार्य कर रहे थे, रोजगार सेवक, प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि कम से कम 80 मजदूरों के माध्यम से तालाब की गहराई बढ़ाई जाए। मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव नवनीत सिंह, तकनीकी सहायक रमेश सिंह, रोजगार सेवक एवं ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि सभी तालाबों पर झंडारोहण का स्थल बनाने का कार्य तत्काल प्रारंभ करा दिया जाए साथ ही सीआईबी बोर्ड भी स्थापित कर दिया जाए। प्रत्येक तालाबों में इनलेट और आउटलेट का निर्माण भी प्रारंभ करा दिया जाए।

# सीएचसी पर मरीजों को सस्ती दर पर मिलेगा गुणवत्ता युक्त नाश्ता

**उद्घाटन**

### स्वयं सहायता समूह कैंटीन का करेंगे संचालन



सीएचसी पर कैंटीन का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि

**जनसंदेश न्यूज**

**खुटहन।** सीएचसी प्रांगण में शुक्रवार की शाम गुरु प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतः रोजगार ओपी यादव ने कलश पूजन व नारियल फोड़कर कैंटीन का उद्घाटन किया। इसका संचालन स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया जायेगा।

उपायुक्त ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि अस्पताल में कैंटीन के संचालन से जहां मरीजों और उनके तीमारदारों को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण गर्मागर्म आहार मिलेगा। वहीं संचालन करने वाले समूह के कई सदस्यों को रोजगार भी मिल जायेगा। उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में आधे से अधिक रोग गलत खानपान की वजह से होते हैं। उसमें भी यदि कोई पहले से रोगी है तो उसके लिए विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में यह व्यवस्था बहुत बेहतर साबित होगी। उन्होंने कहा कि कैंटीनों की समय समय पर खाद्य विभाग द्वारा आकस्मिक जांच भी की जायेगी। मिलावट या अन्य किसी भी प्रकार की खामियां पाये जाने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर ब्लाक मिशन प्रबंधक ऋषी कृष्ण मिश्रा व अवनीश कुमार, एडीओ पंचायत अखिलेश वर्मा, राजेन्द्र सिंह सोनल आदि मौजूद रहे।

# भदोही में मीडिया कर्मियों के लिए बनेगा तीन मंजिला सूचना संकुल भवन

**बैठक**

### भूतल पर रहेगा जिला सूचना कार्यालय, प्रथम तल पर 250 लोगों की क्षमता का मीडिया सेन्टर



कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम गौरांग राठी

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** भदोही जनपद में मुख्यालय के पास मीडिया कर्मियों के लिए सूचना संकुल भवन का निर्माण शीघ्र ही हो जायेगा। इसके लिए शासन से स्वीकृति मिल गयी हैं। जिलाधिकारी के प्रयास से भूमि भी चिन्हित कर ली गई हैं। शुक्रवार को डीएम ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जानकारी दी।

डीएम गौरांग राठी ने बताया कि निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ द्वारा प्रेषित शासनादेश एवं विभिन्न पत्रों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के निकट सूचना संकुल स्थापित किये जाने की घोषणा की गयी है। जिसके अन्तर्गत एक ही परिसर में तीन मंजिल के भवन में भूतल पर जिला सूचना कार्यालय, प्रथम तल पर ढाई सौ लोगों की क्षमता का मीडिया सेन्टर एवं शौचालय आदि व द्वितीय तल पर प्रेस क्लब, वाचनालय, रेस्ट रूम आदि का निर्माण किया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा सूचना संकुल निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, भदोही को चयन कर सूचना संकुल निर्माण हेतु नक्शा एवं उक्त पर आने वाले व्यय का आगणन उपलब्ध कराने का अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भदोही को निर्देशित किया गया है, जो प्रगति पर है। उम्मीद जताई गई कि जनपद के स्थापना दिवस 30 जून के आसपास सूचना संकुल भवन का शिलान्यास हो जाएगा। सूचना संकुल भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने पर बैठक में मौजूद पत्रकारों ने जिलाधिकारी गौरांग राठी व जिला सूचना अधिकारी डॉ.पंकज कुमार के प्रति आभार प्रगट किया।

### मिर्जामुराद सड़क हादसे मे कोइलरा निवासी युवक की मौत

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिजार्मुराद थाना क्षेत्र मे शुक्रवार को सुबह हुए सड़क हादसे मे एक भाई की मौत व दूसरे के गंभीर रुप से घायल हो जाने की जानकारी पर परिवार मे जहां कोहराम मच गया है वही गांव में मातम छाया है। पेशे से शिक्षक दोनों सगे भाई जगदीश प्रसाद 32 वर्ष व शिव प्रसाद 28 बाइक से टेगरा मोड़ रामनगर जा रहे थे। थाना क्षेत्र के कोईलरा गांव निवासी गया बोध बिंद के पुत्र जगदीश प्रसाद अपने छोटे भाई शिव प्रसाद के साथ शुक्रवार को सुबह बाइक से रामनगर टेंगरा मोड़ जा रहे थे। मिजार्मुराद थाना के रूपापुर मे पीछे से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गयी, जिससे बाइक सहित दोनों सड़क पर गिर गये। ट्रक से कुचल जाने से शिव प्रसाद बिंद की जहां मौके पर ही मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल जगदीश प्रसाद को ट्रामा सेंटर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जहां जगदीश प्रसाद की भी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि मृतक शिवप्रसाद चौरी स्थित आईटीआई कॉलेज में बतौर अध्यापक रहे। वही जगदीश प्रसाद डिग्री कॉलेज बरौत में अध्यापक हैं। वही एक जवान पुत्र के गंभीर रूप से घायल होने व एक की मौत हो जाने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया व गांव में शोक व्याप्त है। घटना की जानकारी पर बड़ी संख्या में गांव के लोग ट्रामा सेंटर पहुच गये हैं।

# विकास खंड कार्यालय कायाकल्प का सीडीओ ने किया लोकार्पण



**जनसंदेश न्यूज**

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय के कायाकल्प का लोकार्पण मुख्य विकास अधिकारी तेजा सांई सीलम और जिला विकास अधिकारी बीरभान सिंह ने किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने लोकार्पण करने के बाद विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद मनरेगा से कराए गये अभिलेख का भी निरीक्षण किया और रचित कपूर मनरेगा लेखाकार को निर्देश दिया कि अभिलेख कच्चे कार्य और पक्के कार्य का दो कालम हर एक गांव का अलग अलग तैयार करें जिससे आसान हो विकास खंड कार्यालय में बड़े हाल में भी फाइबर का डेकोरेशन कराने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। विकास खंड कार्यालय के कायाकल्प से मुख्य विकास अधिकारी संतुष्ट हुए।

### दुकान में घुसकर चोरी व मशीन नष्ट करने की घटना का खुलासा

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत ज्ञानपुर पुलिस को एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई हैं। शातिर चोर के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ हैं। प्रेस नोट के माध्यम से भदोही पुलिस ने बताया कि दो जून की रात्रि में ग्राम डभका स्थित वेल्डिंग मटेरियल की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा पीछे के रास्ते से घुसकर संदूक व लोहे की पाइप आदि चोरी करने व क्लीनिक में घुसकर फिजियोथैरेपी मशीन को नष्ट कर दिया था। सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर सम्बन्धित धाराओं में का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। गिरफ्तारी हेतु एसपी के निर्देश के क्रम में थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा अभियोग का सफल अनावरण करते हुए चोरी की घटना में शामिल चोर सुदामा उर्फ राजेश कुमार उर्फ बिस्कुटवा हरिजन पुत्र करिया हरिजन निवासी मवैया हरदोपट्टी थाना ज्ञानपुर उम्र करीब 19 वर्ष को चकवा महावीर चौराहे के पास से गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त की निशानदेही पर तालाब से चोरी गया लोहे की संदूक मय कागजात बरामद किया गया है। वांछित आरोपी रंजीत पुत्र वंशराज पासी निवासी मवैया हरदोपट्टी को पुलिस तलाश कर रही हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विष्णु कांत मिश्रा, हंसराज पाल शामिल रहें।

# भदोही में चालीस एएनएम कार्यकर्त्रियों को वितरित हुए नियुक्ति पत्र



एएनएम कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र देते जनप्रतिनिधि

**भदोही।** मिशन रोजगार के निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने चालीस नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र सौंपें। नवनियुक्त कार्यकत्रियों ने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार जताया। इस दौरान सांसद डॉ.रमेश चंद्र बिंद ने बताया कि प्रदेश में 7182 नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को शासन द्वारा नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद भदोही में 40 नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को बधाई दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमा चक ने बताया कि जनपद में नवनियुक्त 40 एएनएम कार्यकत्रियों की नियुक्ति हो जाने से जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर ढंग से संचालित होंगी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि सभी एएनएम को पूर्ण मनोयोग व लगन से स्वास्थ्य सेवाएं दें। इस अवसर पर मा.जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, विधायक भदोही जाहिद बेग ने नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

# मौर्य विकास समिति ने संपन्न कराया दहेज रहित बिना खर्च का विवाह

**जनसंदेश न्यूज**



मौर्य विकास समिति की ओर से आयोजित दहेज रहित बिना खर्च के विवाह में शामिल लोग

**भदोही।** मौर्य विकास समिति ने शुक्रवार को कार्यालय पटेल नगर ज्ञानपुर में मौर्य विकास समिति के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार मौर्य की अध्यक्षता में अनिल कुमार साव पुत्र स्व. शोमनाथ साव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम अछ्वर ज्ञानपुर से कोमल गुप्ता पुत्री राजा मुन्ना उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम खखौचा थाना सरायममरेज जनपद-प्रयागराज का विवाह वर-कन्या एवं उनके परिवार के सहमति से बौद्ध धर्म के अनुसार, तथागत भगवान गौतम बुद्ध को साक्षी मान कर वर-कन्या एक दूसरे को जयमाला पहनाया तथा वर द्वारा कन्या को सिन्दूर दान कर एक-दूसरे को अपनाया तथा एक दुसरे के साथ खुशी-खुशी जीवन यापन करने का संकल्प लिया और कार्यक्रम में उपस्थित समस्त परिवार एवं रिश्तेदार का आर्शिवाद लिया।

दहेज मुक्त बिना खर्च की शादी सम्पन्न हुई। जलपान कि व्यवस्था अरुन मौर्य द्वारा किया गया है। इस मौके पर अरुण कुमार, जिलाध्यक्ष मौर्य विकास समिति, राजेश कुशवाहा, जिला संगठन मंत्री, संजय मौर्य एडवोकेट, ब्लाक अध्यक्ष प्रीतम मौर्य, राजा हुनमा, रीता देवी, सतीस कुमार, सुजीत कुमार साव, राम प्रसाद, दिलीप कुमार, संतोष कुमार यादव, संजू देवी, दिनेश कुमार मौल, विजय कुमार विश्वकर्मा, अरविंद कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### नपा बोर्ड की पहली बैठक मंगलवार को

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज की नव निर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक मंगलवार 13 जून को होगी। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने दी। बताया कि अपराह्न चार बजे से पालिका सभागार में आयोजित पहली बैठक में बारिश के पूर्व नाली नाला सफाई व खराब पड़े स्ट्रीट लाइट की गड़बड़ी ठीक कराने व पथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा के साथ आय व्यय का विवरण व लेखा जोखा पेश किया जाएगा।

# इस खूबसूरत डीपी वाली लड़की से बचो बबुआ!

जितेंद्र श्रीवास्तव

कौन हैं वॉट्सएप पर न्यूड कॉल करने वाले लोग? आप भी बन सकते हैं ऐसे लोगों के शिकार? वाट्सएप पर हर दिन कोई ना कोई स्कैम चल रहा होता है। जहां लोगों को फंसाने के लिए स्कैमर्स कई तरह की चाल चलते हैं। वाट्सएप पर न्यूड वीडियो कॉल करने वाले स्कैमर्स लोगों के पैसे ऐंठने के लिए तमाम हथकंडे अपनाते हैं। फर्ज करिए आप अपने परिवार के साथ बैठकर वीकेंड एंजॉय कर रहे हों। तभी आपके फोन की घंटी बजती है, जो टेलीफोन वाली नहीं बल्कि वाट्सएप कॉल वाली होती है। आपको एक अनजान नंबर दिखता है और आप कॉल रिसीव नहीं करते हैं। थोड़ी देर बाद फोन दोबारा बजता है और इस बार भी शायद आप अनजान नंबर की वजह से कॉल इग्नोर कर देते हैं। तीसरी बार जब फोन रिंग होता है, तो आप उस वीडियो कॉल को जरूरी समझकर उठा लेते हैं। जैसे ही आप कॉल रिसीव करते हैं, आपके सामने कुछ ऐसा होता है, जिसकी हमारे समाज में लोग जल्दी चर्चा नहीं करते या फिर शर्म के मारे छुपा ले जाते हैं। स्क्रीन के उस ओर यानी दूसरी तरफ आपको एक न्यूड लड़की नजर आती है। जब तक आप इस कॉल को डिस्कनेक्ट करते हैं, तब तक आपका एक वीडियो बन चुका होता है। यह वीडियो थोड़े देर बाद आपको वाट्सएप नंबर या फिर फेसबुक पर किसी कथित पुलिस अधिकारी के नाम से आता है। पढ़ने में भले ही यह आपको किसी फिल्मी कहानी जैसी स्थिति लग रही हो, लेकिन वाट्सएप और दूसरे प्लेटफॉर्म्स पर आजकल ऐसे स्कैम

## खतरा ही खतरा

**अनजान वीडियो कॉल किया रिसीव तो समझिए बने शिकार**

**वॉट्सएप कॉल कर सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसा रहे जालसाज**

**न्यूड वीडियो कॉल करने वाले स्कैमर्स गिरफ्त में ले ऐंठते हैं पैसे**

**अनजान वीडियो कॉल से खूब बुना जा रहा अश्लीलता का जाल**

चल रहे हैं। स्कैमर्स ऐसे वीडियो भेजकर लोगों को ब्लैकमेल करते हैं और उनसे पैसे



मांगते हैं। कुछ ही लोग ऐसे जालसाजों से बच जाते हैं, जबकि अधिकतर लोग इनके शिकार होते हैं। जब पानी सिर से ऊपर बहने लगता है तो साइबर सेल का सहारा लेते हैं। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होती है और जालसाज अपने मकसद में कामयाब हो चुका होता है।

अगर आपको किसी अनजान नंबर या सोशल मीडिया अकाउंट से वीडियो कॉल मिल रही है तो सावधान हो जाइए, क्योंकि ये आपको धमकी देकर ब्लैकमेलिंग के चक्रव्यूह में फंसाने की कोशिश हो सकती है। पुलिस प्रशासन ने भी ऐसे मामले लगातार रिपोर्ट होने पर साइबर सेल को अलर्ट रहकर कार्रवाई करने के लिए कहा है। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया से जुड़े फेसबुक अकाउंट, मैसेंजर आईडी या अनजान फोन नंबर से वीडियो कॉल प्राप्त होती है। जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं, तो सामने अर्धनग्न या नग्नावस्था में लड़की दिखाई देती है। नाम न छापने की शर्त पर ऐसी घटना का शिकार होने वाले लोगों ने बताया कि वीडियो कॉल पर दिखाई देने वाली लड़की के साथ चेहरे की रिकार्डिंग करके या फोन कॉल उठाने वाले व्यक्ति के चेहरे को किसी और न्यूड वीडियो के साथ मिक्स करके ब्लैकमेल करने के लिए धमकी दी जा रही है। कई लोग लोकलाज के चलते पुलिस के पास अपने साथ हुई घटना की रिपोर्ट भी नहीं करवा रहे। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से वीडियो कॉल उठाने को लेकर सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही इस तरह के लोगों को ब्लॉक करके इनकी रिपोर्ट पुलिस के पास दर्ज करवाने के लिए कहा है।

साइबर विशेषज्ञों की मानें तो सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर नामी-गिरामी लोगों के अकाउंट, आईडी या वाट्सएप नंबर पर गिरोह के लोग फोकस करके वीडियो कॉल कर रहे हैं। क्योंकि नामी-गिरामी लोग जब इस तरह की घटना के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं तो उन्हें गिरोह के लोग ऐसे लोगों को आसानी से ब्लैकमेल करने लगते हैं। साइबर एक्सपर्ट भी इस बात से इत्तफाक रखते हैं कि नामी-गिरामी लोगों को इस इस तरह की गैर कानूनी गतिविधि में फंसाने की प्राथमिकता गिरोह के लोग रखते हैं। काशी में भी डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेशनल ही नहीं मीडिया जगत से जुड़े लोग, सोशल वर्कर्स, प्रौढ़ और युवा लोग भी इनके शिकार हुए हैं और निरंतर हो रहे हैं। बात वहीं आकर ठहरती है कि तमाम लोग लोकलाज के भय से साइबर सेल या अपने मित्र-यार से बताने से कतरा जाते हैं। कुछ लोग हिम्मत करते हैं तो उनको तमाम पापड़ बेलने पड़ते हैं। हाल ही में ऐसे मामले पुलिस के पास और रिपोर्ट हुए हैं, जिनमें वीडियो कॉल के जरिये अश्लील जाल में फंसाकर लोगों को ब्लैकमेलिंग के लिए धमकाया गया।

### खूबसूरत लड़की से बात करना पड़ सकता है भारी

साइबर एक्सपर्ट की मानें तो डिजिटल अपराधी हर दिन तरह-तरह से लोगों को लूटने और ब्लैकमेल करने के तरीके अपना रहे हैं। हालांकि उनके निशाने पर ज्यादातर युवा, प्रौढ़ और रिटायर लोग होते हैं। पुरुषों को लड़कियों और महिलाओं को युवा लड़कों के डिजिटल आमंत्रण भेजकर फंसाया जाता है। सावधानी इसी में हैं कि ऐसे अनजान लोगों को सीधे ब्लॉक करें और उनसे किसी भी तरह की बातचीत न करें। अगर गलती से उनके चंगुल में फंस गए हैं तो अपनों से जरूर शेयर करें। देश भर में ऐसे हजारों मामले आजकल रोज सामने आ रहे हैं और लोग एक-दूसरे को बता तक नही रहे। आपके मोबाइल के जरिए अब अपराधी आपके बेहद करीब है। आपकी कमजोरियों का पता लगाकर बिना अपहरण, डकैती या लूट किये वह आपको लूटते हैं। एक खूबसूरत डीपी वाली लड़की से थोड़ी सी बात करना आपको भारी पड़ सकता है। मीठी बातों, ट्रिक फोटोग्राफी और वीडियो शेयरिंग से कुछ ऐसा मसाला तैयार कर लेते हैं, जिससे आपको ब्लैकमेल किया जा सके।

### क्या है न्यूड कॉल स्कैम?

न्यूड कॉल स्कैम में अपराधी आपको वाट्सएप, फेसबुक या दूसरे सोशल मीडिया के जरिये एक अनजान नंबर से वीडियो कॉल या मैसेज आएगा। आप उसे उठाते हैं तो कोई महिला आपसे बात करना शुरू कर देगी। बात करते-करते आपकी दोस्ती हो जाएगी, जिसके बाद वह आपको वीडियो कॉल करेगी। अगर आप इस वीडियो कॉल में शामिल हुए तो इसी दौरान अपराधी आपकी फोटो या वीडियो कैप्चर कर लेगा और फिर उसे मॉर्फ कर देगा। अपराधी आपकी तस्वीर को न्यूड फोटो या वीडियो में तब्दील कर देगा और उसे वायरल करने की धमकी देगा। इन धमकियों के बीच वह आपसे भारी रकम की मांग करेगा। कई लोग न्यूड फोटो या वीडियो देखकर काफी डर जाते हैं और बदनामी से बचने के लिए वे ऐसे जालसाजों के शिकार हो जाते हैं। साथ ही ब्लैकमेलर को उनकी मांग के मुताबिक पैसे देने को मजबूर हो जाते हैं। अपनी इज्जत को बचाने के लिए लोग ठगों को पैसे दे देते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ऐसे बहुत ही कम लोग हैं, जो पुलिस में केस दर्ज कराते हैं। हाल में ऐसे बहुत मामले सामने आए हैं। आपके साथ भी ऐसा न हो, इसलिए अनजान वीडियो कॉल से सावधान और सुरक्षित रहें।

### साइबर एक्सपर्ट्स की सलाह

1. किसी भी अनजान नंबर से आए वीडियो कॉल को कभी पिक नहीं करें।
2. वॉट्सएप या फेसबुक पर वीडियो सेक्स कॉल के झांसे में कत्तई ना आएं।
3. अगर गलती से कॉल पिक हों जाए या झांसे में आ गए तो घबराएं नहीं।
4. अपने फोन के सभी नंबरों को ब्लॉक कर दें और फेसबुक को भी बंद कर दें।
5. वीडियो वायरल की धमकी दें तो साइबर थाने या आईएफएसओ में शिकायत करें।
6. 1930 पर कॉल या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### फांसने के लिए करते हैं चैट और न्यूड वीडियो कॉल

साइबर एक्सपर्ट की मानें तो वाट्सएप पर अनजान नंबर से हाय का मैसेज आता है। पूछा जाता है, हां जी बताएं? फिर ऐसा सिलसिला शुरू होता है कि आपके रोंगटे खड़े हो जाए। कोई शातिर अपराधी आपको सेक्सटॉर्शन का टारगेट बना रहा होता है। वीडियो कॉल पर चेहरा दिखाने की जिद भी करता है यानी सेक्सटॉर्शन के लिए शिकार का वीडियो बनाने के लिए चेहरा अहम होता है। यदि आप ऐसे अपराधी की बातों में समा गए तो समझिए फंस गए और गए काम से। इसमें धन-दौलत तो जाती ही है, आपकी इज्जत को भी बट्टा लगता है। पोल खुलने पर समाज में आपको हिकारत भरी निगाहों से देखा जाता है। कहा तो यहां तक जाने लगता है कि देखा राजा, बुढ़ौती में चलनन ह इश्क फरमावे।

### कैसे बचें न्यूड कॉल स्कैम से?

आपको अगर न्यूड कॉल स्कैम से बचना है तो सबसे पहले सोशल साइट पर जितने भी अकाउंट है, उन अकाउंट में किसी भी अनजान शख्स को अपना दोस्त न बनाएं। पहले आप फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज गए शख्स के बारे में अच्छे से पड़ताल कर लें। अगर आप उसे नहीं जानते हैं तो आप उसे अपना दोस्त न बनाएं. फिर भी अनजाने में आप उनको अपना दोस्त बना भी लेते हैं तो उसके वीडियो कॉल को रिसीव न करें। गलती से आप उनका वीडियो रिसीव भी कर लेते हैं तो अपना चेहरा कैमरे के सामने न लाए, इससे आप इस न्यूड कॉल स्कैम से बच सकते हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो हर महीने ऐसे 10 से 15 मामले सामने आ रहे हैं। मगर ज्यादातर मामलों में लोग अपनी बदनामी के डर से पुलिस केस नहीं करवाना चाहते हैं।

---

**सरकारी कर्मचारियों की गैरजिम्मेदाराना हरकत से नेशनल खेलने से वंचित हुए खिलाड़ी**

# कागज से हारे वाराणसी के जूडो खिलाड़ी

**वाराणसी।** सहारनपुर में 12 जून को होने वाले जूडो नेशनल ट्रायॅल के लिए वाराणसी से जाने वाले चार प्रतिभावान जूडो खिलाड़ी सरकारी बाबुओं के आगे हार गये, कागजी कार्रवाई में इन बाबुओं ने इतना दौड़ाया कि आखिरकार इन प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने की आस टूट गयी, सीएमओ कार्यालय से लगायत मंडलीय अस्पताल तक सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक दौड़ते ये प्रतिभावान खिलाड़ी बाबुओं के कुर्सी पर ना बैठने के चलते नेशनल खेलने से वंचित रह गये, आखिरकार इन खिलाड़ियों ने परम्परागत कार्य का निर्वहन करते हुए इन बाबुओं की शिकायत पीएमओ से की है।

केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा है कि देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे बढ़ाया जाए ताकि विश्व फलक पर खेल में भारत नई ऊंचाईयों को छू सके, कॉमनवेल्थ हो या फिर ओलम्पिक, नेशनल, स्टेट के लिए भी सरकार की ओर से पूरी मदद की जा रही है ताकि खिलाड़ियों की प्रतिभा को और तराशा जा सके लेकिन सरकारी बाबुओं की ओर से की जा रही गैरजिम्मेदाराना हरकत सरकार की इन योजनाओं पर पलीता लगा रही है।

## किससे करें गुहार

**सीएमओ कार्यालय से लगायत मंडलीय अस्पताल तक लगाते रहे चक्कर, नहीं बन पाया प्रमाण पत्र**

**वाराणसी से चार जूडो खिलाड़ियों को 12 जून तक सहारनपुर में होने वाले ट्रायल में लेना था हिस्सा**





**ये है पूरा मामला:** वाराणसी के चार जूडो खिलाड़ियों का नाम (विशाल यादव, मिथिलेश यादव, खुश्बू पटेल व अंशिका सिंह) सहारनपुर में होने वाले जूडो ट्रॉयल के लिए चचनित किया गया, ट्रॉयल में सफल होने के बाद इन जूडो खिलाड़ियों को नेशनल में खेलने का मौका मिलेगा इसके बाद ओलंम्पिक कॉमन में भी खेलने का मौका मिलने की पूरी उम्मीद थी, इन गेमों में मेडल जीत यह चार खिलाड़ी ना सिर्फ देश का सम्मान दुनिया में ऊंचा करते बल्कि अपने शहर का नाम रौशन करते लेकिन, आज ये सभी चारों खिलाड़ी रेडियोलॉजिस्ट के न होने से मायूस होकर लौट गये। इन बच्चों के साथ वाराणसी के कोच लाल कुमार भी सुबह से दोपहर 2 बजे तक परेशान रहे। इन्हें भी निराशा हाथ लगी।

दरअसल ट्रॉयल में जाने के लिए एक फारमेट के तहत कुछ कागजातों को पूरा करना था जिसमें खिलाड़ियों के हाथ की कलाई का एक्सरे व फेस एक्सरे जिसमें दांत शामिल था कराना था, लेकिन शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की ड्यूटी ना होने के चलते ये चारो खिलाड़ी दो दिन से परेशान दिखे, इनकी बात को सुनने वाला सीएमओ कार्यालय का एक बाबू भी मदद नहीं कर सका, इसके बाद इन खिलाड़ियों ने मंडलीय अस्पताल के एसआईसी से भी गुहार लगायी कि वह उनके प्रार्थना पत्र पर रेडियोलॉजिस्ट ना होने की बात लिख दें लेकिन मंडलीय अस्पताल के एसआईसी भी इन बच्चों की भावनाओं की कद्र नहीं कर सकें।

### निराश हुए बच्चों ने कहा, मेहनत हुई बेकार

सीएमओ कार्यालय से लगायत मंडलीय अस्पताल तक के चक्कर लगाने वाले इन चार प्रतिभावान खिलाड़ियों ने रोते हुए कहा कि खिलाड़ी बनने के लिए परिवार समाज मनोरंज को दूर रखा जाता है ताकि देश के लिए कुछ कर सकें लेकिन आज इन बाबुओं के चलते पूरी मेहनत बेकार हो गयी। अब तो लगता है, देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कद्र नहीं, मेडल का कोई सम्मान नहीं, बताया कि एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए ना रात-ना दिन, ना पानी-ना धूप देखा जाता है अपने लक्ष्य को साधने के लिए मेहनत पर फोकस किया जाता है, लेकिन सरकारी बाबुओं के चलते आज प्रतिभा पूरी तरह से असफल हो गयी।

# विद्यार्थी सीखेंगे बनारस घराने का मधुर संगीत

**वाराणसी।** बनारस घराने की संगीत विधा को अब वाराणसी के माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी सिखाया जायेगा। इसके लिए सिडबी एवं स्पिक मैके द्वारा बनारस घराने के विभिन्न शैली में पारंगत सुविख्यात कलाकारों से विभिन्न विद्यालयों में शास्त्रीय संगीत की कार्यशालाएं आयोजित किये जायेंगे। जिसमें पांच दिन तक विद्यार्थियों को तबला, कत्थक नृत्य एवं शहनाई सीखने की तालीम दी जायेगी। जो 15 जून से 15 अगस्त के बीच आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी तबले की पहली कार्यशाला राजकीय क्वींस कॉलेज में 15 से 19 जून तक समर कैंप के रूप में आयोजित किया जायेगा। जिसमें क्वींस कॉलेज पुरातन छात्र एसोसिएशन का विशेष सहयोग रहेगा। यह जानकारी स्पिक मैके उत्तरप्रदेश के चेयरपर्सन उमेशचंद्र सेठ एवं प्रदेश समन्वयक डॉ मधु शुक्ला ने शुक्रवार को प्रदेश कोर कमेटी की एक बैठक के दौरान दी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यह कार्यशाला ज्यादातर राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किये जायेंगे। जिससे सरकारी स्कूल के बच्चों को भारतीय संस्कृति को जानने का मौका मिल सके तथा उन्हें भी बनारस घराने की संगीत विधा का ज्ञान होने के साथ साथ उन्हें उनके रूचि के अनुसार संगीत सीखने का अवसर प्रदान किया जा सके। बैठक में वीना सेठ, स्पिक मैके की प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ शुभा सक्सेना, डॉ विभा सिंह, समरेंद्र सिंह, पवन सिंह एवं श्रेयश आदि मौजूद थे।

## संगीत

**15 से 19 जून तक संगीत कार्यशाला में करेंगे पारंगत**

**सरकारी विद्यालयों में की जायेगी कार्यशाला**

---

# पांच अश्वों से बाबा अडगडनाथ का शृंगार

## आयोजन

**अश्व धावकों ने की शानदार घुड़सवारी**

**चौबेपुर।** ग्राम सभा बहरामपुर में शुक्रवार को प्राचीन हनुमान मंदिर बाबा अडगडनाथ का वार्षिक श्रृंगार श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सुदूर गांव एवं क्षेत्रीय लोगों ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। 8 जून से अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ जिसकी पूर्णाहुति 9 जून को हुई। सायंकाल बाबा अडगड नाथ का अश्व पताका झांकी संपन्न हुई। जिसमें पांच घोड़ों द्वारा बाबा का पताका शृंगार किया गया। बाबा अडगडनाथ के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। संचालन डॉक्टर जय शंकर जय ने किया। अश्व धावकों ने अपनी शानदार घुड़सवारी से लोगों का मन जीत लिया। रात्रि में



सांस्कृतिक कार्यक्रम में शारदा, रामदेव, विजय लाल यादव, रामजन्म टोपी वाले के बीच शानदार बिरहा का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पारस पहलवान धन्यवाद ज्ञापन संजय पांडेय नो दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामकिशुन, जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव, अजय टिन्कू रामबाबू सोनकर डॉ उमाशंकर, सत्येंद्र उपाध्याय हरेंद्र सिंह मोइन रमेश यादव पलक धारी यादव साधु महाराज उड़ी बाबा जमाल आलम रामनारायण प्रधान सत्येंद्र यादव रमाकांत पांडेय अभय नाथ पांडेय समेत काफी लोग मौजूद थे।

### ठेकेदारों ने 16 वें दिन समाप्त किया धरना

**सारनाथ।** दीनापुर में स्थित जल निगम संचालित गंगा ट्रीटमेंट प्लांट्स दीनापुर में ठेकेदारों द्वारा अपनी लंबित भुगतान की मांग को लेकर चल रहा धरना शुक्रवार को 16 वें दिन अधिशाषी अभियंता के आश्वासन पर समाप्त कर दिया। ठेकेदार पीसी गुप्ता (युवराज) ने बताया कि अधिशासी अभियंता के असवासन पर दो से चार दिन में सब का भुगतान किए जाने की बात कही गई है। ठेकेदार जी-20 को ध्यान में रखकर अपने कर्मचारियों को प्लांटो पर भेजकर संचालन सुचारू रूप से शुरू कर दें, क्योंकि हमारे आप के एक छोटी भूल से बनारस की जो छवि देश दुनिया मे बनी है, वो धूमिल हो सकती है। ठेकेदारों ने उनके इस असवासन पर अपना धरना समाप्त कर दिया, अधिशाषी अभियंता से वार्ता में प्रमुख रूप से ठेकेदार सुरेश कुमार, विजय प्रकाश दुबे, आरपी सिंह, प्रभाकर मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, गुंजन सिंह, जफर जमील, आदि लोग उपस्थित थे।

# बाबा धाम जैसा चमकेगा मणिकर्णिका तीर्थ कॉरिडोर

## तैयारी

**17 करोड़ रुपये की मणिकर्णिका तीर्थ परियोजना को एनएमसीजी से मिली मंजूरी**

**घाट को तीन भागों में विकसित करने की तैयारी**

**वाराणसी।** मोक्षनगरी काशी में सुरसरि तट पर दमक रहे काशी विश्वनाथ धाम की तरह ही अब मणिकर्णिका तीर्थ भी चमकेगा। मणिकर्णिका घाट पर विष्णु पादुका, चक्रपुष्करणी तीर्थ और पूरे परिसर के मंदिरों की श्रृंखला को संरक्षित किया जाएगा। 17 करोड़ रुपये की मणिकर्णिका तीर्थ परियोजना को नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) की मंजूरी मिल गई है। इसमें जलासेन घाट से सिंधिया घाट के पूरे परिसर को कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना



का काम जून के अंतिम सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। काशी विश्वनाथ धाम की बाईं ओर स्थित मणिकर्णिका तीर्थ परिसर को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। इसमें सड़क से प्रवेश करने वाले मुख्य द्वार को भव्य बनाया जाएगा। घाट से लेकर मंदिर श्रृंखला तक की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा। यहां घाट पर आने वाले श्रद्धालु, पर्यटक और अन्य लोगों के पंजीकरण की व्यवस्था होगी। घाट परिसर स्थित विष्णु पादुका, चक्रपुष्करणी तीर्थ, दत्तात्रेय पादुका, तारकेश्वर और रत्नेश्वर महादेव मंदिर को श्रृंखलाबद्ध कर कॉरिडोर में समाहित किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे परिसर को हाई रिजॉल्यूशन के सीसी कैमरों से लैस किया जाएगा। मणिकर्णिका तीर्थ का महात्म्य हिंदू धर्मावलंबियों में बेहद पवित्र है। महाशिवरात्रि और अधिमास में होने वाली पंचक्रोशी परिक्रमा का संकल्प चक्रपुष्करणी तीर्थ पर लिया जाता है। महाशिवरात्रि पर करीब दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु इस घाट पर स्नान के बाद अपनी यात्रा शुरू करते हैं। घाट पर शवदाह की व्यवस्था है और पूरे पूर्वांचल के लोग अंतिम संस्कार के लिए यहां आते हैं। यहां 24 घंटे चिता जलती है। रोजाना पांच हजार से ज्यादा लोग इस काम के लिए यहां आते हैं। कमिश्नर कौशलराज शर्मा के मुताबिक मणिकर्णिका घाट के सुंदरीकरण की परियोजना पर जल्द काम शुरू किया जाएगा। इस पूरे घाट का कायाकल्प सीएमआर के तहत किया जाएगा।

---

# बीजेपी को संघ की सीख का क्या निहितार्थ?

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी हार के बाद अब भी सदमे में है। हालांकि उसकी अंदरुनी रिपोर्ट ने पराजय की चेतावनी दे दी थी। लेकिन पीएम मोदी और उनके इनर सर्किल को होप अगेंस्ट होप था कि आखिरी में बाजी पलट जाएगी। अब आरएसएस ने अपने मुखपत्र आर्गनाइजर में एक लेख लिखकर बीजेपी को साफ कर दिया है कि केवल हिन्दुत्व की राजनीति आगामी चुनावों में काम नहीं आएगी और न ही पीएम मोदी के चेहरे पर नैया पार लगने की गारंटी होगी। ऑर्गनाइजर ने अपने संपादकीय में लिखा है कि भाजपा को अगर आगे भी चुनाव जीतना है तो सिर्फ मोदी मैजिक और हिंदुत्व का चेहरा काफी नहीं होगा। संपादकीय में कर्नाटक की हार की वजहें साफ कर दी गई हैं। अगले साल देश में लोकसभा का चुनाव होना है। इसके पहले पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इनमें मध्य प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिजोरम शामिल हैं। एमपी में भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सत्ता है। तेलंगाना में बीआरएस और मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। यानी चार राज्यों में एंटी इनकंबेंसी को भुनाना है। सत्ता विरोधी रुझान के लिए भी ठोस तर्क और प्रोग्राम जरूरी है। आरएसएस की नसीहत से सियासी गलियारा खलबली का शिकार है और सवाल पूछे जाने लगे हैं कि आखिर संघ ने नसीहत देने का काम क्यों किया। क्या नौबत यहां तक आ गई है?

## संभलने का वक्त

**संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर ने क्या करने को कहा पार्टी से**

**स्थानीय नेतृत्व को उभारे बिना पार्टी की लंबी जिंदगी संभव नहीं**



देखिए, संघ ने अपने मुखपत्र में भाजपा को लेकर क्या-क्या लिखा है?

आरएसएस ने अपने मुखपत्र आर्गनाइजर में एक संपादकीय प्रकाशित किया। इसमें कर्नाटक चुनाव में भाजपा को मिली हार का विश्लेषण किया गया। ये संपादकीय ऑर्गनाइजर के संपादक प्रफुल्ल केतकर ने लिखी है। इसमें कर्नाटक चुनाव का जिक्र किया गया है। कहा गया कि कर्नाटक में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र में सत्ता संभालने के बाद पहली बार भाजपा को विधानसभा चुनाव में भ्रष्टाचार के आरोपों का बचाव करना पड़ा है। 14 मंत्री चुनाव हार गए। ये चिंता का विषय है। वैसे यह सच है, लेकिन बीजेपी ने भ्रष्टाचार को मानने से शुरू से ही इनकार कर दिया था। हालांकि उसके प्रदेश के नेतृवर्ग में अधिकतर पर करप्शन के आरोप थे। संपादकीय में आगे लिखा गया है कि 'जब राष्ट्रीय स्तर के नेतृत्व की भूमिका न्यूनतम होती है और चुनाव अभियान स्थानीय स्तर पर रखा जाता है तो कांग्रेस को फायदा होता है। परिवार द्वारा संचालित पार्टी ने राज्य स्तर पर एक एकीकृत चेहरा पेश करने की कोशिश की और 2018 के चुनावों की तुलना में पांच प्रतिशत अतिरिक्त वोट हासिल किए।'

संपादकीय में लिखा गया है कि केवल पीएम मोदी के चेहरे और हिंदुत्व के बल पर भाजपा चुनाव नहीं जीत सकती है। भाजपा को स्थानीय स्तर पर नए नेताओं को आगे लाना होगा। केंद्र से तालमेल बिठाकर काम करना होगा, तभी विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत मिल सकती है। संपादकीय में पीएम मोदी की सत्ता के नौ वर्षों की उपलब्धियों की प्रशंसा की है। इसमें लिखा है, '2014 में, भारत में अधिकांश लोगों ने लोकतंत्र में विश्वास खो दिया था। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार ने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ उन आकांक्षाओं के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कई मोर्चों पर काम किया है।' ऑर्गनाइजर में लिखा गया है, 'बीजेपी नेतृत्व ने चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों को लाने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दे को नहीं छोड़ा। कांग्रेस की जीत का सबसे बड़ा कारण यह ही है।' आगे कहा गया है 'कर्नाटक चुनाव में जातीय मुद्दों के जरिए वोट को जुटाने का प्रयास हुआ, लेकिन ये राज्य टेक्नोलॉजी का हब है। ऐसे में ये चिंता का विषय है।'

### कांग्रेस ने क्या कहा?

संघ के इस संपादकीय पर कांग्रेस का भी बयान आया है। भाजपा को लेकर संघ द्वारा दी गई नसीहत पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस ने स्वीकार किया कि कर्नाटक के लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी को नकार दिया है। वो लोग जो पीएम मोदी का महिमांडन करते हैं, उन्हें इससे सबक लेना चाहिए।

### संघ की इस नसीहत के क्या हैं सियासी मायने?

एक जानकार का कहना था कि संघ ने उदाहरण भले ही कर्नाटक चुनाव का दिया हो, लेकिन इशारा हाल के दिनों में हुए सभी राज्यों के चुनाव पर है। संघ इसके जरिए 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को आगाह करने की कोशिश कर रहा है। ताकि, जो चूक कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भाजपा से हुई है वो आगे न हो। संघ ने अपने इस संपादकीय से भाजपा को साफ संदेश दिए हैं। उसका संदेश है कि हर चुनाव में मोदी अपना चेहरा लेकर उतरते हैं जबकि स्थानीय नेतृत्व का अता-पता नहीं होता। स्थानीय नेतृत्व नहीं रहेगा तो भविष्य में जब मोदी नहीं होंगे तो क्या करेगी पार्टी। इधर साफ दिख रहा है कि हर चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ा जा रहा है बाकि कोई दिख ही नहीं रहा है। बीजेपी की दूसरी पीढ़ी क्या करे? उसे पनपने ही नहीं दिया जा रहा और जो हैं वो जनता के बीच जुड़े ही नहीं। नसीहत साफ है कि स्थानीय स्तर पर नए चेहरों को मजबूत करना चाहिए और उन्हें जिम्मेदारियां दी जानी चाहिए। नए चेहरों के आने से पार्टी में लीडरशिप की नई जनरेशन तैयार होगी, जिससे आने वाले दिनों में पार्टी को फायदा होगा। चुनावों में राष्ट्रीय की जगह क्षेत्रीय मुद्दों को अहमियत दी जाए। ये दूसरा बड़ा संदेश है। आमतौर पर भाजपा हर चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों को आगे करती है। कई जगह इसका फायदा मिलता है, लेकिन कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा है। भ्रष्टाचार पर सावधान होए पार्टी। 2014 में पीएम मोदी ने पूरा चुनाव ही भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लड़ा था। तब पार्टी को बड़ी जीत मिली थी। आज भी ये मुद्दा भाजपा के कोर एजेंडे में रहता है। वहीं, दूसरी ओर कर्नाटक में सत्ता में रहते हुए भाजपा सरकार पर कई तरह के भ्रष्टाचार के आरोप लगे। कांग्रेस अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की कोशिश करेगी। ऐसे में भाजपा शासित सभी राज्यों में विशेष तौर पर इसका ख्याल रखना होगा। भ्रष्टाचार का दाग जिन नेताओं पर लगा है, उनसे दूरी बनानी होगी।